

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 157 | epaper.rashtriyakhabar.com | आषाढ़, कृष्णपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

कोऽर्थान् प्राप्य न गर्वितो विषयिणः कस्यापदोऽस्तं गताः
स्त्रीभिः कस्य न खण्डितं भुवि मनः को नाम राज्ञां प्रियः।
कः कालस्य न गोचरत्वमगमत्कोऽर्थी गतो गौरवं
को वा दुर्जनवागुरासु पतितः क्षेमेण यातः पथि॥

**भावार्थ** : इस संसार में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं, जिसे धन और ऐश्वर्य की प्राप्ति होने पर अभिमान न हुआ हो? कोई भी विषय भोगों में लिप्त व्यक्ति ऐसा नहीं हुआ, जिसे कष्ट न भोगने पड़े हों। संसार में ऐसा कौन सा व्यक्ति है, जो सुंदर स्त्रियों के वश में न हुआ हो? मांगनेवाले व्यक्ति को कब सम्मान मिला है और कौन व्यक्ति ऐसा है, जो दुष्ट लोगों के चक्कर में फंसकर कुशलतापूर्वक संसार में रह सकता हो।

## रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 40.00 °c | 26.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.34 बजे
सूर्योदय (कल) » 05.01 बजे

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मोदी, शाह ने दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आदिवासी समाज के महान नेता एवं स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शुक्रवार को ट्विटर पर एक संदेश में कहा, भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर उन्हें कोटि-कोटि नमन। उन्होंने विदेशी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्पण और सेवाभाव को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा। आदिवासी समाज के जल, जंगल और जमीन के अधिकारों के लिए बिरसा मुंडा के अद्भुत संघर्ष का समरण करते हुए श्री शाह अपने संदेश में लिखा, विदेशी हुकूमत के खिलाफ स्वतंत्रता का बिगुल फूंकने वाले धरती आबा बिरसा मुंडा जी ने जनजातीय अस्मिता व संस्कृति की रक्षा के लिए एक मजबूत आंदोलन की नींव रखी।

## शरद पवार को धमकी, जांच की मांग

मुंबई: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को शुक्रवार को यहां फेसबुक पर जान से मारने की धमकी मिली जिसमें कहा गया है कि वह शीघ्र ही दाभोलकर बना दिये जायेंगे। गौरतलब है कि समाजसेवी नरेन्द्र दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मार कर हत्या कर दी थी। श्री पवार को जान से मारने की धमकी का खुलासा एक ट्विटर हैंडल और फेसबुक पर एक पोस्ट के जरिए हुआ है। फेसबुक पर इनमें से एक पोस्ट में श्री पवार को धमकी दी गई है कि आप जल्द ही दाभोलकर बन जाएंगे। सौरभ पिंपलकर के ट्विटर हैंडल पर श्री पवार के बारे में आपत्तिजनक भाषा वाला एक टेक्स्ट भी है। राकांपा ने दोनों धमकियों को गंभीरता से लिया है।

## चीन को क्लीन चिट की भारी कीमत चुका रहा है देश : खड़गे

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चीन को क्लीन चिट दिये जाने के कारण देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। श्री खड़गे ने अपने ट्वीट में कहा , एलएसी (अब उत्तराखंड में ) पर चीनी सैन्य निर्माण के दुस्साहस से हमारी क्षेत्रीय अखंडता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा,देश मोदी जी द्वारा चीन को दी गई क्लीन चिट की भारी कीमत चुका रहा है। चीन का सामना रणनीतिक रूप से एक साथ होना चाहिए, न कि खोखला दावा करके। इससे पहले कांग्रेस पार्टी ने एक बयान में कहा कि वर्ष 2020 में चीन को श्री मोदी की ओर से क्लीन चिट देना बहुत खतरनाक साबित हुआ और 1,500 वर्ग किलोमीटर भारतीय क्षेत्र पर चीन के नियंत्रण पर चुप्पी राष्ट्रीय सुरक्षा के मोर्चे पर उनकी पूरी विफलता दर्शाती है। गौरतलब है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हाल में कहा था , चीन ने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। यह एक स्वीकृत तथ्य है। उन्होंने 1,500 वर्ग किमी भूमि पर कब्जा कर लिया है और यह बिल्कुल अस्वीकार्य है।

## मणिपुर में भाजपा विधायक के गेट पर बम विस्फोट

**इंफाल:** मणिपुर में नौरिया पाखानग्लक्पा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक एस केबई के मुख्य द्वार पर गुरुवार की रात बम विस्फोट किये जाने घटना सामने आयी हैं। मौके पर पहुंची पुलिस इंफाल पश्चिम के निंगथेमचा करोंग में स्थित विधायक के आवास पर हुई घटना की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के कारण गेट क्षतिग्रस्त हो गया हालाकि कोई हताहत नहीं हुआ है। सीसीटीवी फुटेज की जांच में बाइक सवार दो संदिग्ध द्वारा बम फेंके जाने की आशंका व्यक्त की गई है।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**मणिपुर हिंसा** › कांगपोकपी के कुकी गांवों पर उपद्रवियों ने फिर से हमला किया

# सीबीआई ने छह एफ आई आर दर्ज की, एसआईटी का गठन

- पांच की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल
- विस्थापितों के लिए 101 करोड़ का पैकेज
- दस नगा विधायकों ने अमित शाह से की मुलाकात



**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी:** हिंसाग्रस्त मणिपुर में आज फिर से हिंसा हुई। इस कड़ी में कथित तौर पर खाकी छद्मवेश पहने हुए सैन्य वाहन चलाते हुए बदमाश खोकेन कुकी-जो गांव आए, जो कांगपोकपी जिले और इंफाल पश्चिम जिले के बीच की सीमा में स्थित है। अचानक बदमाशों ने गांव के लोगों पर ऑटोमेटिक रायफल से हमला करना शुरू कर दिया, जिसमें 5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से एक महिला थी और दो अन्य घायल हो गए। यहां यह उल्लेख करना है कि यह घटना खोकेन के बीच हुई थी, जिसे कुकी समुदाय का पहला गांव माना जाता है, जो मेइती लोगों के अंतिम गांव संगाईफेन के बाद आता है। सूत्र बताते हैं कि लगभग 0400 बजे, ग्रामीणों ने यह मानते हुए कि सुरक्षाकर्मी तलाशी अभियान चलाने के लिए वहां थे, सहयोग किया और सुरक्षा बलों को अपना कर्तव्य निभाने देने के लिए चले गए। इसी दौरान पास में ड्यूटी कर रही गोरखा रायफल्स गांव पहुंची और बदमाशों से मुठभेड़ शुरू कर दी। गांव के स्थानीय लोगों का दावा है कि उनके समय पर पहुंचने से खूनखराबा नहीं हो सकता था क्योंकि गांव में महिलाएं और बच्चे भी थे। नौवें सेक्टर के एक सीओ भी अपने एस्कॉर्ट्स के साथ मौके पर पहुंचे।इसी बीच पास में ड्यूटी कर रही गोरखा राइफल्स गांव पहुंची और बदमाशों के साथ मुठभेड़ शुरू कर दी। गांव के स्थानीय लोगों का दावा है कि उनके समय पर आने से खूनखराबे से बचा जा सकता था क्योंकि गांव में महिलाएं और बच्चे भी थे। 9वें सेक्टर के एक सीओ भी अपने एस्कॉर्ट्स के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना के मुताबिक इस हमले में मरने वालों और घायलों की संख्या में वृद्धि होने की उम्मीद है क्योंकि गांव को सुरक्षित कर लिया गया है और कुछ लापता ग्रामीणों की तलाश जारी है। घायलों की पहचान पा थोंगनेह और पा

» पेज 2 भी देखें

### गृह मंत्रालय ने 101. 75 करोड़ रुपये के राहत पैकेज को मंजूरी दी है

मणिपुर में विस्थापित लोगों को राहत प्रदान करने के लिए गृह मंत्रालय ने 101।75 करोड़ रुपये के राहत पैकेज को मंजूरी दी है। अपनी हालिया मणिपुर यात्रा के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्य सरकार को विस्थापित लोगों के लिए राहत पैकेज के लिए गृह मंत्रालय को अनुरोध भेजने का निर्देश दिया था। मणिपुर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों ने हिल्स और वैली सेक्टर में लगातार दूसरे दिन संयुक्त तलाशी अभियान चलाया है। लोगों के अनुकूल दृष्टिकोण अपनाते हुए, अभियानों में अवैध हथियारों का स्वैच्छिक आत्मसमर्पण और गैर-एएफएसपीए क्षेत्रों में तलाशी अभियानों के दौरान मजिस्ट्रेट की उपस्थिति शामिल थी।8 जून को अभियानों के दौरान, एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई क्योंकि सुरक्षा बलों ने गोला-बारूद और युद्ध जैसे भंडार के साथ विभिन्न प्रकार के 35 हथियार बरामद किए। यह सफल ऑपरेशन क्षेत्र में संभावित खतरों को रोकने में योगदान देता है।हालांकि, मणिपुर में ताजा हिंसा के बाद दस नगा विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और किसी भी अलग कुकी-मेइतेई प्रशासन की स्थिति में उचित परामर्श की मांग की। इन विधायकों ने कहा, हमने अमित शाह से कहा है कि अलग प्रशासन की किसी भी व्यवस्था की स्थिति में, नगा क्षेत्रों को नहीं छुआ जाना चाहिए क्योंकि यह कई वर्षों से विवाद में है। जैसा कि हम सभी जानते हैं, अतीत में बहुत सारे मुद्दे और समस्याएं रही हैं जब मणिपुर में अलग प्रशासन बनाया गया था। इसके अलावा, विधायकों ने अमित शाह को अवगत कराया कि अलग प्रशासन की ऐसी व्यवस्था के मामले में और तनाव बढ़ने से बचने के लिए, कोई भी व्यवस्था करने से पहले और चल रही शांति प्रक्रिया के अनुसार नगाओं से परामर्श किया जाना चाहिए।

अनेक किस्म की चर्चा के बीच रिजर्व बैंक का बयान आया

## ना तो पांच सौ जाएगा और ना एक हजार आयेगा



**जनता से अनुरोध है कि अफवाह पर ध्यान न दें:आरबीआई गर्वनर**

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्ली:** भारतीय रिजर्व बैंक की बाजार से 500 रुपये के नोट वापस लेने की कोई योजना नहीं है। इतना ही नहीं, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने भी 1000 रुपये के नए नोट पेश किए जाने की अटकलों को खारिज कर दिया। यह स्पष्टीकरण तब आया है जबकि इस बारे में सोशल मीडिया पर तरह तरह की सूचनाएं प्रसारित हो रही थी।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरबीआई गवर्नर ने कहा, 500 रुपये के नोट वापस नहीं लिए जा रहे हैं। यहां तक कि 1000 रुपए के नोट भी वापस नहीं लाए जा रहे हैं। जनता से अनुरोध है कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। हाल ही में आरबीआई ने बाजार से 2000 रुपए के नोट वापस लेने का एलान किया है। आरबीआई ने घोषणा की है कि बैंक 30 सितंबर तक 2,000 रुपए के नोट बदल सकेंगे। 2000 रुपये के नोट को लेकर इस घोषणा के बाद कयासों का दौर शुरू हो गया जिसके बाद रिजर्व बैंक 500 रुपये के नोट भी बाजार से वापस ले लेगा। दो हजार के नोट बाजार से वापस लेने के पहले ही यह बात सामने आ चुकी थी कि इस श्रेणी के अधिकांश नोट नियमित प्रचलन से बाहर हो चुके हैं।

इसका अर्थ यह भी था कि इन दो हजार के नोटों को एकत्रित किया गया है। वैसे जब यह नोट प्रचलन में लाये जा रहे थे तब भी कई किस्म की चचाएं बाजार में आयी थी। इनकी वजह से दो प्रमुख समाचार एंकरों की आज तक फजीहत हो रही है, जिन्होंने इस दो हजार के नोट में माइक्रोचिप होने की बात का प्रसारण किया था। लोग अब भी मौका पाते ही चिप के सवाल पर उन्हें घेर लेते हैं। दूसरी तरफ यहां तक कि कयास भी लगने लगे हैं कि 1000 रुपए के नोट फिर से बाजार में लाए जाएंगे। 2000 रुपये के नोटों के विमुद्रीकरण की घोषणा के बीच, इन दो मुद्दों के बारे में लोगों के बीच

» पेज 2 भी देखें

छात्रों और लोगों को हो रही थी अजीब किस्म की परेशानी

## अस्थायी मुर्दाघर बनाये गये स्कूल को तोड़ा गया



**राष्ट्रीय खबर**

**भुवनेश्वर:** एक सरकारी स्कूल जिसे एक अस्थायी मुर्दाघर में बदल दिया गया था जहां ओडिशा ट्रेन दुर्घटना पीड़ितों के शव रखे गए थे, आज ध्वस्त कर दिया गया। बालासोर में सरकार द्वारा संचालित बहनागा हाई स्कूल के छात्र इमारत में अपनी कक्षाओं में लौटने के लिए अनिच्छुक थे, जिसे ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना के बाद अस्थायी मुर्दाघर के रूप में इस्तेमाल किया गया था जिसमें 288 लोग मारे गए थे। स्कूल प्रबंधन समिति ने राज्य सरकार से पुराने स्कूल भवन को गिराने की गुहार लगाई थी, क्योंकि कई छात्र और अभिभावक इसके परिसर में लौटने से हिचक रहे थे। दूसरी तरफ दुर्घटना में चीख पुकार सुनकर सबसे पहले पहुंचे गांव के लोगों को अब भी अजीब किस्म की आवाजें सुनायी पड़ने की चर्चा है। स्कूल प्रबंधन समिति ने कहा था कि इमारत अब सुरक्षित नहीं थी और इस घटना से छात्रों और अभिभावकों को आघात लगा था। 2 जून की ट्रेन दुर्घटना के तुरंत बाद, 65 साल पुराने स्कूल भवन में कफन में लिपटे शवों को लाया गया था। बहानागा हाई स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रमिला स्वैन ने कहा, छोटे छात्र डरे हुए हैं। सुश्री स्वैन ने कहा कि स्कूल ने आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने और उनके डर को दूर करने में

» पेज 2 भी देखें

## हरियाणा में स्थिति को संभालने में जुटे विप्लव देव

**राष्ट्रीय खबर**



**नई दिल्ली:** जेजीपी के खिलाफ कड़ा बयान देने वाले त्रिपुरा के मुख्यमंत्री विप्लव देव अब स्थिति को सुधारने में जुटे हैं। इससे पहले उन्होंने हरियाणा के प्रभारी के तौर पर यह बयान दिया था कि जेजेपी ने अगर समर्थन दिया है तो भाजपा पर कोई एहसान नहीं किया है। इसके तुरंत बाद भाजपा और सहयोगी जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के बीच मतभेद उजागर होने लगे थे। इसके बीच ही हरियाणा के चार निर्दलीय विधायकों ने यहां राज्य के भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देब से मुलाकात की।

देब ने एक बयान में कहा कि गुरुवार को हुई बैठक में हरियाणा के विधायक धर्मपाल गोंदर, राकेश दौलताबाद, रणधीर सिंह और सोमवीर सांगवान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास जताया। भाजपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी डबल इंजन सरकार के तहत राज्य की प्रगति के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद हरियाणा में सरकार बनाने के लिए 2019 में भाजपा ने जेजेपी से हाथ मिलाया। जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। हालाँकि, दोनों दलों के नेताओं ने हाल ही में देब के साथ यह कहते हुए एक-दूसरे पर कटाक्ष किया कि जेजेपी ने भाजपा को समर्थन देकर कोई एहसान नहीं किया क्योंकि क्षेत्रीय दल भी सरकार में शामिल हो गए।

अफगानिस्तान में फिर लगातार आतंकवादी हमले

## कार बम विस्फोट में डिप्टी गवर्नर की मौत

- पहले हमले में गाड़ी चालक भी मारा गया
- जनाजे की नमाज पर फिर हुआ हमला
- आईएसआईएस ने बाद में जिम्मेदारी ली



**राष्ट्रीय खबर**

**काबुल:** अफगानिस्तान के उत्तरी बदख्शां प्रांत के डिप्टी गवर्नर की कार बम हमले में मौत हो गई। उनके जनाजे के लिए मसजिद में दोबारा हमला हुआ जिससे अनेक लोग मारे गये हैं। मिली जानकारी के मुताबिक स्थानीय समयानुसार मंगलवार को लगभग 8:30 बजे प्रांतीय राजधानी फैजाबाद में अदालत भवन के पास मौलवी निसार अहमद अहमदी की कार को निशाना बनाकर एक विस्फोट किया गया।

प्रांतीय सूचना मंत्री महजुद्दीन अहमदी ने एक बयान में कहा, इस घटना में निसार अहमद अहमदी की कार के चालक सहित मौत हो गई और छह नागरिक घायल हो गए। किसी समूह ने बमबारी की जिम्मेदारी नहीं ली। कथित तौर पर यह अफगानिस्तान में हफ्तों में सबसे बड़ा बमबारी है। अफगानिस्तान का तालिबान प्रशासन इस्लामिक स्टेट (आईएस) आतंकवादी समूह के सदस्यों के खिलाफ अभियान चला रहा है।

आतंकवादी समूह ने राजधानी काबुल सहित देश के विभिन्न शहरों में कई बड़े हमलों की जिम्मेदारी ली है। इसके बाद अफगानिस्तान की एक मस्जिद में धमाका हुआ है। इसमें 16 लोगों की मौत हो गई और

» पेज 2 भी देखें

**अनुसंधान** › सौर तूफानों से अनजाने रहस्य अब अभियान से उजागर हो रहे

# नासा के पार्कर सोलर प्रोब ने दी है इसकी जानकारी

- सूर्य के काफी करीब से गुजरा है यह यान
- आंकड़ों के विश्लेषण से छह दशक का राज खुला
- सौर तूफानों से सैटेलाइट और बिजली पर असर होता है

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** सूर्य में निरंतर विस्फोट हो रहे हैं, यह सर्वविदित वैज्ञानिक तथ्य है। इन्हीं विस्फोटों की वजह से धरती तक उसके किरण और उष्मा पहुंच रही है, जो यहां के जीवन को गति प्रदान करती है। इसके बाद भी आधुनिक विज्ञान वहां से सौर विस्फोटों से बनने वाले सौर तूफानों के बारे में पहले ज्यादा नहीं जानता था। सिर्फ यह जानकारी पहले ही हो गयी थी कि अधिक बड़े सौर विस्फोट की स्थिति में जो सौर तूफान बनते हैं, वे धरती के ध्रुवों पर ओरोरा पैदा करते हैं, जिन्हें देखने हजारों पर्यटक इन इलाकों में जाते रहते हैं। अब सूर्य के अनुसंधान के लिए भेजा गया पार्कर सोलर प्रोब ने इस सूर्य के विस्फोट से उत्पन्न होने वाले सौर तूफानों के बारे में नई जानकारी दी है।

यूसी बर्कले की एक समाचार विज्ञप्ति के अनुसार, यह पानी के झोंके को पानी के झोंके के माध्यम से आपके

» पेज 2 भी देखें

### वैज्ञानिकों ने छह दशकों से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया है

सूरज के अत्यंत करीब पहुंचने के नासा के एक मिशन ने निकटतम तारे की सौर हवाओं के बारे में उत्तर प्रकट किए हैं, जो औरोरा बोरेलिस का कारण बनते हैं और पृथ्वी की संचार प्रणालियों को प्रभावित कर सकते हैं। पार्कर सोलर प्रोब ने सौर हवा के बारे में जानकारी प्राप्त की है जो सूर्य के कोरोनल छिद्रों से हमारे ग्रह की ओर बहती है, वैज्ञानिकों ने छह दशकों से पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया है। नासा की इस अभियान में भेजे गये अंतरिक्ष यान ने 2021 में सूर्य के ऊपरी वायुमंडल के माध्यम से उड़ान भरी थी। इस सप्ताह नेचर में प्रकाशित एक अध्ययन में, बर्कले के शोधकताओं का कहना है कि एकत्र की गई जानकारी तथाकथित सौर तूफान की भविष्यवाणी करने में मदद करेगी, जो पृथ्वी पर सुंदर अरोराह्व बनाते हैं लेकिन उपग्रहों और विद्युत ग्रिड के साथ कहर बरपाती है।सूर्य में कोरोनल छिद्र आमतौर पर ध्रुवों पर बनते हैं और सौर हवाएँ पृथ्वी से नहीं टकराती हैं। लेकिन हर 11 साल में ये छिद्र सूर्य की पूरी सतह पर दिखाई देते हैं और पृथ्वी पर सौर हवाओं के झोंके भेजते हैं। इन हवाओं का अध्ययन करने के लिए पार्कर सोलर प्रोब ने सूर्य से लगभग 13 मिलियन मील की दूरी तय की।

## जान लीजिए इस क्षुद्र राष्ट्र और उसके तानाशाह को

**राष्ट्रीय खबर**




कैलिफोर्निया: यहां के बंजर रेगिस्तान में यह नया देश स्लोजामास्तान बनाया गया है। यूं तो इस देश को कोई अंतर्राष्ट्रीय मान्यता नहीं है। फिर भी इस कथित देश का राजा यानी विलियम्स ने अपने रेडियो जॉकी के पुराने अनुभव से इस देश का सीधा प्रसारण लोगों तक पहुंचाने में कामयाबी पायी है।

इस वजह से लोगों का ध्यान इस तरफ गया है। बहुत सारे लोग इसे एक और पर्यटन स्थल के तौर पर मानते हुए इसकी यात्रा करने की इच्छा भी व्यक्त कर चुके हैं। विलियम्स को इस कथित नये देश स्लोजामास्तान के सुल्तान के रूप में भी जाना जाता है।

कभी अच्छे ब्रॉडकास्टर रहे विलियम्स ने दुनिया के हर देश का दौरा करने का प्रयास करते हुए अपना जीवन बिताया है।

यात्रा के लिए केवल एक संयुक्त राष्ट्र-मान्यता प्राप्त देश बचा था, उसने अपने रेडियो शो के नाम पर एक नया

» पेज 2 भी देखें

**शहर >> अपडेट**

## बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि

रांची: ओरमांझी प्रखण्ड क्षेत्र के सुदूरवर्ती क्षेत्र सदमा चौक में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति के संयोजन से भगवान बिरसा मुंडा का 123 वीं पुण्यतिथि मनायी गई। स्मारक समिति के सदस्यों एवं सदमा व चन्दरा पंचायत के सम्मानित जनप्रतिनिधी बुद्धिजीवी लोगों ने बिरसा मुंडा के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कमिश्नर मुंडा ने कहा हम सभी को गर्व होना चाहिए कि हम लोग उस महापुरुष का पुण्यतिथि मना रहे हैं जिन्होंने आदिवासी समाज की सभ्यता संस्कृति की रक्षा के लिए लोगों को संगठित कर अंग्रेजों से लड़ाई कर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। ऐसे वीर सपूत को शत शत नमन। वहीं सदमा पंचायत के मुखिया सुनील उरांव ने कहा कि बिरसा मुंडा के द्वारा देश हित में दिए कुबार्नी को लोग सदियों तक नहीं भूल पाएंगे।

**पड़ताल** परियोजना को जल्द पूरा करने पर दिया जोर

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मंडल डैम के बारे में लिया संज्ञान

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने पालूम दौरे के दौरान चर्चित मंडल डैम परियोजना को लेकर रिपोर्ट मांगी है। अपने इस दौरे के दारौन राज्यपाल ने शुक्रवार को पलामू सर्किट हाउस में सिंचाई विभाग और पावर ग्रिड के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मंडल डैम प्रोजेक्ट की समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

5 जनवरी 2019 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पलामू के चियांकि हवाई अड्डा से मंडल डैम में अधूरे कार्यो को पूरा करने की आधारशिला रखी थी, लेकिन अभी तक मंडल डैम को कार्य शुरू नही हुआ है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने बताया कि नक्सल के कारण मंडल डैम परियोजना प्रभावित हुई है लेकिन नक्सल समस्या कमजोर हो गई है। अब मंडल डैम के कार्यो को पूरा करने ले लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

उम्मीद है कि मंडल डैम परियोजना को जल्द पूरा कर लिया जाएगा। राज्यपाल ने बताया कि सिंचाई परियोजनाओं को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक हुई है। इस बैठक में मंडल डैम को लेकर चर्चा हुई, इसमें जमीन अधिग्रहण और विस्थापितों को मुआवजा देने को लेकर भी राज्य और केंद्र सरकार के अधिकारियों से बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को मुआवजा राशि देने को कहा गया है।

जल संचयन वाले इलाके में अवैध रूप से काबिज लोगों को हटाया जाएगा। मंडल डैम परियोजना को जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा। मंडल डैम उत्तर कोयल सिंचाई परियोजना का हिस्सा है। उतर कोयल नहर परियोजन 1972-73 में 30 करोड़ की लागत से शुरू हुई थी, वर्तमान में इस परियोजना की लागत 1622 करोड़ हो गई है। 1997 में नक्सलियो ने मंडल डैम निर्माण स्थल पर इंजीनियर की हत्या कर दी थी। उसके बाद से ही निर्माण कार्य है बंद है, पांच जनवरी 2019 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए आधारशिला रखी थी। मंडल डैम करीब 1007 हेक्टेयर में फैला हुआ है जबकि पूरा इलाका पलामू टाइगर रिजर्व क्षेत्र में मौजूद है। मंडल डैम परियोजना के पूरा होने से झारखंड में 49 हजार जबकि बिहार में 2.15 लाख हेक्टेयर में जमीन में सिंचाई की की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इस परियोजना को पूरा करने में बिहार की भी हिस्सेदारी है।

## आलोक कुमार दूबे धरती आबा भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि दी

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** छः वर्षों के लिए निलंबित/निष्कासित/ प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरीष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे व बगैर निलंबित कांग्रेस नेता संजीत यादव, अभिषेक साहू, फिरोज रिजवी मुन्ना, कुमुद रंजन भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर बिरसा चौंक पहुंचकर धरती आबा भगवान बिरसा को श्रद्धांजलि दी,दीप प्रज्वलित किया एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। अपनी श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए निलंबित/निष्कासित वरीष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार दूबे ने कहा बिरसा मुंडा की गणना महान देशभक्तों में की जाती है,भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने झारखण्ड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया, काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया, भारतीय जमींदारों और जागीरदार तथा ब्रिटिश शासकों के शोषण की भट्टी में जल रहे आदिवासियों को यातना से मुक्ति दिलाने के लिए उन्हें संगठित किया और जागृत किया। सामाजिक स्तर पर आदिवासियों के इस जागरण से तत्कालीन ब्रिटिश सरकार की चूलें हिल गई। बिरसा मुंडा सही मामले में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानंद थे। ब्रिटिश हुकूमत ने इसे खतरे का संकेत समझकर बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया। बिना निलंबित कांग्रेस नेता संजीत यादव एवं फिरोज रिजवी मुन्ना ने कहा भगवान बिरसा मुंडा अपने कार्यों और आंदोलन की वजह से भगवान की तरह पूजे जाते हैं,बिरसा मुंडा ने मुंडा विद्रोह पारंपरिक भू- व्यवस्था के जमींदारी व्यवस्था में बदलने के कारण किया।

## बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को स्वाभिमान दिवस के रुप में मनाया गया

रांची: झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि को स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया। स्वाभिमान दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा के अबुआ दिसुम-अबुआ राइज की परिकल्पना को साकार करने के लिए न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका को उनके जवाबदेही, जिम्मेवारी एवं सेवा संकल्प के प्रति दायित्व का निर्वाह करने का आह्वान किया।इस क्रम में आंदोलनकारियों ने पुराने विधानसभा मैदान के पास एकत्रित होकर कैलाशपति मिश्रा की प्रतिमा को हटाने के लिए जगन्नाथपुर थाना के समीप त्रिकोणीय स्थल पहुंचने की कोशिश की, लेकिन पुलिस प्रशासन ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया। इस बीच प्रशासन और आंदोलनकारियों में तीखी नोकझोंक हुई। एडीएम आरएन आलोक के लिखित आश्वासन के बाद कार्यक्रम स्थगित किया।

बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर समाधि स्थल पर श्रदांजलि देने पहुंचे लोबिन हेम्ब्रम

# हम जहां थे आज भी वहीं है : लोबिन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** हम जहां थे आज भी वहीं है बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि के अवसर पर राजधानी रांची के कोकर स्थित समाधि स्थल पर श्रदांजलि करने पहुंचे झारखंड मुक्ति मोर्चा बोड़यो विधायक अलग थलग दिखे। मौके पर मौजूद किसी भी कार्यकर्ता ने उनसे न तो बात की और न ही श्रद्धांजलि देने के समय साथ दिखे। लोबिन हेम्ब्रम भी उनसे दूरी बनाते हुए दिखे। जब मीडिया ने इस संबंध में उनसे पूछा कि वे अपने पार्टी के कार्यकताओं से दूर क्यों हैं। जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो अलग है वो अलग है हम जहां थे आज भी वहीं है। ज्ञात है कि लोबिन हेम्ब्रम का बीते कुछ महिनों मे लगातार इस प्रकार का वयान सामने आया है जिस कारण राज्य सरकार की कई स्तरों पर किरकिरी हुई है। कई मौके पर लोबिन सरकार के खिलाफ भी बायान देते हुए नजर आये, खास कर राज्य सरकार ने जो स्थानिये की परीभाषा दी थी उसको लेकर भी लोबिन ने खुल कर विरोध किया था। मामले पर जेएमएम के अलग- अलग सुत्र पहले ही ये बता चुकी है कि आने वाले चुनाव मे लोबिन का जेएमएम से चुनाव लड़ना मुश्किल है। पार्टी पहले से ही उन से नारज चल रही है। इस सब बातों का अंदाजा लोबिन को भी है, जिस कारण लोबिन भी काफी दिनों से पार्टी से अलग हो कर अपनी राजनीति कर रहे हैं। जिससे राज्य के अन्य पार्टी मे उनके लिए कोई उपयोगि स्थान बन सके।

# झारखंड में धरती आबा का सपना अधूराः नायक

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के अबुआ दिसुम अबुआ राज के सपने झारखंड में अधूरे हैं। हमे भगवान बिरसा मुंडा के देखे गए सपनों को पूरा करने के लिए जल जंगल जमीन और झारखंडी पहचान की लड़ाई को गति देकर मंजिल तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रदांजली होगी। उक्त बातें शुक्रवार को झारखंडी सूचना अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने कोकर स्थित भगवान बिरसा के समाधि स्थल पर उनके पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहीं उन्होंने इस अवसर पर कहा की पूर्ववर्ती भाजपा की सरकार हो या वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार सभी ने भगवान बिरसा मुंडा के देखे गए सपनों को पूरा करने की दिशा में जल जंगल जमीन की लड़ाई , अबुआ दिसुम अबुआ राज स्थापना कि दिशा में किसी भी सरकारों ने सकारात्मक सृजनात्मक ठोस पहल नहीं किया जिस कारण आज राज्य निर्माण के 23 वर्ष के बाद भी भगवान बिरसा मुंडा के देखे गए सपने कल जहां थे आज भी वहीं पर हाशिए पर पड़े हुए । श्री नायक ने कहा कि सभी सरकारों ने जल जंगल जमीन लूटने वाले भू- माफियाओं, वन माफियाओं को संरक्षण देने का ही कार्य किया है आज स्थिति बद से बदतर हो गई है राज्य निर्माण के बाद झारखंडी समाज अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं और उन्हें ऐसा लग रहा है कि झारखंड का गठन जिन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया था जिन सपनों को अमलीजामा पहनाना था वीर शहीदों के सपनों को पूरा करना था आज वह सपने अपने ही राज में बिखरे पड़े हुए । झारखंडी समाज आज अपने अस्तित्व पहचान के संकट से जूझ रहे हैं और हेमंत सरकार इस दिशा में कोई भी ठोस पहल नहीं करके झारखंडी जनता के विश्वास को छलने का काम किया उनके देखे गए सपनों को तोड़ने का काम किया । आज राज्य की जनता बेरोजगारी पलायन जल जंगल जमीन की लूट से परेशान है और राज्य के मंत्री नौकरशाह नोट गिनने में परेशान है । जनता की गाढ़ी कमाई को विकास के नाम पर लूट लिया जा रहा है और झारखंडी जनता विकास के नाम पर विनाश का सामना करने पर मजबूर हैं ।

# मूलवासी सदान मोर्चा ने झारखंड बंद का किया समर्थन

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी सह मूलवासी सदान मोर्चा खतियान आधारित नियोजन नीति बनाने व 60-40 की नीति को रद्द करने की मांग को लेकर 10-11 जून को स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के झारखंड बंद का नैतिक समर्थन देने की घोषणा की है। मोर्चा के राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सरकार 60- 40 नियोजन नीति को तुरंत वापस ले। कहा कि खतियान आधारित नियोजन नीति व स्थानीय नीति को लेकर मूलवासी सदान मोर्चा लंबे समय से आंदोलन करते आ रहा है। अब छात्र भी खुलकर सामने आ गए हैं, यह अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार जब तक अपनी स्थानीय नीति और नियोजन नीति नहीं बना लेती है, तब- तक झारखंड में होने वाली नियुक्ति का आधार संयुक्त बिहार में बनी नियोजन नीति (3 मार्च 1982) को ही लागू करे, जो खतियान आधारित है।राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संयुक्त बिहार में बने नियम- कानून से झारखंड में बहुत सारे काम हो रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से नियोजन नीति के मामले में ऐसा नहीं हुआ। हमारे राजनेताओं की इच्छाशक्ति की कमी के कारण आज झारखंडी विरोधी मानसिकता के लोग हावी हो रहे हैं। जो लोग अपने मूल राज्य छोड़कर सिर्फ झारखंड के होकर रह गए हैं, उन्हें स्थानीय नीति का लाभ कैसे मिले, इस पर सरकार को जरूर देखना चाहिए।

# राज्यपाल, सीएम, मंत्री समेत दलों- संगठनों ने बिरसा मुंडा को किया नमन

**राष्ट्रीय खबर**



**रांची:** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 123वें शहादत दिवस पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा समेत कई नेताओं व संगठनों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया। राज्यपाल ने मेदिनीनगर स्टेशन रोड स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोकर स्थित समाधि स्थल और बिरसा चौक में श्रद्धसुमन अर्पित किया। अर्जुन मुंडा भी कोकर समाधि स्थल पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कांग्रेस के नेताओं ने कांग्रेस भवन और कोकर समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इनमें प्रदेश अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, केशव महतो कमलेश, अमूल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, राजीव रंजन प्रसाद, विनय सिन्हा दीपू, शमशेर आलम, ईश्वर आनंद, डॉ राकेश किरण महतो, धर्मराज राम, कमल ठाकुर, मनोज सहाय पिंकू, निरंजन पासवान, जगदीश साहु, नीतू देवी, इंदिरा तुरी, कुमारी अनिता, शहनाज खानू, अवधेश प्रजापति, अमरेन्द्र सिंह, राखी कौर, जगरनाथ साहू, अजय कुमार, रामानंद केशरी शामिल थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना सहित अन्य नेताओं ने भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल, पुराने जेल परिसर एवं प्रदेश कार्यालय में बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

केंद्रीय सरना समिति ने प्रधान कार्यालय लाइन टैंक रोड में भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। बिरसा मुंडा की जीवनी व उनके प्रेरणास्त्रोत कार्य पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, कृष्ण कांत टोप्पो, जगलाल पहान, अमर मुंडा, जगन्नाथ तिर्की , किरण तिर्की सहित कई उपस्थित थे।

बिरसा धर्म मानने वाले सैकड़ों अनुयायी शुक्रवार को तोरपा से चुटिया मंदिर पहुंचे।वहां चुटिया मुंडा की पूजा- अर्चना की। दोपहर भगवान बिरसा मुंडा के समाधि स्थल कोकर पहुंचे। इस मौके पर बिनोद मुंडा,चमरा मुंडा आदि उपस्थित थे।

विभिन्न आदिवासी संगठन राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ, वीर बुधू भगत हूही मोर्चा के पदाधिकारियों ने कोकर स्थित धरती आबा के समाधि स्थल पर जाकर माल्यार्पण किया। धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के जयघोष से समाधिस्थल गूंज उठा। इस मौके पर राष्ट्रीय सरना प्रचारिका रेणु तिर्की, प्रदेश अध्यक्ष रवि तिग्गा, केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संगम उरांव, शनि उरांव, शिव शंकर उरांव, सुधीर उरांव, लक्ष्मण तिर्की, जयसूर्या लकड़ा, विजय उरांव उपस्थित थे।

पाहन महासंघ ने भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। संघ प्रमुख जगदीश पाहन की अगुआई में तमाम मौजा के पाहन, पहनाई पाइन, भोरा कोटवार, महतो कोटवार, भुमक बैगा देवरी और तमाम सामाजिक धार्मिक अगुआ परंपरागत वेशभूषा व गाजा बाजा के साथ बिरसा मुंडा संग्रहालय पहुंचे। सभी ने समाधि की परिक्रमा की। इस मौके पर संघ के हलधर चंदन पाहन ने पूरी रीति रिवाज के साथ तेल, पानी, टीका, सिंदूर, दीया बाती, धूप, पीठा पकवान आदि अर्पित कर आराधना की। इस मौके पर बसंत पाहन, विजय पाहन, राम पाहन, सोमनाथ पाहन, बिरसा पाहन, बिशेशर पाहन, सीता पाहन, मुन्नी पाहन, सुजाता पाहन, अनिता पाहन सहित कई उपस्थित थे।

## पेज एक का शेष

### सीबीआई ने छह एफ आई आर .. ..

थंगखोजांग के रूप में हुई है। इस बीच, पी डोमखोई को एक चर्च के अंदर गोली मार दी गई और गांव के अंदर उपद्रवियों ने हाथापाई में पा जांगपाओ तौथांग की गोली मारकर हत्या कर दी।फिलहाल स्थिति पर नजर रखने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त टुकड़ियां तैनात की गई हैं।

दूसरी ओर, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आज छह प्राथमिकी (एफआईआर) फिर से दर्ज की हैं और जातीय से संबंधित मामलों की जांच के लिए डीआईजी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है।

मणिपुर में हिंसा में करीब 125 लोगों की मौत हो गई।पूर्वोत्तर राज्य के अपने दौरे के दौरान, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छह प्राथमिकियों की जांच के लिए सीबीआई जांच की घोषणा की थी- पांच कथित आपराधिक साजिश पर और एक मणिपुर में हिंसा के पीछे सामान्य साजिश पर। अधिकारियों ने आज बताया कि केंद्र के माध्यम से राज्य के एक संदर्भ पर कार्रवाई करते हुए सीबीआई ने एसआईटी का गठन किया है और मामलों की जांच अपने हाथ में ले ली है। एक स्वतंत्र जांच के अलावा, शाह ने कई अन्य आश्वासन दिए हैं: सीबीआई द्वारा उठाए जाने वाले चुनिंदा मामलों में राज्य के अधिकारियों की कोई भागीदारी नहीं है; जीवन और संपत्ति के नुकसान के लिए पुनर्वास प्रत्यक्ष लाभ के माध्यम से हस्तांतरित किया जाएगा; राज्य को राहत सामग्री; और इम्फाल और चुराचंदपुर में हेल्पलाइन नंबर।

### ना तो पांच सौ जाएगा .. .. ..

मजबूत अटकलों के कारण आरबीआई को खुद ही मैदान में उतरना पड़ा। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 500 रुपये और 1000 रुपये के नोटों को लेकर चल रही अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बाजार में मौजूद 2,000 रुपये के नोटों में से 50 प्रतिशत रिजर्व बैंक के हाथ में आ चुका है. बैंक को मिले 2000 रुपये के नोटों की कीमत 1 लाख 82 हजार करोड़ रुपये है। इसमें से 85 फीसदी रकम बैंक डिपॉजिट से आई है।

### अस्थायी मुर्दाघर बनाये .. ..

मदद करने के लिए कुछ अनुष्ठानों का पालन करने की योजना बनाई है। प्रधानाध्यापिका ने खुलासा किया कि ट्रेन दुर्घटना के बाद स्कूल के कुछ वरिष्ठ छात्र और एनसीसी कैडेट भी बचाव कार्य में शामिल हुए थे। बालासोर जिला कलेक्टर कल स्कूल का दौरा करने वाले दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, मैंने स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, प्रधानाध्यापिका, अन्य कर्मचारियों और स्थानीय लोगों से मुलाकात की है। वे पुरानी इमारत को गिराकर उसका जीर्णोद्धार करना चाहते हैं ताकि बच्चों को कक्षाओं में जाने का कोई डर या आशंका न हो।ह्व 2 जून को हुए भीषण हादसे में 288 लोगों की मौत हो गई और 1,100 से अधिक घायल हो गए। दुर्घटना ने माल और यात्री ट्रेनों की आवाजाही को बाधित कर दिया। व्यस्त मार्ग दुर्घटना के 51 घंटे बाद रविवार देर रात ट्रेन की आवाजाही फिर से शुरू हो गई।

### कार बम विस्फोट में .. ..

50 से ज्यादा घायल हो गए। धमाका गुरुवार सुबह बदख्शां प्रांत के फैजाबाद में हुआ। इस मसजिद में बदख्शां प्रांत के तालिबान डिप्टी गवर्नर की स्मृति में लोग एकत्रित हुए थे।

टोलो न्यूज के अनुसार, एक स्थानीय अस्पताल प्रशासन ने हताहतों की संख्या की पुष्टि करते हुए कहा कि अधिकांश मृतकों और घायलों को स्वास्थ्य केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे पहले तालिबान के स्थानीय अधिकारी मोअजुद्दीन अहमदी ने भी विस्फोट की पुष्टि की थी। हालांकि, उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि कोई हताहत हुआ है या नहीं। अभी तक किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। बाद में इन दोनों घटनाओं के लिए इस्लामिक स्टेट ने उस हमले की जिम्मेदारी ली है जिसमें तालिबान के डिप्टी गवर्नर और उनके ड्राइवर की मौत हो गई थी। अगस्त 2021 में तालिबान द्वारा देश पर नियंत्रण करने के बाद से आईएसआईएस एक सुरक्षा खतरा रहा है। लगभग दो वर्षों में रूसी दूतावास, पाकिस्तान के राजनयिक मिशन और केंद्रीय काबुल में एक चीनी संचालित होटल पर कई क्रूर हमलों के लिए उग्रवादी समूह जिम्मेदार रहे हैं।

### नासा के पार्कर सोलर .. ..

चेहरे पर टकराते हुए देखने जैसा है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले में भौतिकी के प्रोफेसर स्टुअर्ट डी बाले और मैरीलैंड-कॉलेज पार्क विश्वविद्यालय के जेम्स ड्रेक का कहना है कि जांच से उच्च-ऊर्जा कणों की धाराओं का पता चला था। ये कोरोनल छिद्रों के अंदर बड़ी संवहन कोशिकाओं से मेल खाते हैं, जिन्हें सुपरग्रेनुलेशन कहा जाता है। तेज सौर हवाओं का सुझाव कोरोनल छिद्रों में उत्पन्न होता है। हवा चुंबकीय पुनः संयोजन नामक एक प्रक्रिया के दौरान बनाई गई है और जब तक यह पृथ्वी पर 93 मिलियन मील की यात्रा करती है, यह पृथ्वी के अपने चुंबकीय क्षेत्र और डंप के साथ संपर्क करने वाले आवेशित कणों के साथ घूमते चुंबकीय क्षेत्रों के एक सजातीय, अशांत प्रवाह में विकसित हो गया है। ऊपरी वायुमंडल में विद्युत ऊर्जा पैदा होने का कारण भी यही है। यह पृथ्वी के ध्रुवों पर दिखाई देने वाले रंगीन अरोरा बनाता है, लेकिन यह पृथ्वी पर भी समस्याएँ पैदा करता है। शिकागो विश्वविद्यालय के अनुसार, सौर हवाओं के कुछ लाभ हैं, जैसे कि आवारा ब्रह्मांडीय किरणों से पृथ्वी की रक्षा करना। लेकिन विमान रेडियो संचार, जीपीएस और यहां तक कि बैंकिंग जैसी प्रणालियों को तेज सौर हवाओं से खटखटाया जा सकता है। 1859 में, कैरिंगटन घटना, एक मजबूत सौर विस्फोट ने टेलीग्राफ और विद्युत प्रणालियों को ध्वस्त कर दिया था। विश्वविद्यालय के अनुसार, इस घटना के परिणामस्वरूप उरोरा बोरेलिस सुबह के समय बेहद उज्ज्वल रहा। जांच को 2018 में उन सवालों के जवाब देने के लिए शुरू किया गया था जो छह दशकों तक वैज्ञानिकों को हैरान करते रहे थे, जिसमें कोरोना सूर्य की सतह (फोटोस्फीयर) की तुलना में अधिक गर्म क्यों है? सौर हवा कैसे तेज होती है और उच्च-ऊर्जा वाले सौर कणों के स्त्रोत क्या हैं। पार्कर सोलर प्रोब को 4.5 इंच मोटी कार्बन-कम्पोजिट शील्ड द्वारा संरक्षित किया गया है, जो नासा के अनुसार लगभग 2,500 डिग्री फारेनहाइट का सामना कर सकता है। लेकिन यह बिना तलए सूरज की सतह से करीब 40 लाख मील दूर नहीं जा पाएगा। बेल का कहना है कि वे अपने निष्कर्ष को पुख्ता करने के लिए उस दूरी से डेटा का उपयोग करेंगे।

### जान लीजिए इस .. ..

देश बनाने के लिए कैलिफोर्निया के रेगिस्तान में खाली बंजर जमीन का 11.07 एकड़ का प्लॉट खरीदने का फैसला किया।

देश बन जाने के बाद उसे लोकप्रिय बनाने में सुलतान का ही हाथ रहा है। अपने सबसे अच्छे सूट और धूप के चश्मे पहने हुए, स्लोजमास्तान के सुल्तान ने आधिकारिक तौर पर दोपहर 12:26 बजे संयुक्त राज्य अमेरिका से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1 दिसंबर, 2021 को जब उन्होंने स्लोवामास्तान गणराज्य की राजधानी डबलैंडिया में अपने ओपन-एयर सरकार कार्यालय से अलगाव का सीधा प्रसारण किया। स्लोजमस्तान के इस सुल्तान ने कुछ विचित्र कानूनों से अधिक उकसाया है। इस देश में में एक नए राष्ट्र-राज्य के सभी गुण भी हैं। यह अपने स्वयं के पासपोर्ट जारी करता है, अपना झंडा फहराता है, अपनी मुद्रा (डबल) प्रिंट करता है और एक राष्ट्रगान होता है जो राज्य के अवसरों पर बजाया जाता है। यह स्लोजामास्तान गणराज्य भी 500 से अधिक पंजीकृत नागरिकों का दावा करता है, जबकि 4,500 से अधिक को सशर्त रूप से अनुमोदित किया गया है या नागरिकता के लिए कतार में प्रतीक्षा कर रहे हैं।

अब विलियम्स पर्यटकों को स्लोजामास्तान गणराज्य की यात्रा के लिए आमंत्रित कर रहे हैं क्योंकि उनकी योजना दुनिया का सबसे अग्रणी सूक्ष्म राष्ट्र बनाने की है।

## शहर >> अपडेट

### याद किये गये धरती आबा बिरसा मुंडा

रांची: बिरसा चौकझारखंड के वीर सपूत सह धरती आबा सह आजादी के महानायक-भगवान वीर बिरसा मुण्डा के पुण्यतिथि के अवसर पर आदिवासी सेना और सामाजिक संगठन आदिवासी लोहरा समाज के संयुक्त नेतृत्व में विधिवत पारम्परिक तरीके से पुष्प अर्पित कर एवं माल्यार्पण कर याद किये गये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित आदिवासी सेना (केन्द्रीय अध्यक्ष)अजय कच्छप शामिल हुए और अपने संबोधन में कहा कि झारखंड राज्य के वीर सपूत सह आजादी के महानायक-भगवान वीर बिरसा मुण्डा ने अंग्रेजो के बिरुद्ध आदिवासी फौज तैयार कर युद्ध करके आजादी के आंदोलन में सहभागी बनने वाले महान क्रांतिकारी से समस्त देश वासियों को धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा के जीवनी को जानने व सिखने की जरुरत है।

**परीक्षण** वंदे भारत एक्सप्रेस का 11 जून को होगा ट्रायल रन

# छह घंटे में पटना से रांची पहुंचेगी ट्रेन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** रेल मंत्रालय ने बिहार और झारखंड के लोगों को बड़ा गिफ्ट दिया है। बहुत जल्द पटना और रांची के बीच आधुनिक सुविधाओं से लैस वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी। यह ट्रेन महज छह घंटे में पटना से रांची पहुंच जाएगी। इसके ट्रायल रन का शिड्यूल भी जारी हो गया है। पटना से 11 जून को सुबह 6.55 बजे ट्रायल रन शुरू होगा। यह ट्रेन सुबह 8.20 बजे गया पहुंचेगी। बरकाकाना पहुंचने का टाइम 11.30 रहेगा। दोपहर 1 बजे यह ट्रेन रांची रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इस दौरान जहानाबाद स्टेशन, कोडरमा, हजारीबाग और मेसरा में भी ट्रेन रूकेगी। अभी तक की प्लानिंग के मुताबिक गया में 10 मिनट और बरकाकाना में 5 मिनट ट्रेन रूकेगी।11 जून को ही रांची रेलवे स्टेशन से 14.20 बजे ( 2 बजकर 20 मिनट) वंदे भारत ट्रेन पटना के लिए रवाना होगी। टाटीसिल्वे में बिना रूके 3.30 बजे बरकाकाना पहुंचेगी। इसके बाद शाम 7 बजे गया और फिर 20.25 बजे (शाम 8 बजकर 25 मिनट) पटना पहुंचेगी। इस दौरान ट्रेन को मेसरा, हजारीबाग, कोडरमा और जहानाबाद में प्रस्तावित स्टॉपेज पर रोका जाएगा। इस बाबत पूर्व मध्य रेलवे के सीपीटीएम ने दानापुर, मुगलसराय और धनबाद डिवीजन के सीनियर डिविजनल ऑपरेशंस मैनेजर को पत्र जारी कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र के मुताबिक दानापुर के एक ट्रैफिक इंसपेक्टर को पटना से गया तक फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करने को कहा गया है। जबकि धनबाद डिवीजन को गया से रांची जाने और लौटने के दौरान फुट प्लेटिंग और मिनट टू मिनट टाइम रिकॉर्डिंग करना है।

## न्यूज फटाफट

### सीडीपीओ के 64 पदों पर नियक्ति के लिए जेपीएससी ने निकाली वैकेंसी

रांची: राज्य सरकार की घोषणा के बाद झारखंड के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को भरने की शुरुआत कर दी गयी है। नियुक्ति के लिए जेपीएसएसी और जेएसएससी की ओर से लगातार विज्ञापन निकलता जा रहा है। इसी क्रम में झारखंड लोक सेवा आयोग ने एक और नौकरी को लेकर विज्ञापन जारी किया है। ये नियुक्ति सीडीपीओ के 64 पदों पर होगी। इसके लिए 27 जून से ऑनलाइन आवेदन भरे जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तारीख 26 जुलाई है। इन सभी पदों पर नियुक्ति का आधार प्रारंभिक, मुख्य परीक्षा और साक्षात्कार होगी। दो पेपर की होगी परीक्षा : प्री परीक्षा दो पेपर में संपन्न होगी। इसमें 100- 100 अंक के वस्तुनिष्ठ प्रशन पूछे जाएंगे। मुख्य परीक्षा हिन्दी, सामान्य अध्ययन और वैकल्पिक विषय से प्रश्न पूछे जाएंगे। हिंदी का मार्क्स मेधा सूची में नहीं जुड़ेंगे। वहीं, वैकल्पिक विषय में गृह विज्ञान, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान तथा श्रम एवं समाज कल्याण विषय में से अभ्यर्थियों को विषय चुनना होगा।

### झारखंड के 25 निजी स्कूलों होंगे बंद

रांची: केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने झारखंड के 25 स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया है। जिस पर राज्य के शिक्षा सचिव के. रवि कुमार ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ये वे स्कूल है, जिन्होंने एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यू-डायस प्लस) में आंकड़े अपलोड नहीं किया है। शिक्षा सचिव ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) और जिला शिक्षा अधीक्षकों (डीएसई) को पत्र भेजकर इसकी जानकारी दी है। गुमला में सबसे ज्यादा 19 स्कूलों को बंद करने का आदेश है। वहीं कोडरमा व रामगढ़ में 2-2 और खूंटी व धनबाद में 1-1 स्कूल बंद होंगे। शिक्षा सचिव ने कहा है कि यू-डायस पर संबंधित आंकड़े अपलोड नहीं करने वाले स्कूलों को बंद किया जाएगा। उन्होंने डीईओ और डीएसई को निर्देश दिया है कि राज्य के सभी स्कूल 20 जून तक यू-डायस प्लस के आंकड़े अपलोड करें। इसके बाद ऐसा नहीं करने वाले स्कूलों को केंद्र के आदेश के अनुरूप बंद दिया जायेगा। अलबर्ट एक्का गोस्नर हाईस्कूल, अमगांव, सरस्वती शिशु मंदिर, टेंगरिया, पालकोट, सरस्वती शिशु मंदिर, हाफु, कामडारा कार्तिक उरांव पब्लिक स्कूल फोरी, शहीद बख्तर साय शिशु निकेतन रैनियार बाल मंदिर, होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल कोटेंगसरा, सरस्वती शिशु मंदिर कलिगा, शिशु मंदिर नेवाटोली, संत माइकल पब्लिक स्कूल तर्री, जानकी भगत स्कूल करौंदी, ज्ञानदीप सर्वोदय स्कूल फुलवार टोली, गुड सेफर्ड स्कूल फुलवारी टोली, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल कुम्हरिया, आदित्य सरस्वती शिशु विद्या मंदिर नाथपुर, इंग्लिश मीडियम स्कूल सरांगो, घाघरा सरस्वती शिशु बाल निकेतन केदली घाघरा, डॉ. भुवनेश्वर अनुज हाई स्कूल खंभिया, घाघरा और सुकरू भगत चिल्ड्रेन एकेडमी, बरवाटोली, घाघरा।

### उम्र महज 9 साल पर 19 रिकॉर्डस अपने नाम कर पूरे देश विदेश में अपना परचम लहराया




रांची :उम्र महज 9 साल पर 19 रिकॉर्डस अपने नाम कर पूरे देश विदेश में अपना परचम लहराया। रांची के जुड़वा भाई विराट और विराजमाकन जिन्हें केलकुलेटर बॉयज ऑफ झारखंड और अब राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) नई दिल्ली द्वारा मैथमेटिक्सजीनियसेसऑफ इंडिया के नाम से जाना जाता है।कुछ दिनों पहले विराट और विराज माकन हमारे देश की शिक्षा की नींव एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा अपने कैंपस बुला जटिल साक्षात्कार एवं जीवंत सत्र मेंसफलतापूर्वक उत्तीर्ण होने के बाद मैथमेटिक्स जीनीयसेस ऑफ इंडिया की ख्याति प्राप्त की है। धनबाद में जन्मे विराट और विराज माकन किसी परिचय के मोहताज नहीं है क्योंकि पूरे देश में सबसे अनोखी और सबसे कठिन पद्धति से सैकड़ों तक का सीधा ही नहीं बल्कि उल्टा पहाड़ा भी चंद मिनटों में सुना कर मात्र 7 वर्षों में ही राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और विश्व रिकॉर्ड बना डाला था। 2020 लॉकडाउन में अपने पिता एवं गणित शिक्षक श्री गगन माकन के अद्भुत तकनीकों से अलजेब्रा, वेब कैलकुलेशन, हैंड केलकुलेटर और माइंड कैलकुलेशन सीखते हुए और गणित के एक-एक पायदान चढ़ते हुए ना ही सिर्फ पहाड़ों का पहाड़ चढ़ गए पर अब एक ऐसा अनूठा कीर्तिमान बना डाला जहां लगभग 55 मिनट में 1 से 500 तक का पहाड़ा आंख बंद करके सुना डाला। जी हां, आपने सही पढ़ा 1 से 10/20/30 या 50 नहीं परंतु 500 तक के पहाड़ों का पहाड़ अपने वश में कर लिया है।इसगमीर्छुट्टी में बच्चों ने दिनभर मस्ती करते हुए ना ही सिर्फ गणित के पहाड़ों को धराशाईकर दिया बल्कि 500 तक का फास्टेस्ट स्क्वायर, 500 तक का फास्टेस्ट क्यूब, फास्टेस्ट टू डिजिट नंबर मल्टीप्लिकेशनएवं फास्टेस्ट और यंगेस्ट अलजेब्रिक आईडेंटिटी एक्सप्रेशन एक्सपर्ट अन्य 2/4/5 या 10 नहीं बल्कि 19 रिकॉर्डस अपने नाम किए वह भी दो-तीन संस्थाओं के साथ नहीं बल्कि आधा दर्जन से अधिक अलग-अलग रिकॉर्ड संस्थाओं के साथ जिसमें लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड जो किसी परिचय का मोहताज नहीं है, भी शामिल है।एक्नॉलेजमेंट, वेरिफिकेशन और सर्टिफिकेशन के माध्यम से यहदर्जनोंरिकॉर्डोकाअसंभव सा सफर इस छोटी सी उम्र में तय कर दिखाया है। भारत का सबसे प्रसिद्ध और विश्वसनीय रिकॉर्ड संगठन जिसे रिकॉर्ड रखने वाले प्रकाशन के रूप में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड के नाम से जाना जाता है,सन 1987 से रिकॉर्ड संकलित कर रहा है और इसके 30 से अधिक संस्करण प्रकाशित हुए हैं। यह भारत की पहली और लगातार लंबे समय से प्रकाशित होने वाली बुक ऑफ रिकॉर्ड हैतथा भारत में यह गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड के समान दर्जा प्राप्त की हुई संस्थान है।

### डीपीएस के विद्यार्थियों ने मिस्र देश का किया भ्रमण

रांची: दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के लिए स्टूडेंट एक्सकर्शन का आयोजन किया गया। जिसके तहत उन्हें मिस्र की ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण मनोरम भूमि से रूबरू होने का मौका प्राप्त हुआ। समृद्ध संस्कृति और ज्ञानवर्धक अनुभवों से परिपूर्ण यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय रोमांच साबित हुई। इस यात्रा से छात्रों को ईजिप्ट के अद्वितय प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक स्थलों से परिचित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। दस दिवसीय भ्रमण के दौरान छात्रों को मिस्र के समृद्ध इतिहास, प्रतिष्ठित स्थलों और जीवंत परंपराओं का पता लगाने का अवसर मिला। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने प्राचीन मिस्र के रहस्यों को गहराई से जानने के साथ-साथ देश के आधुनिक आकर्षण का भी लुत्फ उठाया।

### रातू रोड में लगा फ्री आयुर्वेदिक मेडिकल कैंप

रांची: शुक्रवार को छात्र क्लब साधना मंच के तत्वावधान मे रातु रोड पिस्का मोड़ स्थित ग्रामीण आरोग्या सेवा संस्था में फ्री मेडिकल आयुर्वेदिक कैंप का आयोजन किया गया। समाजसेविका विजेता वर्मा के जन्मदिन पर लगाए कैंप में डॉ.सुदर्शन महतो एवं डॉ.बी. के. सिंह (आयुवेर्दाचार्य) ने 29 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें दवा उपलब्ध कराई। अशोक कुमार राणा एवं राजकिशोर राणा की ओर से कैंप मे उपस्थित सभी मरीजों एवं जरुरतमंदों के बीच अमृतांजन बाम, सैनेटरी पैड, ग्लूकोज, ओ.आर.एस एवं मल्टीविटामिन सीरप आदि वितरण की गई। डॉक्टर सुदर्शन महतो द्वारा गर्मी के मौसम में खान-पान, रहन-सहन की जानकारियां देकर कार्यक्रम का समापन किया गया। मौके पर शिव किशोर शर्मा, सुबोध कुमार शर्मा,अजय कुमार, मनीष पाठक, विकाश दुबे, रघु यादव, नागेंद्र सिंह, आलोक कुमार मिश्रा, कुमारी पूनम, उमेश साव, दीपक प्रजापति, रिंकू देवी, शैलेंद्र शर्मा,अर्पित कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

चिलचिलाती धूप में बच्चे कैसे जाएंगे स्कूल

## गर्मी छुट्टी बढ़ा दीजिए हुजूर: अभिभावक

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन ने झारखंड सरकार के शिक्षा सचिव के रवि कुमार से स्कूल की छुट्टी बढ़ाने की मांग की है। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि पूरे राज्य के अंदर गर्मी चरम पर है चाहे राजधानी रांची हो या लोहरदगा, धनबाद, बोकारो, जमशेदपुर, गिरिडीह, देवघर सहित अन्य जिला। सभी जगह पारा इतना बढ़ा हुआ है कि घर से निकल पाना आम लोगों के लिए मुश्किल हो रहा है। इन परिस्थितियों में छोटे बच्चों के ऊपर हीट वेव का क्या असर होगा इसका सहज अनुमान लगाया जा सकता है। राज्य सरकार को चाहिए कि जब तक मानसून ब्रेक नहीं हो जाता तब तक स्कूल की छुट्टियां बढ़ा दी जाए ताकि बच्चों को हीट वेब से बचाया जा सके।पासवा ने राज्य में पड़ रही प्रचंड गर्मी को देखते हुए स्कूलों की गर्मी छुट्टियां बढ़ाने की मांग मुख्यमंत्री से की है। प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर छुट्टी बढाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि 10 जून को सरकारी व निजी विद्यालय में गर्मी छुट्टी समाप्त हो रहे हैं। लेकिन गर्मी की जो स्थिति है वह किसी से छुपी हुई नहीं है।उन्होंने कहा कि तापमान में वृद्धि और गर्म हवाओं के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त है। राज्य में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब है कहीं कहीं तो पारा 42 से उपर है। ऐसे में स्कूल खोलने के पहले सरकार को हर स्थितियों का मूल्यांकन एवं समीक्षा करनी चाहिए। छोटे छोटे बच्चों की सुरक्षा पहले जरुरी है, दस दिनों के बाद भी अगर स्कूल खुलेंगे तो बहुत कुछ नहीं हो जाएगा। जब तक मानसून नहीं आता है और मौसम विभाग गर्मी को लेकर गाइडलाइंस जारी नहीं करती है तब तक स्कूलों को बंद ही रखना चाहिए।

बीएयू में कृषि उपज के विपणन पर किया गया विचार मंथन

## उपज के विपणन परिदृश्य के विभिन्न मुद्दों की ज्वलंत समस्यायों के हल की जरुरत:कुलपति

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि संकाय सभाकक्ष में शुक्रवार को कृषि उपज के विपणन परिदृश्य पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सीडैक, कोलकत्ता टीम के सहयोग से किया गया। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने किसानों को सही उपज मूल्य मिलने में कृषि उपज के विपणन परिदृश्य के विभिन्न मुद्दों की ज्वलंत समस्यायों के हल को जरुरी बताया। कहा कि प्रदेश में सब्जी का सरप्लस उत्पाद होता है और चावल का आयात करना पड़ता है। राज्य में कृषि विविधिकरण एवं कृषि उपज विपणन की दिशा में ब्लू प्रिंट तैयार करने एवं खेती कार्य को लाभकारी बनाने में उपज हानि की प्रतिपूर्ति के बारे में सोचना होगा। पूर्व आयुक्त, पलामू डॉ जटाशंकर चौधरी ने बताया कि कड़ी मेहनत के बावजूद किसानों को कम और बिचौलियों को अधिक आर्थिक लाभ से किसान खेती से पलायन कर रहें है। जो विश्व की सर्वाधिक आबादी वाले भारत देश के लिए अत्यंत चिंता का विषय है। बीएयू द्वारा किसानों के कृषि उपज के विपणन मुद्दों पर विचार-मंथन बेहद सराहनीय प्रयास है। मौके पर भारत सरकार के राज्य प्रभारी (डीएमआई) सचिन कुणाल ने किसानों को कृषि उपज के सही मूल्य के लिए कटाई उपरांत तकनीकी पर नित्य पहल कर रहीं है। कोल्ड स्टोरेज, ड्राई स्टोरेज गोदाम आदि मुहैया से किसानों को लाभ होगा। ग्रामीण स्तर पर फार्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन को सशक्त कर विपणन की समस्यायों का आसानी से हल संभव होगा। कार्यक्रम में डॉ बीके झा ने कृषि उपज के विपणन परिदृश्य के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। मौके पर डॉ सुशील प्रसाद, डॉ डीके शाही, डॉ पीके सिंह, डॉ निभा बाड़ा, डॉ मणिगोपा चक्रवर्ती, डॉ सी एस महतो, डॉ नीरज कुमार, डॉ एचसी लाल, डॉ बिनय कुमार, डॉ प्रवीण कुमार, डॉ नीतू कुमारी, एस जायसवाल आदि भी मौजूद थे। कार्यक्रम के विचार-मंथन सत्र में कृषि विकास से जुड़े हितधारकों में पूर्व आयुक्त पलामू डॉ जटाशंकर चौधरी, विशेष सचिव (कृषि) प्रदीप हजारी, निदेशक (सीडीएसी, कोलकाता) रितेश मुखर्जी, जीएम नाबार्ड गौतम कुमार सिंह, एपीडा नई दिल्ली के संदीप साहा और फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए।

## राज्यपाल ने बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

राष्ट्रीय खबर



**पलामू:** राज्यपाल झारखंड सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर मेदिनीनगर स्टेशन रोड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। पुण्यतिथि पर पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा, उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे, पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त रवि आनंद, आयुक्त के सचिव सह उप निदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह, नजारत उपसमाहर्ता शैलेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## दिल्ली की टीम रांची में कैंप कर तैयार करवा रही आउटर रिंग रोड का एलाइनमेंट, जल्द तैयार होगा डीपीआर

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची में प्रस्तावित चार से छह लेन आउटर रिंग रोड का डिजाइन तेजी से तैयार हो रहा है। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग परिवहन मंत्रालय से विशेष रूप से अधिकारियों व इंजीनियरों की टीम आउटर रिंग रोड के डिजाइन तैयार करने के लिए रांची में कैंप कर रही है। यह टीम पथ निर्माण विभाग के द्वारा चयनित कंसलटेंट के सहयोग से रिंग रोड का एलाइनमेंट तैयार कर रही है। लगातार रिंग रोड के प्रस्तावित एरिया का सर्वेक्षण किया जा रहा है। जमीन की आवश्यकता का आकलन किया जा रहा है हालांकि,अधिकांश ग्रीनफील्ड रोड होगा।पथ निर्माण विभाग के सचिव व इंजीनियरों के साथ बैठक कर आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए रूपरेखा तैयार की जा रही है। पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह प्रयास हो रहा है कि दस दिनों के अंदर ही सारी कार्यवाही पूरी कर ली जाये। मिली जानकारी के अनुसार लगभग 6000 करोड़ रुपये इसकी लागत आयेगी।बता दें कि हाल ही में केंद्रीय पथ परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अपने झारखंड दौरे में रांची में कहा था कि इस योजना की जल्द ही स्वीकृति दी जायेगी। भारत सरकार इसके लिए राशि मुहैया करायेगी। पथ निर्माण विभाग व एनएच विंग के इंजीनियरों व दिल्ली से आयी टीम के सहयोग से जल्द ही सारा कुछ तय कर लिया जायेगा। प्रस्ताव को भारत सरकार की स्वीकृति के लिए भेजा जायेगा।

**स्थापना** पंचायत ज्ञान केंद्र को राज्य के सारे जिले में स्थापित करने का काम तेजी से प्रारंभ

## हमारा पुस्तकालय हमारी नई उड़ान: पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना शुरू

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**हमारा पुस्कालय हमारी नई उड़ान पंचायती राज विभाग की अनूठी पहल के तहत पढ़ने और ज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पंचायत ज्ञान केंद्र को राज्य के सारे जिले में स्थापित करने का काम तेजी से शुरू हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इसे चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किया गया है,हजारीबाग के कटकमसांडी में इसकी स्थापना भी कर दी गयी है। योजना के तहत राज्य में फिलहाल 500 पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके तहत ग्राम पंचायत में एक ऐसे केंद्र की परिकल्पना की गयी है जहां पुस्तकालय के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा केंद्र, सूचना केंद्र एवं प्रशिक्षण केंद्र होगा। योजना के पहले वर्ष में 500 पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की जानी है। इस वित्तीय वर्ष में इस लक्ष्य को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। राज्य में लगभग 4500 ग्राम पंचायत हैं।उक्त केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं के साथ पाठ्य पुस्तकें, मैगजीन एवं ऑनलाइन शिक्षण एवं प्रशिक्षण की सुविधा होगी। इन केंद्रों की स्थापना से पंचायत में रहने ग्रामीण छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। पठन-पाठन की बेहतर पुस्तकें उपलब्ध होंगी। पंचायत स्तर के अधिकारी व कर्मियों को भी इन पुस्तकालय से लाभ होगा। पंचायती राज विभाग ने सभी जिलों को पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना कार्य तेजी से करने को कहा है।

### इंडिया बिगेस्ट ट्रेड फेयर 11 जून से मोरहाबादी मैदान म

रांची: उरांव महिला विकास समिति की ओर से पहली बार इंडिया बिगेस्ट ट्रेड फेयर 2023 का आयोजन किया जा रहा है। 11 जून से 15 जून तक मोरहाबादी मैदान में चलने वाले इस ट्रेड फेयर का उदघाटन 11 जून को शाम 5 बजे होगा। राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव, परिवहन विभाग चम्पई सोरेन और राज्यसभा सांसद महुआ माजी के द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में राज उरांव, प्रदेश अध्यक्ष आदिवासी युवा संगठन उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष संजीव तिवारी ने बताया कि इस आयोजन में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के लगभग 250 कुशल शिल्पकार अपनी लगभग 2,50,000 कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।

**हालात** गांव से बना शहर,पंचायत से बन गया नगर परिषद,मगर नहीं बदली लोगों की दशा

# बेरमो के कारीपानी के लोग आज भी पीते हैं चुआं खोद कर पानी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के कारीपानी के लोग कई सालो से नाले के किनारे चुआं खोद कर पानी भरते हैं और उसी पानी से खाना बनाते हैं साथ ही उसी चुआं के पानी से सारा काम करते हैं। यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए सालो से संघर्ष कर रहे हैं। यहां के लोग पानी की सुविधा से वंचित हैं। सांसद, विधायक और नगर परिषद से यहां के लोग काफी नाराज हैं। यहां के लोगों ने कहा की हम जब से शादी कर के यहां आए हैं उस समय से यही चुआं का पानी ले जाते है। सुबह से शाम हो जाता है चुआं से पानी ले जाने में घर का काम भी नहीं कर पाते हैं। यही पर सब समय बीत जाता है। कहा की हमलोगों ने ना कभी सांसद को देखा है और ना ही विधायक को देखे हैं। सिर्फ चुनाव के समय आते हैं। कहा की उनसे निवेदन है कि हमलोगों को इस पानी के विकट संकट से निजात दिलाए। इस भीषण गर्मी में झारखंड के कई इलाकों में पीने के पानी की किल्लत हो गई है। फुसरो नगर परिषद के कारीपानी की सूरत आज तक नहीं बदली है। इस गर्मी में कारीपानी के लोग चुआं का पानी पीने को मजबूर हैं सुबह होते ही यहां की महिलाए और बच्चे पानी के जुगाड़ में लग जाते है।भले ही यह क्षेत्र विकसित होकर पंचायत से नगर परिषद बन गया हो मगर यहां के लोगों को मौलिक मुलभूत सुविधा भी मुअस्सर नही, सबसे बड़ा सवाल आखिर जिम्मेदार कौन।



## समाजसेवी की असमय निधन पर शोक की लहर

**शहर >> अपडेट**

**वेस्ट बोकारो (घाटो) :** लईयो उतरी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि, भाजपा ओबीसी मोर्चा के घाटों मंडल अध्यक्ष, आजाद स्पोर्टिंग फुटबॉल क्लब लईयो के अध्यक्ष, क्षेत्र के जाने माने समाजसेवी, मृदुभाषी, मिलनसार, हंसमुख प्रवृत्ति धनी लईयो निवासी विश्वनाथ महतो( 45 वर्ष) का बुधवार रात्रि को हृदयगति रूक जाने से होप अस्पताल में निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

## ग्रामीणों ने पकड़ा मवेशी चोर को, पांच बैल बरामद

**बेरमो :** गोमिया प्रखण्ड के पडरिया के ग्रामीणों ने 07 जून की रात को नाटकीय ढंग से एक मवेशी चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया. ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की सुबह पडरिया के माधव यादव ने अपने बैल को चरने के लिए खोला था। लेकिन शाम को बैल घर वापस नहीं लौटा। उसके साथ गांव के ही नारायण यादव, करम यादव और बेलाटांड के गणेश रविदास के बैल भी गायब थे। वह अन्य ग्रामीणों के साथ बैल की खोजबीन में लगा था, तभी गांव से कुछ दूर गांगी जमुनी सुतिया नाला के निकट झाडी में दो बैल को बंधे दिखे।

## नामांकन कार्यक्रम का आयोजन

**बेरमो /फुसरो:** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के जीएम कॉलोनी स्थित ऑफिसर क्लब में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का जागरूकता एवं नामांकन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीसीएल ढोरी के एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। कार्यक्रम में ढोरी क्षेत्र के सैकड़ों कर्मी उपस्थित होकर इस योजना के संदर्भ में जाना ।इसमें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ढोरी कोलियरी के शाखा प्रबंधक मुकुल जोसफ सुरीन ने कर्मियों को इस योजना के लाभ के बारे में विस्तृत रूप से बताया।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

## घर लौटने के क्रम में गोमिया का युवक ओडिशा से लापता

**बेरमो :** गोमिया प्रखंड का महुआटांड निवासी 37 वर्षीय अरूण केवट विशाखापत्तनम से लौटने के क्रम में बालनगिरि स्टेशन से लापता हो गया है। उसका मोबाईल भी बंद बता रहा है ।उसके घर वाले परेशान हैं। महुआटांड के मुखिया प्रतिनिधि फूलचंद केवट ने बताया कि अरूण केवट पिछले माह 05 मई को विशाखापत्तनम गया था। 08 जून को वह वापस अपने घर गोमिया लौट रहा था ।उसके साथ दो साथी नंदवा केवट और सुभाष केवट भी थे। जिन्होंने फोन कर घर वालों को सूचना दी कि लौटने के क्रम में अरूण बालनगिरि स्टेशन पर ट्रेन से उतर गया। जानकारी मिलने के बाद उसकी पत्नी अनीता देवी और उसके पांच बच्चे काफी परेशान हैं ।अरूण का मोबाईल भी बंद है। मुखिया प्रतिनिधि ने जिला प्रशासन से युवक की खोजबीन करने का आग्रह किया है।

## सुभाष चौक सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया गया

**तेनुघाट :** गोमिया प्रखंड के होसिर पूर्वी पंचायत स्थित सुभाष चौक में गोमिया विधायक डॉ लम्बोदर महतो ने गुरुवार को सुभाष चौक सौंदर्यीकरण का शिलान्यास किया ।वहीं उन्होंने होसिर पश्चिमी पंचायत स्थित मियाबांध में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति का सौंदर्यीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया ।इस अवसर पर विधायक डॉ महतो ने कहा कि ग्रामीणों की बहुत दिनों से मांग थी कि होसिर पूर्वी और पश्चिमी पंचायत में दो दो महापुरुषों की प्रतिमाएं अवस्थित है, और इन जगहों का सौंदर्यीकरण होना बहुत ही जरूरी है ।ग्रामीणों की ही मांग पर आज सुभाषचंद्र बोस चौक एवं बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया है ।उन्होंने कहा कि आज ग्रामीणों के सहयोग और हमारे प्रयास से हर तरह की विकास योजना धरातल पर दिख रही है।

## भारत में फ्रांस के राजदूत का पीवीयूएन पतरातू दौरा



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** भारत में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन और लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ पतरातू परियोजना का दौरा किया। पीवीयूएनएल और बीएचईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रवींद्र कुमार, सीईओ (पीवीयूएन) ने मुख्य संयंत्र गेट पर उनका स्वागत किया। उन्हें सुरक्षा पार्क में सीआईएसएफ द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उसके बाद पौधारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त, परियोजना की प्रगति और सामुदायिक विकास पहलों पर प्रकाश डालने वाली एक संक्षिप्त प्रस्तुति सभी गणमान्य व्यक्तियों को दिखाई गई। आगे, एच ।ई। इमैनुएल लेनैन ने दौरा किया और बॉयलर और जीआईएस की प्रगति की समीक्षा की। इमैनुएल लेनैन ने सी ओ 2 उत्सर्जन को कम करने और समुदाय की आजीविका में सुधार के लिए की गई कार्रवाई की सराहना की।

## पीवीयूएन द्वारा आयोजित समर कैंप 2023 का समापन



राष्ट्रीय खबर

**पतरातू :** पंद्रह दिवसीय समर कैंप 2023 का समापन पीवीयूएन में एक शानदार समापन समारोह के साथ हुआ। इस अवसर की शोभा बढ़ाते हुए मुख्य अतिथि रवींद्र कुमार सीईओ पीवीयूएन ने समापन समारोह में अपनी आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के शिविर निश्चित रूप से पतरातू के बच्चों के सशक्तिकरण को गति देंगे। उन्होंने आयोजन को सफल बनाने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए टीम की प्रशंसा की और स्वर्णरेखा महिला समिति और बाल भवन को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि समर कैंप में अंतिम शो के लिए उत्साह और समर्पण देखने के लिए मनोरंजक भरा था। शिविर के दौरान छात्रों को योग, आत्मरक्षा, ललित कला और अन्य जीवन कौशल से अवगत कराया गया। समर कैंप 2023 एनटीपीसी के बालिका सशक्तिकरण मिशन के अनुरूप था जो एक प्रमुख सीएसआर पहल है। जिसका उद्देश्य युवा लड़कियों को उनके सपनों और आकांक्षाओं को साकार करने के लिए सशक्त बनाना है। इस शिविर के लिए आस पास के गांवों के 80 छात्र आगे आए। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती अलकनंदा पांडा उपाध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति ने युवा प्रतिभाशाली समूह को उनके प्रयासों और इसे एक शानदार सफलता बनाने के लिए सराहना की और धन्यवाद दिया। समापन समारोह के मुख्य कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पिछले 15 दिनों की सीख पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल था। जिसमें कराटे, योग, नृत्य और थिएटर प्रदर्शन शामिल थे। कार्यक्रम की एक प्रतिभागी अनु ने आगे आ कर कहा मुझे समर कैंप के दौरान घर जैसा महसूस हुआ और मैंने बहुत सी चीजें सीखीं।

## बोकारो के डीसी और एसपी ने फुसरो की छात्रा को किया सम्मानित



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** बोकारो जिला मुख्यालय स्थित सभागार में जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। फुसरो नप के करगली बाजार निवासी सह राम बिलास हाई स्कूल बेरमो की टॉपर छात्रा सोमा मुखर्जी को बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी चंदन कुमार झा ने सम्मानित किया। कुलदीप चौधरी ने कहा कि बच्चों ने जो मेहनत किया है उसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम जिला प्रशासन ने आयोजित किया है, ताकि अन्य बच्चों में भी अच्छा प्रदर्शन करने लालसा बढ़े। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने प्रतिभा का सम्मान करने की परंपरा शुरू की है। सभी विद्यालय अपने-अपने छात्रों को प्रोत्साहित करें। फुसरो नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह सोमा मुखर्जी के चाचा इंद्रजीत मुखर्जी ने कहा कि इस सम्मान समारोह से छात्रों का मनोबल बढ़ेगा एवं अगले वर्ष जिले का प्रदर्शन और भी अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। यह सम्मान समारोह बच्चों को काफी प्रोत्साहित करेगी। कहा कि इस प्रकार के आयोजन के लिए जिला प्रशासन बधाई का पात्र हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों पर अपनी मर्जी न थोपकर उनकी रुचि के अनुसार उन्हें विषय का चुनाव करने दें, क्योंकि बच्चों को जिसमें रुचि होगी उसी में बेहतर करेंगे। कार्यक्रम के दौरान डीसी व अन्य अतिथियों ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। जैक बोर्ड वार्षिक इंटरमीडिएट वाणिज्य परीक्षा में सोमा मुखर्जी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता चंदा मुखर्जी एवं प्रसन्नजीत मुखर्जी सहित चाचा सह फुसरो नप के पूर्व उपाध्यक्ष इंद्रजीत मुखर्जी को दिया।

## झारखंडी वनोत्पाद पियार बेचकर ग्रामीणों ने कमाया दस लाख



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** पियार झारखंड का एक वनोत्पाद फल है, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए यह आमदनी का एक अच्छा साधन भी है। गोमिया प्रखंड के सियारी गांव के ग्रामीण इस सीजन में करीब पचास क्विंटल पियार को बेचकर करीब दस लाख रुपये से अधिक की आमदनी की है। सियारी पंचायत अंतर्गत डुमरी गांव के मंडई टोला, महतो टोला, छोटकी कोयोटांड़, बड़की कोयोटांड़, मंझलीटांड़, उदा, दवार, गंझू टोला, गोसे, बिरहोर टंडा, पकरिया टोला व ताला टोला के ग्रामीणों ने इस वर्ष पियार बेचकर अच्छी आमदनी की है। मंडई टोला के ग्रामीण बाबूचंद मांझी, उदा गांव के जिलिंग टोला निवासी बुधन मांझी, दवार गांव के छोटेलाल मांझी, मंझली टांड़ के निरुलाल मांझी ने बताया कि इस वर्ष पियार की अच्छी उपज हुई थी। जिसे बेच कर उनकी आमदनी बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मई महीने में पियार को जंगल से तोड़कर लाये और उसके बीज को साफ कर व्यापारी को बेचा।

**क्या है पियार-** पियार एक तरह का फल है। इसके कई नाम हैं जैसे खोरठा में पियार, संथाली में ताराअ और हिंदी में चिरौंजी के नाम से जाना जाता है। जो झारखंड के जंगल में बहुतायत में मिलता है।अप्रैल व मई में होने वाला यह फल पकने पर इसका स्वाद खट्टा व मिठा होता है।

**परेशानी** नारकीय जीवन जीने को मजबूर है स्थानीय निवासी

# सांसद ने भुरकुंडा रेलवे साइडिंग में लगी आग का किया निरीक्षण,समस्या सुनी

राष्ट्रीय खबर

**भुरकुंडा :** भीषण गर्मी मे तपती आग व कोयला साईडिंग पर लगी आग से भदानीनगर मे आम जनजीवन पुरी तरह से ध्वस्त हो गया है। एक ओर जहां दिन रात उडते धूल से लोगो का जीना दुर्लभ था। वही दुसरी ओर साईडिंग पर लगी आग ने आम जीवन यापन करने वाले लोगो का जीना नरकीय जिंदगी पर मजबूर कर दिया है। रेलवे के उच्च अधिकारियों से लेकर लोकल प्रशासन ने जहा मौन धारण कर रखा है वही जिला स्तर के अधिकारियों पर भी किसी प्रकार की कोई गतिविधि



नही होती प्रतीत होती। है। वहीं जनता के हुंकार पर भुरकुंडा मे लोगो की सुध लेने हजारीबाग लोक सभा सांसद जयंत सिन्हा ने गुरुवार की देर शाम भुरकुंडा रेलवे साइडिंग के कोयला स्टॉक में लगी आग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्या भी सुनी। ग्रामीणों ने सांसद के कहा कि कोयला में आग लगने से आस पास के ग्रामीण धुल-धुंए से परेशान है। इस पर अंकुश लगाने की बात कही। मौके पर सांसद ने डीआरएम से फोन पर बात की। डीआरएम ने सांसद से कहा कि एक दिन में आग पर काबू पा लिया जाएगा। इधर सांसद ने लोगों से कहा कि मामला गंभीर है।

डीआरएम से बात हो गई है। जल्द आग पर काबू पा लिया जायेगा। इधर कोयला में लगी आग को बुझाने में चार दमकल की गाड़ियां लगी है। साथ ही साइडिंग के लोग कोयला को युद्ध स्तर पर दूसरे जगह पर शिफ्ट करने में लगी हुई है। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि आग और धूल-धुंए पर काबू पाने के लिए रेल प्रशासन और जिला प्रशासन से मिलकर जल्द इसका समाधान करें। इससे पूर्व भदानीनगर मंडल उपाध्यक्ष अनूप ठाकुर के नेतृत्व में उनका स्वागत हनुमान मंदिर के समीप किया गया। मौके जगतार सिंह, सतीश मोहन मिश्रा, सागर दांगी, सुमन सिंह, नितेश ओझा, रियाज, मुन्ना ओझा, प्रदीप बेदिया, श्याम महतो सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रुद्र महायज्ञ को लेकर कुजू कुंदरिया बांध में की गई भूमिपूजन सह ध्वजारोहण



**कुजू :** नवनिर्मित हनुमान मंदि क्षयर प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कुंदरियाबांध कुजू में भूमि पूजन सा ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इस मौके पर यज्ञाचार्य विकास कुमार पांडे , सह आचार्य भूप नारायण पांडे चंदन पांडे ,गौतम पांडे ,प्रकाश पांडे के द्वारा सपत्नीक प्रधान यजमान महेंद्र प्रसाद मेहता, ननकी देवी , यजमान चिंतामणि महतो ,झुनवा देवी ,लखन साव ,जिरवा देवी , मनोज साव, सरिता देवी बबलू गुप्ता ,प्रमिला गुप्ता को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराया । तत्पश्चात गाजे बाजे के साथ झूमते हुए महावीरी झंडा लेकर सैकड़ों की संख्या मे महिला पुरुष एवम बच्चे यजमान सहित कुजू अलंकार सिनेमा ऐसी मंदिर डटमा मोड़ बजरंगबली मंदिर , देवी मंडप , वैष्णो मंदिर कुजू बस्ती , होते प्राचीन शिव मंदिर कुजू और कुजू बस्ती बजरंगबली मंदिर में देवी देवताओं का आह्वान करते हुए वापस यज्ञ स्थल पर पहुंच कर मंत्रोच्चार के साथ ध्वजा को गाड़ा गया । मौके पर सभी श्रद्धालु के द्वारा जय श्रीराम जय हनुमान हरहर महादेव के जयकारा से क्षेत्र गुंज्यमान हो गया । ज्ञात हो कुजू कुंदरियाबांध में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 24 जून से 28 जून तक श्री श्री 1008 हनुमत साथ रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है । इस मौके पर कमेटी के कुजू पश्चिमी मुखिया जय कुमार ओझा , कुजू दक्षिणी मुखिया राकेश कुमार रॉक , कुजू पूर्वी पूर्व मुखिया अशोक कुमार , कांग्रेस के प्रदेश सचिव धर्मराज राम, समाजसेवी कामेश्वर साव , अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता सचिव आशीष मुखर्जी, सुभाष कुमार, पंकज गुप्ता, पप्पू गुप्ता,शिवा मेहता ,राजेश पांडे , संजय साव , छवि भुइयां , रवि गुप्ता , विद्याभूषण त्रिवेदी , प्रदीप गुप्ता , टेक नारायण मेहता , अनिल मेहता , विक्रम ठाकुर सतीश कुमार टिंकू भुइया सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे ।

## मारवाड़ी युवा मंच का कार्य सराहनीय है: जीएम एम के राव



बेरमो :भगवान बिरसा मुंडा की123 वी पुण्यतिथि के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा के द्वारा- प्राथमिक विद्यालय घुटियाटांड बस्ती मे स्थायी पनशाला लगाई गई। जिसका उद्घाटन बीएडके महाप्रबंधक एमके राव एवं बेरमो मारवाडी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेंद्र खेमका और मारवाड़ी युवा मंच बेरमो के अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। जीएम श्री राव ने कहा कि भूखे को खाना खिलाना, प्यासे को पानी पिलाना, हमारा परम धर्म है। इस कहावत को चरितार्थ करते हुए मारवाड़ी युवा मंच बेरमो के द्वारा प्राथमिक विद्यालय घुटियाटांड बस्ती मे स्थायी पनशाला लगाई गई। जहाँ शुद्ध ठंडा जल का मशीन लगाया है। ताकि आते जाते राहगीर अपनी प्यास को बुझा सके। प्यासो को पानी पिलाकर हमारे मन को सुकून मिलता है। कहा कि मंच का कार्य सराहनीय है। इस कार्यक्रम में युवा मंच के सचिव सोनू अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अरुण अग्रवाल सम्मेलन के सचिव नेमीचंद गोयल, कोषाध्यक्ष मुरारी बधालका, युवा मंच के सदस्य प्रवीण अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, रिंकू अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल,दिलीप गोयल, मुकेश शर्मा एवं मंच के सभी सदस्यऔर गांव के गणमान्य लोग तथा स्कूली बच्चे आदि उपस्थित थे।

## भगवान बिरसा मुंडा के साहस, समर्पण और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा: जीएम



**बेरमो :** बेरमो कोयलांचल में शुक्रवार को झारखंड के महानायक धरती आबा बिरसा मुंडा याद किए गए। करगली गेट स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर बीएंडके महाप्रबंधक एम।के।राव,पीओ राजीव कुमार, पीओ मनोज कुमार, एफएम जी चौबे, एसओ पीएडपी एस के झा, एएमओ डॉ एसके भारतीय, सीएसआर संजीत कुमार, कार्मिक प्रबंधक विश्वास वत्स सहित यूनियन प्रतिनिधि गजेंद्र प्रसाद सिंह, टीनू सिंह, गणेश महतो, अनिल सिंह, दिलीप मारिक, पंकज महतो, विनय पाठक,सुशील सिंह आदि ने धरती आबा बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। जीएम श्री राव ने कहा कि झारखंड की सभ्यता संस्कृति को बचाने के लिए उनके बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा के साहस, समर्पण और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। कहा जल, जंगल और जमीन के अधिकार के लिए संघर्ष करने वाले घरती आबा ने देश के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी। उनके साहस, समर्पण और बलिदान प्रत्येक भारतीय को सदैव प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर काफी संख्या मे लोग भगवान बिरसा मुंडा की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## अज्ञात अपराधियों ने दुग्दा बस्ती निवासी 55 वर्षीय अब्बास खान को मारी गोली

**बेरमो :** दुग्दा थाना क्षेत्र के दुग्दा बस्ती में गोली चलने की यह दूसरी घटना है! 1 वर्ष पूर्व 16 मई 2022 को रंजीत सिंह नामक युवक पर अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारने की घटना घटी थी पर इसमे रंजीत सिंह की जान बच गई थी! एक बार फिर दुग्दा बस्ती के जेएमएम नेता अब्बास खान नामक युवक को। अज्ञात अपराधियों द्वारा। गुरुवार की रात्रि लगभग सवा 10 बजे। आवास जाने के क्रम में बद्री रवानी के घर के सामने। अज्ञात अपराधियों ने गोली मारी। गोली की आवाज सुन आसपास के लोग घटनास्थल पर पहुंचने लगे। जिसे देख नकाबपोश अपराधी फरार हो गए। कुल 3 राउंड गोली में, अब्बास खान को दो गोली लगी है ।एक दाहिने कंधे पर और दूसरी पेट पर। जिसे स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से, दुग्दा थाना प्रभारी कन्हैया राम ने, तत्काल बोकारो जनरल अस्पताल ले गए। जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। जहां अब्बास खान की इलाज चल रही है। पर स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। इस गोलीकांड की घटना से पुलिस तेजी से कार्रवाई कर रही है। वैसे अब्बास खान एक सीधा साधा। सरल स्वभाव के सामाजिक। व मिलनसार व्यक्ति हैं। यह दुग्दा बस्ती में अकेले रहा करते हैं। इनके दो बेटे एवं दो बेटियां मां के साथ बिशुन गढ़ में रहती हैं। साधारण किस्म का व्यक्ति अब्बास खान के पास चलने के लिए मोटरसाइकिल तक नहीं है। ऐसे साधारण व्यक्ति को गोली मारना बहुत ही आश्चर्य की बातें हैं।

## संपादकीय

# परस्पर विश्वास की बहाली सबसे जरूरी है

मणिपुर के जो हालात है, वे ठीक नहीं है। गंभीर स्थिति यह है कि शेष भारत को इस हालात के दूरगामी परिणामों की चिंता नहीं है। आग अगर वहां लगी है तो उसकी लपटें दूसरे इलाकों तक भी फैल सकती है, इस बात को समझना होगा। देश ने पूर्वोत्तर की आग का कुप्रभाव पहले भी देखा है। इसके अलावा पंजाब की हालत की अनदेखी करने का परिणाम भी हम झेल चुके हैं। इसलिए पूरे देश को इस बात के लिए चिंतित होना चाहिए कि मणिपुर के हालात गंभीर है। इतने गंभीर हालात को बेहतर बनाने की दिशा में संवाद का महत्वपूर्ण रास्ता आवश्यक है। पहले अलग-अलग विरोधी पक्षों के बीच संवाद को स्थापित किया जाना चाहिए और प्राथमिकता में शांति को बनाए रखना चाहिए। इसके बाद ही इसकी महत्त्व स्थापित होगी और दीर्घकालिक या स्थायी समाधान का निर्धारण हो सकेगा। इसके लिए अमित शाह का एक दौरा पर्याप्त नहीं होगा क्योंकि यह स्पष्ट हो चुका है कि वहां की जनता साफ साफ दो धड़ों में बंटी हुई है। केंद्रीय गृह मंत्री की




पहल और हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करके राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों के साथ बातचीत करने के बाद राज्यपाल की अध्यक्षता में एक शांति समिति की गठन करने के साथ-साथ हिंसा में मारे गए लोगों के परिजनों के लिए मुआवजे के अलावा राहत और पुनर्वास पैकेज की घोषणा की हैं। इसके साथ ही, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश स्तर के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक न्यायिक आयोग का गठन भी किया गया है। जो जातीय हिंसा की जांच करेगा। इतना कुछ होने के बाद भी भारतीय सेना को हथियारों की तलाशी के लिए अभियान चलाना पड़ रहा है। यह चिंता का विषय है। मणिपुर में वर्तमान में गंभीर हालात हैं और उन्हें सुधारने के लिए संवाद की आवश्यकता है। इस परिस्थिति में, विभिन्न विरोधी पक्षों के बीच संवाद स्थापित किया जाना चाहिए और प्राथमिकता को शांति बनाए रखना चाहिए। इसके अलावा, सभी पक्षों को शांति की राह पर बढ़ने के लिए यह महत्वपूर्ण है कि गृह मंत्री एक ऐसा बयान दें जो उग्र पक्षों को शांत होने और समस्या के समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहित करे। उच्च न्यायालय के द्वारा जल्दबाजी में लिए गए फैसले के बजाय, शांति के लिए सरकारी प्रयासों का मजबूत समर्थन करना चाहिए और अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। वर्तमान में हिंसा में शामिल समूहों की गतिविधियों पर नजर रखने की जरूरत है, क्योंकि छोटी घटनाओं से भी विरोधी पक्षों को भटका दिया जा सकता है। इसलिए, सभी पक्षों को सहजता से संवाद करना चाहिए और एक संविधानिक और कानूनी समाधान के लिए सहमति बनानी चाहिए। इसके अलावा, केंद्र सरकार को मणिपुर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए संघर्षरत मैतेई और कुकी समुदायों के बीच न्यूनतम सहमति की जमीन तैयार करने के लिए काम करना चाहिए। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जे से जुड़ा विवाद का समाधान नहीं हिंसा और अराजकता से हो सकता है, बल्कि इससे नए कानूनी मुद्दों की उत्पत्ति हो सकती है। इसलिए, हमें संवाद का माध्यम चुनना चाहिए और विभिन्न स्थानीय जनजातीय समुदायों के बीच सहमति को प्राथमिकता देनी चाहिए। संबंधित पक्षों से विचार-विमर्श करने के बाद ही कोई निर्णय लिया जाना चाहिए। इस प्रकार की स्थिति में, सभी पक्षों को शांति और हल द्वारा आगे बढ़ने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। अन्यथा, हिंसा और उत्पीड़न की वृद्धि होगी, जो सभी को नुकसान पहुंचाएगी। हमें सभी पक्षों के बीच शांति की राह पर आगे बढ़ना चाहिए और उत्पीड़न और हिंसा को नियंत्रित करना चाहिए। वोट या समर्थन के लिए कई बार ऐसे कदम उठाए जाते हैं, जिनके परिणामों का पूवार्नुमान नहीं किया जा सकता। दुखद यह है कि मैतेई समुदाय के मुद्दे पर हुई हड़बड़ी के बाद मणिपुर में अब तक कई लोगों की जानें चली गई हैं। इस मुद्दे को केंद्रीय गृह मंत्री ने भी बयान करके साधा है। अगर ऐसी ही स्थिति जारी रही तो स्थिति और जटिल हो सकती है। इसलिए सभी पक्षों को आवश्यकता है कि वे संवाद के माध्यम से संतुलित समाधान तक पहुंचें। हालांकि, चुनाव और समर्थन के लिए कदमों को बहुत बार उठाया जाता है, जिसके परिणामों का पहले से पता नहीं चलता। खेद की बात है कि मणिपुर में मैतेई समुदाय के मुद्दे पर हुई हंगामे के बाद से कई लोगों की जानें चली गई हैं। इसे केंद्रीय गृह मंत्री ने भी मान्यता दी है। यदि ऐसी ही स्थिति जारी रहती है, तो हालात और जटिल हो सकते हैं। इसलिए, सभी पक्षों को आवश्यकता है कि वे संवाद के माध्यम से संतुलित समाधान तक पहुंचें। वरना घटनाक्रम तो यही बताते हैं कि बहुसंख्यत मैतेई समुदाय को भी आदिवासी का दर्जा देने का प्रभाव पूरे इलाके के आदिवासी संतुलन को ही बिगाड़ देने वाला साबित हुआ है। देश के हित में हर बार सिर्फ वोट की राजनीति खतरनाक होती है।

# एमएसपी की घोषणा अच्छा कदम पर खरीद सुनिश्चिति भी बड़ा दायित्व

केन्द्र सरकार ने खरीफ फसल की धान एवं ज्वार की दो किस्मों सहित 16 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर एक बार फिर किसानों को बड़ी राहत दी है। देखा जाए तो एक दशक पहले यानी कि 2010-11 की तुलना में एमएसपी में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है तो कृषि लागत में भी बढ़ोतरी हुई है। खरीफ फसलों में वैसे तो सबसे अधिक तिल की एमएसपी में 805 और मूंग के भावों में 803 रु. की बढ़ोतरी की गई है। कहा यह भी जा रहा है कि चाहे धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, तिल, रामतिल व कपास सभी के भावों में लागत से 50 प्रतिशत से भी अधिक की बढ़ोतरी की गई है। अच्छी बात यह मानी जा सकती है कि अब केद्र सरकार द्वारा बुवाई आरंभ होने से पहले ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी की सरकारी खरीद की न्यूनतम दर तय कर देती है। हांलाकि विचारणीय प्रश्न और किसान संगठनों के



**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
पत्रकार

आंदोलन का एक प्रमुख कारण, कि जिस तरह से सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करती है ठीक इस तरह की व्यवस्था सुनिश्चित करदें कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से मण्डी में भाव कम आएं तभी सरकारी खरीद बिना किसी ना नुकर के आरंभ हो जाएं। इस तरह की व्यवस्था पहले से ही तय हो जाए तो फिर एमएसपी का अन्नदाता को पूरा पूरा लाभ मिल सकता है। दरअसल यक्ष प्रश्न यह हो गया है कि सरकारी खरीद कब से आरंभ हो और किस जिंस की हो। दर असल और खासतौर से खरीफ अनाज यानी बाजरा, रागी, मक्का आदि का न्यूनतम मूल्य प्राप्त करने के लिए किसानों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बहुत अधिक जोर देने पर बाजरा की खरीद कभी तो आरंभ हो जाती है व कभी मांग यों ही निकल जाती है। सवाल यह है कि जब सरकार एमएसपी घोषित करती है तो उसी दिन यह व्यवस्था भी सुनिश्चित हो जानी चाहिए कि सरकार द्वारा घोषित एमएसपी राशि तो काश्तकार को मिले ही मिले। इसके लिए उसे किसी की और ताकना नहीं पड़े। किसान आंदोलन के चलते जो सबसे महत्वपूर्ण विवाद का कारण एमएसपी व्यवस्था जारी रखने की गॉरन्टी को लेकर है। सरकार का दावा रहा है कि एमएसपी व्यवस्था किसी भी तरह से प्रभावित नहीं हो रही है। दरअसल एमएसपी व्यवस्था को लेकर एक खासतौर से विवाद की स्थिति बनी हुई है।

किसानों को कम से कम उनकी लागत का पूरा मूल्य मिल सके इसके लिए सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में पहली बार 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। इसके बाद सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने की और कदम बढ़ाए। केन्द्र सरकार द्वारा सीएसीपी यानी कि कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाने लगी। आज देश में 23 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। इसमें 7 गेहूं, धान आदि अनाज फसलें, 5 दलहनी फसलें, 7 तिलहनी फसलों 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। नकदी फसलों में गन्ना के सरकारी खरीद मूल्य की सिफारिश गन्ना आयोग द्वारा की जाती है तो गन्ने की खरीद भी सीधे गन्ना मिलों द्वारा की जाती है। इसी तरह से कपास की खरीद सीसीआई यानी कि कॉटन कारपोरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा की जाती है। मुख्यतौर से अनाज की खरीद भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से और दलहन व तिलहन की खरीद नेफैड द्वारा राज्यों की सहकारी संस्थाओं और अन्य खरीद केन्द्रों के माध्यम से की जाती है। केरल सरकार ने 16 तरह की सब्जियों के बेस मूल्य तय कर सब्जी उत्पादक किसानों को बड़ी राहत देने की पहल की है तो हरियाणा सरकार भी केरल की तरह हरियाणा सरकार भी सब्जियों का बेस मूल्य तय करने की दिशा में कदम बढ़ा रही है।

किसानों के लिए सर्वाधिक चर्चित एमएस स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने को लेकर भी प्रमुखता से जोर दिया जाता रहा है। एमएस स्वामीनाथन आयोग ने 2004 में अपनी सिफारिश में न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का एक फामूर्ला सुझाते हुए सुझाव दिया कि उत्पादन लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक एमएसपी घोषित की जाए। एमएसपी की सिफारिश करते समय सीएसीपी द्वारा देश के अलग अलग हिस्सों में फसल के अनुसार प्रति हैक्टेयर लागत, खेती के दौरान अन्य खर्चों, भण्डारण की स्थिति, विदेशों में उपलब्धता आदि पैमाने पर आकलन कर प्रत्येक फसल की एमएसपी की सिफारिश की जाती है। 2004 में स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को ध्यान में रखते हुए केन्द्र सरकार ने 2018-19 में उत्पादन लागत से 50 प्रतिशत अधिक मूल्य घोषित करने का निर्णय किया। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि केन्द्र व राज्य सरकारों द्वारा एमआईएस यानी कि बाजार हस्तक्षेप योजना के तहत एमएसपी के दायरें में नहीं आने वाली फसलों की खरीद की व्यवस्था करती आई है। लहसुन की खरीद, प्याज की खरीद आदि इसका उदाहरण है।

देश के अधिकांश प्रदेशों में एमएसपी पर खरीद व्यवस्था का विश्लेषण किया जाए तो कुछ दशकों पहले तक स्थितियां बिल्कुल अलग रही है। यह तो साफ है कि गेहूं और धान की खरीद सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर की जाती रही है और इसका प्रमुख कारण सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत वितरण व्यवस्था के सुचारु संचालन और बाजार पर नियंत्रण रखना रहा है। अन्य फसलों का जहां तक सवाल है देश के अधिकांश प्रदेशों में खाद्यान्नों की खरीद एफसीआई द्वारा राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों के माध्यम से सहकारी संस्थाओं के माध्यम से व तिलहनों और दलहनों की खरीद नैफड द्वारा भी इसी व्यवस्था के तहत की जाती रही है। एक समय था जब राजस्थान प्रमुख सरसों उत्पादक प्रदेश होने के कारण प्रायः एक साल छोड़कर दूसरे साल एमएसपी की खरीद की आवश्यकता महसूस होती थी। बाजार व्यवस्था का अध्ययन करें तो यह सामान्य धारणा व वास्तविकता थी कि बाजार में जब भी किसी फसल के भाव एमएसपी से नीचे आने लगते तो राज्यों के मार्केटिंग फैडरेशनों द्वारा खरीद की घोषणा करते हुए बाजार में भावों में हल्की तेजी तो तत्काल देखने को मिल जाती थी। इसी तरह से एमएसपी पर खरीद शुरू करने के समय यह माना जाता था कि अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक खरीद होते होते बाजार में उस फसल के भाव एमएसपी के बराबर या अधिक आ जाएंगे और वास्तविकता तो यह रही कि दस से 15 प्रतिशत तक खरीद होते होते मण्डियों में भाव लगभग एमएसपी के आसपास आ ही जाते थे।

## नजरिया

# यूपी में प्रियंका के बाद कौन, में उलझा कांग्रेस आलाकमान

आम चुनाव में अब कुछ ही महीने का समय ही बचा है।सभी दलों के नेता गठबंधन करने और चुनाव जीतने के लिए रणनीति बना रहे हैं।उधर, लोकसभा चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाताओं की परिक्रमा कर रहे हैं।सभी राष्ट्रीय और क्षेत्रीय पार्टियों में सियासी हलचल बढ़ी हुई है।उत्तर प्रदेश में भी यही स्थिति है।भारतीय जनता पार्टी,समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के भीतर चुनावी मंथन का दौर चल रहा है,लेकिन पूरे परिदृश्य से कांग्रेस पूरी तरह से गायब है।ऐसे समय में जब कर्नाटक जीतने के बाद कांग्रेस का सियासी पारा बढ़ा हुआ है तब भी यूपी में कांग्रेस ह्यकोमाह्लमें नजर आ रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी ने तो यूपी से दूरी बना ही ली है,उनकी जगह यूपी कांग्रेस में जान फूंकने आई कांग्रेस महासचिव और यूपी की प्रभारी प्रियंका वाड्रा ने भी यूपी की राजनीति से मुंह मोड़ लिया है।कभी कधार ट्विटर के जरिए जरूर प्रियंका अपनी



**स्वदेश कुमार**
स्तंभकार

उपस्थिति दर्ज करा लेती हैं।वर्ना तो उनका यूपी से कोई नाता ही नहीं रह गया है।अब तो चर्चा यह भी चल रही है कि प्रियंका वाड्रा का भी यूपी कांग्रेस प्रभारी पद से मन भर गया है।प्रियंका यूपी की राजनीति से पूरी तरह से किनारा करके राष्ट्रीय राजनीति में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। जहां उनके लिए उम्मीदें ज्यादा हैं। उनके लिए यहां पीएम की कुर्सी के लिए पिच पर टिका रहना ज्यादा आसान लगता है। अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होना है और राहुल गांधी को मानहानि के एक केस में सजा सुनाए जाने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंद्ध लगा हुआ है। जबकि सजा सुनाए जाने से पूर्व तक राहुल गांधी को ही कांग्रेस की तरफ से प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार माना जाता था। बदली परिस्थितियों में प्रियंका को अपने लिए काफी संभावनाएं दिख रही हैं।ऐसे में उनका यूपी कांग्रेस का प्रभारी बने रहना का कोई औचित्य भी नहीं बचा है।

**अगले वर्ष लोकसभा चुनाव होना है और राहुल गांधी को मानहानि के एक केस में सजा सुनाए जाने के बाद उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंद्ध लगा हुआ है।**

सूत्रों की मानें तो आगामी चुनाव की तैयारियों को देखते हुए राज्य में कांग्रेस (को जल्द ही नया प्रभारी मिल सकता है। दावा है कि कई राज्यों में चुनाव में व्यस्तता के चलते प्रियंका गांधी अपना प्रभारी पद छोड़ सकती हैं। हालांकि पार्टी में नए नामों को लेकर मंथन जैसी शुरू हो गया है।सूत्रों के अनुसार कई नाम यूपी कांग्रेस प्रभारी की रेस में हैं। हरीश रावत और तारिक अनवर का नाम इस रेस में सबसे आगे बताया जा रहा है। इनको कांग्रेस का राज्य में प्रभार दिया जा सकता है। हालांकि अभी पार्टी जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं लेना चाहती है। यूपी में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का भी एलान होना है, इसको लेकर भी कई नामों पर चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि प्रदेश कार्यकारिणी में क्षेत्रीय अध्यक्षों को जगह दी जा सकती है। राजनीतिक के जानकारों की मानें तो कर्नाटक चुनाव के बाद पार्टी में संगठन स्तर पर कुछ नेताओं की जिम्मेदारी को बढ़ाया जा सकता है। खास तौर पार्टी में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी को देखते हुए ये बदलाव काफी अहम होगा। सूत्रों की मानें तो कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी की भूमिका बदलेगी।वह चुनावी राज्यों में ज्यादा समय देंगी। बता दें कि इस साल के अंत तक राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में चुनाव होने वाले हैं। कांग्रेस की सरकार राजस्थान और छत्तीसगढ़ में है, जबकि बीजेपी की सरकार मध्य प्रदेश में है। हालांकि कर्नाटक में जीत के बाद अब कांग्रेस ने इन राज्यों में तैयारी तेज कर दी है,लेकिन कांग्रेस के लिए राजस्थान में हालात काफी खराब है। कांग्रेस के लिए वापसी आसान नहीं होगी,इसी लिए कांग्रेस ने यहां कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं।

# संस्कार

## प्रेरक प्रसंग



लगभग दस साल का एक बालक राधा का गेट बेल बजा रहा था। राधा ने बाहर आकर पूछा क्या है क्यों बेल बजा रहे हो ?

बालक बोला - आंटी जी क्या मैं आपका गार्डन साफ कर दूं ?

राधा - नहीं हमे साफ नहीं कराना।

फिर हाथ जोड़कर दयनीय स्वर में वह बालक बोला : आंटी प्लीज साफ करवा लीजिए, मैं बहुत अच्छे से साफ करता हूं।

उसकी बात सुनकर राधा द्रवित हो उठी और उस बच्चे को गार्डन साफ करने के बदले कितना पैसा लेगा जब पूछा तो वह बालक बोला आंटी जी पैसा नहीं चाहिए। आप मुझे बस खाना दे देना। राधा को लगा कि बच्चा बहुत भूखा है इसलिए खाना मांग रहा होगा। मैं इसे पहले कुछ खाना दे देती हूँ और थोड़ी देर में राधा खाना लेकर आयी और बोली लड़के पहले तू खाना खा ले फिर काम करना।

बच्चा बोला - नहीं आंटी जी पहले मैं काम खत्म कर लूं फिर आप खाना दे देना।

ठीक है कहकर राधा अपने काम में मशगूल हो गई।

एक घंटे में उस लड़के ने अपना काम निपटा लिया और आंटी को दिखाकर के बोला, देखिए आंटी अच्छी सफाई हुई है।

राधा उसके बढ़िया काम को देखकर अत्यधिक प्रसन्न हुई उसके काम से खुश होकर राधा तुरंत भीतर से खाना लेकर आयी और उसे लड़के को दिया बालक ने जेब से एक थैला निकला और खाने को उस थैले में रख लिया। ये देख राधा को आश्चर्य हुआ और बोली तुम्हे तो भूख लगी थी न तो फिर ये खाना पैक क्यों कर लिया, तू खाना यही खा ले और जरुरत होगी तो और भी दूंगी।

बालक बोला - नहीं आंटी मेरी बीमार मां घर पर है।

सरकारी अस्पताल से दवा तो मिल गयी है, पर डॉ। साहब ने कहा है कि दवा खाली पेट नहीं खाना है।

राधा उस बालक की बात सुनकर भावुक हो गयी बस उसकी आंखों से आंसू निकलने वाला था उसने उस मासूम बालक को खुद अपने हाथों से खाना खिलाया और उसकी माँ के लिए ताजी गर्म रोटियां बनाई। बालक के साथ उसके मां के पास गयी और कही - बहन आप बहुत अमीर हो जो 'दौलत'आप ने अपने बेटे को दी है वो हम अपने बच्चों को नहीं दे पाए। आप धन्य है आपका बच्चा बड़ा ही 'खुद्दार'हैं।

## जानकारी

# भुवनेश्वर



भुवनेश्वर भारतीय राज्य ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर, निस्संदेह राज्य का सबसे बड़ा शहर है और इसे राज्य के साथ-साथ भारत के पूरे पूर्वी हिस्से में अर्थव्यवस्था और संस्कृति का केंद्र माना जाता है। ऐतिहासिक मंदिरों की विशाल संख्या और यहां पाए जाने वाले मूल्यवान विरासत संसाधनों की संख्या के कारण शहर को अक्सर 'मंदिर शहर' के रूप में भी जाना जाता है। भारत का यह आधुनिक शहर 1948 के आसपास ही स्थापित होने के लिए जाना जाता है। यह शहर गर्व से हिंदू, जैन और बौद्ध संस्कृति में विविधता और एकता को दशार्ता है, यही वजह है कि यहां कई खूबसूरत और असाधारण कलिंगन मंदिर देखने लायक हैं। यह कोणार्क और पुरी के साथ पूर्वी भारत में सबसे अधिक देखी जाने वाली जगहों में से एक है और तीनों मिलकर एक 'गोल्डन ट्रायंगल'बनाते हैं।

# रियलमी के नए स्मार्टफोन लॉन्च

## साइबर दुनिया



नई दिल्ली: रियलमी (Realme) ने भारत में Realme 11 Pro सीरीज को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने दो नए स्मार्टफोन- Realme 11 Pro और Realme 11 Pro + को पेश किया है। सीरीज की सबसे बड़ी खूबी Pro + मॉडल में दिया गया 200 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा है। कंपनी का दावा है कि इस सेंसर की मदद से शानदार तस्वीरें ली जा सकती हैं। डेडिकेटेड मून मोड दिया गया है, जिसके जरिए चांद का खूबसूरत नजारा कैद किया जा सकता है। डिजाइन के लेवल पर भी इन स्मार्टफोन-?स को उम्दा बनाया गया है।

**Realme 11 Pro+ और Realme Pro की भारत में कीमत व उपलब्धता**

रियलमी 11 प्रो (Realme 11 Pro) का बेस वेरिएंट 8GB रैम + 128GB स्टोरेज के साथ आता है। इसकी कीमत 23,999 रुपये है। 8GB + 256GB वेरिएंट के दाम 24,999 रुपये हैं। 12GB+256GB वेरिएंट भी कंपनी लाई है, जो 27,999 रुपये का है। इसे 16 जून को दोपहर 12 बजे से एमेजॉन, रियलमी वेबसाइट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर बिक्री के लिए लाया जाएगा। वहीं, रियलमी 11 प्रो प्लस (Realme 11 Pro+) के 8GB रैम और 256GB स्टोरेज मॉडल के दाम 27,999 रुपये हैं। 12GB रैम और 256GB स्टोरेज मॉडल की कीमत 29,999 रुपये है। इसे 15 जून को दोपहर 12 बजे से बिक्री के लिए लाया जाएगा। दोनों फोन्स को आज शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक अर्ली एक्सेस सेल में भी पेश किया जाएगा।

**Realme 11 Pro के स्पेसिफिकेशंस और फीचर्स**

Realme 11 Pro में 6.7 इंच का एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। यह 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट और फुल एचडी+ रेजॉल्यूशन ऑफर करता है। रियलमी ने इस फोन को मीडियाटेक के डाइमेंसिटी 7050 प्रोसेसर की ताकत दी है। यह मीडियाटेक का एकदम नया प्रोसेसर है और लावा अग्नि 2 5जी (Lava Agni 2 5G) स्मार्टफोन में भी मिलता है।

## टॉप ट्वीट

"एलएसी (अब उत्तराखंड में ) पर चीनी सैन्य निर्माण के दुस्साहस से हमारी क्षेत्रीय अखंडता प्रभावित हो रही है।" उन्होंने कहा,"देश मोदी जी द्वारा चीन को दी गई 'क्लीन चिट' की भारी कीमत चुका रहा है। चीन का सामना रणनीतिक रूप से एक साथ होना चाहिए, न कि खोखला दावा करके।"

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
कांग्रेस अध्यक्ष





" जैसा कि विजय कह रहे हैं कि वो लस्ट स्टोरी में बेहद क्यूट बॉय का रोल प्ले कर रहे हैं और साथ ही एक वीडियो भी शेयर किया है।"

**सुजॉय घोष**
निर्देशक

## संपादक के नाम पत्र

### वाणी मनुष्य की भाषा और मौन देवताओं की भाषा

हमारे भारतीय मनीषियों ने हमारी भाषा को वाकशक्ति बताया है ।कहा जाता है जब कोई बोलता है तो वह मनुष्य है और जब मौन हो जाता है वह तो देवता है। वाणी में असीम शक्ति है,परन्तु मौन में उससे भी प्रचंड शक्ति है ।मनुष्य अपने अंत:करण की शक्ति को बोल कर ही बिखेर देता है ।किंतु साधक मौन रहकर उस शक्ति को आत्म शक्ति को संवर्धन में उपयोग करते है। और मौन द्वारा अपने भावों को अत्यधिक प्रभावशाली बना देता है ।मौन व्यक्ति को अत्यधिक प्रभावकारी बना देता है ।मौन व्यक्तित्व को अधिक प्रभावशाली और लोकप्रिय बनाता है ।जो जितना कम बोलता है उसकी वाणी उतनी ही प्रभावशाली होती है। मौन मनुष्य की सर्वप्रियता का एक अचूक साधन है ।मौन रहने वाला कलह से कटुता से बचता है। मौन एक रक्षा कवच है जिसमे ज्ञानी और मूर्ख दोनों का समावेश है ।ज्ञानी मौन रहता है तो उसका वह गुण है ।भूषण है और सत्य व्रत की रक्षा कर सकता है ।लोग उसे समझदार जमझते है । मूर्खता का ढक्कन है मौन!मौन कभी भी दूसरों को हानि नही पहुंचाता है ।जब कि मनुष्य बोलकर कलह विग्रह,विद्वेष फुट और हिंसा मो भड़काता है ।दुसरो के दिलो में तीर चुभो सकता है। जिससे दंगे,फसाद, खून खराबा होता है उनमें भडकिले भाषण उतेजक शब्द ही ज्यादा काम आते है। पहले बोलिया चलती है फिर गोलियां चलती है ।अंडे देने के बाद मुर्गी यह मूर्खता करती है कि वह चहचहाने लगती है ।उसकी चहचहाहट सुनकर कौआ आ जाता है ।वह उसके अंडे छीन लेता है ।जो वस्तुएं अपने भावी संतान के खाने के लिए रखी थी उन्हें भी वह चट कर जाता है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष का नंबर जारी

**हजारीबाग :** उड़ीसा राज्य के बालासोर में दिनांक 2 जून, 2023 को हुए भीषण रेल दुर्घटना में हजारीबाग जिले के यात्रियों के हताहत होने की आशंका है। ऐसे में यदि कोई हजारीबाग जिले के प्रवासी मजदूर/व्यक्ति बालासोर, उड़ीसा रेल दुर्घटना में हताहत हुए हैं तो प्रावधानानुसार सुलभ सहायता के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के दुरभाष सं0 9470132591, 9431336427, 9431336398, 9431336472, 9431336432 अथवा उप श्रमायुक्त, हजारीबाग के कार्यालय व दूरभाष संख्या 7292800971 पर घायलों/मृतकों के परिजन सम्पर्क कर सकते हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### विभाग ने किया जागरूकता रथ को रवाना

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए चलाये जा रहे चुप्पी तोड़ो एवं स्वस्थ रहो अभियान के तहत जागरूकता फैलाने के लिए दो जागरूकता रथ को उपायुक्त एवं नैंसी सहाय उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उक्त अवसर पर कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल हजारीबाग श्री मनोज कुमार मुंडारी, जिला समन्वयक मनीष कुमार एवं राजीव कुमार, लेखापाल अजित कुमार, नीरज कुमार दुबे एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। उक्त रथो के माध्यम से माहवारी को लेकर फैली हुई भ्रान्तियों को दूर कर स्वच्छता को बढ़ावा देने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही सुरक्षित माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के लिए लोगो को जागरूक किया जायेगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भगवान बिरसा मुंडा का सपना साकार करेगा आजसू : टिकैत

**बेरमो /नावाडीह :** प्रखंड के उपरघाट गोनियाटो पंचायत में आजसू पार्टी पंचायत कमेटी द्वारा केंद्रीय समिति के आदेशानुसार गोनियाटो मोड़ पर भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया गया। जिसमें आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्यालय सचिव टिकैत कुमार महतो उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार मरांडी संचालन पंचायत अध्यक्ष महेंद्र महतो ने किए। कार्यक्रम की शुरूआत टिकैत कुमार महतो ने पुष्प अर्पित एंव माला पहनाकर कर किए।भगवान बिरसा मुंडा का सपना साकार करेगा आजसू पार्टी। मौके पर आजसू नेता जितेंद्र महतो आजसू छात्र संघ अध्यक्ष खेमलाल महतो सोशल मीडिया प्रभारी संतोष उजागर गणपत महतो चुरामन महतो कपिल तुरी धनेश्वर महतो युवा नेता दिनेश कुमार महतो रतिराम मुर्मू रामचंद्र महतो सुनील मरांडी कुलदीप विश्वकर्मा उमेश महतो शलेश बाबू विजय कुमार भुनेश्वर महतो अनिल रविदास संजीत पटेल कैलाश नायक तैयबा अंसारी विनय कुमार अरुण कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

### धर्मशाला अतिक्रमण कर रहे भू माफियाओं में मचा हड़कंप

**इचाक :** इचाक बाजार स्थित कई वर्षो से बंसीधर शिव मंदिर इचाक के धर्मशाला में भू माफियाओं के द्वारा भू अवैध कब्जा किया गया है। जिसे लेकर झामुमो महिला समिति जिला उपाध्यक्ष प्यारी देवी पति उमेश प्रसाद गुप्ता जेएमएम पूर्व प्रखंड अध्यक्ष के कोर्ट में चल रहे मामले एवं मुख्यमंत्री को दिए गए आवेदन के आलोक में दिनांक 17 मई दिन बुधवार को प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार अपने दलबल के साथ मंदिर पहुंची स्थल जांच करने । आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए आवेदक की बातों को सत्य और अतिक्रमण मुक्त करने की बात कही थी।

---

**लाचारी** तपती गर्मी से आमलोग परेशान, रही सही कसर क्षेत्र में सड़क ने पूरी कर दी

# गर्भवती महिला सड़क के अभाव में कई किलोमीटर तक चली पैदल

▶▶ ग्रामीण जनता सड़क और बिजली पानी पार करा रहे हैं

राष्ट्रीय खबर



**इचाक :** गर्भवती महिला सड़क के अभाव में कई किलोमीटर तक चली पैदल। तपती गर्मी से वैसे ही आमलोग परेशान हैं। इसके बाद रही सही कसर क्षेत्र में सड़क का अभाव ने पूरी कर दी। सड़क के अभाव से गर्भवती महिला को सबसे अधिक परेशानी हो रही है। इसका उदहारण इचाक क्षेत्र में शुक्रवार को गर्भवती महिला को भुगतना पड़ा। उसे प्रसव पीड़ा होने के बावजूद पैदल ही कई किलोमीटर तक पैदल ही चलने पर विवश होना पड़ा। गांव के ग्रामीण जनता सड़क और बिजली पानी पार करा रहे हैं आंदोलन आज तक सांसद और विधायक इसकी जानकारी देने तक नहीं पहुंच रहे हैं चुनाव सामने आते ही अपना रिपोर्ट कार्ड जनता को दिखाना शुरू कर देते हैं। इचाक थाना क्षेत्र के डाडीघागर पंचायत के सुदूरवर्ती इलाका पूरन पनिया गांव की गर्भवती महिला चिंता मुनि देवी पति सुरेंद्र किस्कू सड़क के अभाव में पेट की दर्द व कराते हुए पगडंडी पथरीली सड़क से जंगल पार करते हुए अस्पताल पहुंची। इस गांव के लोग कई वर्षों से आंदोलन व आवाज सरकार के प्रति उठा रहे हैं सड़क व सुविधा की मांग को लेकर। आश्वासन तो दे रहे हैं। लेकिन आश्वासन ही आश्वासन रह जाता है। एक बार तो चुनाव का भी लोग बहिष्कार किए थे। लेकिन किसी तरह का कोई कार्य पर अमल नहीं हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर सांसद और विधायक वोट मांगने के लिए आ जाते हैं। वोट लेकर कहां चले जाते हैं फिर पता भी नहीं चलता है और समस्या का सामना हम लोगों आजादी से आज तक करते आ रहे हैं । कई बार तो महिलाओं को अस्पताल ले आने के क्रम में बीच सड़क पर ही ड्राइवरी हो चुका है। भाजपा नेता रमेश कुमार हेम्ब्रॉम ने सरकार से अतिशीघ्र सड़क बनाने की मांग किया है।

## लॉज से हथियार के साथ युवक गिरफ्तार



**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि जब स्थित एक लॉज में एक व्यक्ति हथियार के साथ रह रहा है जिसकी गतिविधि काफी संदिग्ध है। उक्त सूचना पर वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार उत्तम तिवारी, थाना प्रभारी कोर्रा के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए पंजाबी ढाबा होटल के समीप, जबरा स्थित एक लॉज की घेराबंदी कर विधिवत छापामारी करते हुए एक व्यक्ति की पहचान सुजीत कुमार उम्र 21 वर्ष पिता देवनंदन प्रसाद नाम कासियाडीह करियातपुर थाना बरही हजारीबाग को देशी कट्टा एवं कारतुस के साथ विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं उक्त संबंध में कोर्रा थाना कांड संख्या 146/23 धारा 25(1-इ) अ/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में अपना अपराध स्वीकार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिवत न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया । उल्लेखनीय है कि लॉज में संदिग्ध अवस्था में हथियार के साथ युवक के रहने से लॉज मालिको की किसी भी व्यक्ति को बिना जाँच पड़ताल किये किराये पर मकान देने की प्रवृत्ति प्रतीत होता है। इस संबंध में लॉज मालिको की संलिप्तता की भी जाँच की जा रही है। साथ ही लॉजो का भौतिक सत्यापन भी समय - समय पर किया जाएगा।

## उपायुक्त ने जनता दरबार में एक दर्जन से अधिक मामलों का किया निष्पादन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग एक दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन,पेंशन,भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## कंपनी के निदेशक कार दुर्घटना में घायल

राष्ट्रीय खबर



**बड़कागांव :** बड़कागांव आर्यकर्ण निधि लिमिटेड के निर्देशक रंजीत कुमार बीती गुरुवार अहले सुबह तकरीबन 3:30 बजे रामगढ़ में शादी समारोह संपन्न कराकर वापस रांची जाने के दौरान पतरातू घाटी के समीप तालाटाँड़ में उनकी वाहन( जेएच 05 बीई -7711) लैंड रोवर कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई । जिसमें रंजीत बाल-बाल बच गए, चेहरे एवं माथे में चोट आई है। कार में कोई सवार नहीं था खुद चलाकर रांची जा रहे थे। घटना इतनी भयानक थी कि कार पलट गई और चारों पहिये ऊपर हो गए, शीशा तोड़कर बाहर निकलना पड़ा। नजदीकी रिश्तेदारों के आने के बाद रंजीत को इलाज के लिए रांची हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। आर्यकर्ण निधि के सदस्यों एवं उनके शुभचिंतकों ने शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भगवान से की है।

## मुर्दा घर के डीप फ्रीजर को ठीक करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के निर्देश पर आम लोगो की सेवा में सक्रिय रहने वाले विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का एक ओर पहल रंग लाया। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मुर्दा घर में भीषण गर्मी में शवों को रखने के लिए खरीदे गए डीप फ्रीजर खराब होने से यहां लगातार शव विकृत हो रहे थे और महज कुछ घंटों में ही शव पहचानने योग्य नहीं रहते थे और बदबू भी आने लगती थी।

गुरुवार को सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले को गंभीरता से उठाया और उन्होंने हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय को ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने डीसी को ट्वीट करते हुए लिखा कि एचएमसीएच के पोस्टमार्टम रूम में रखा गया मोर्चरी का डीप फ्रिजर काम नहीं कर रहा है। जिससे प्रचंड गर्मी में शव को उचित सम्मान नहीं मिल पा रहा है। महज 13 घंटे रखें एक शव से बदबू आने लगी।

शवों के सम्मान में मोर्चरी के फ्रीजर को चालू कराकर तत्काल इसे सुचारू करने की मांग उन्होंने की। रंजन चौधरी के ट्वीट को हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने संजीदगी से लिया और उन्हें जवाब देते हुए लिखा कि वर्णित मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है। डीसी के संज्ञान लेने के बाद एचएमसीएच प्रशासन भी हरकत में आया और अपने तकनीकी टीम को तत्काल इसे ठीक कराने के लिए लगाया।

## धरती आबा को कांग्रेसियों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में क्रांति सूर्य धरती आबा बिरसा मुंडा की 123 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश सरकार से मुक्ति पाने के लिए अपना कुशल नेतृत्व प्रदान किया।

वर्ष 1894 में मानसून सत्र छोटानागपुर पठार असफल होने के कारण भयंकर महामारी फैली हुई थी । इस अवसर पर क्रांति सूर्य बिरसा मुंडा ने अपने लोगों की हर संभव सेवा की । वर्ष1900 आदिवासी को संगठित देख कर ब्रिटिश सरकार ने बिरसा मुंडा को गिरफ्तार कर उन्हें दो वर्ष की सजा सुना डाली। ब्रिटिश सरकार ने झारखंडवासियों के उग्र आंदोलन से घबरा कर आनन-फानन में 09 जून 1900 को बिरसा मुंडा को जेल में ही अंग्रेजों ने जहर दिया जिससे उनकी अल्प आयु में मृत्यू हो गई। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी दिगम्बर मेहता उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, गोविंद राम, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, डॉ. प्रकाश कुमार, अजय कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार रवि, रविन्द्र प्रताप सिंह, सदरूल होदा, मनिषा टोप्पो, रूप कुमारी टोप्पनो, बिन्दू कच्छप, कृष्णा कुशवाहा, विजय कुमार सिंह, अब्बास अंसारी, मो. मुस्ताक, चन्द्र शेखर आजाद, बालेश्वर राम, बहादुर राम, देवधारी प्रसाद मेहता, मुगेश्वर प्रसाद चौधरी, तारिक रजा युवा कांग्रेस के गालिब अहमद के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।

**आयोजन** कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया

# बिरसा मुंडा ने पुरुषार्थ से लिखी शौर्य की शब्दावली: विकास राणा

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग :** हजारीबाग शुकवार को आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा के नेतृत्व में महान स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा के शहादत दिवस पर बिरसा चौक, पुराना बस स्टैंड, हजारीबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर फूलमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया । शहादत दिवस के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए । कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने किया तथा मंच संचालन केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने किया । मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष विकास राणा ने कहा बिरसा मुण्डा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठों पर शौर्य की शब्दावली लिखी । बिरसा मुण्डा सही मायने में पराक्रम और सामाजिक जागरण के धरातल पर तत्कालीन युग के एकलव्य और स्वामी विवेकानन्द थे । झारखण्ड राज्य गठन को आज 22 वर्ष बीत गए परन्तु आज भी झारखण्ड के आदिवासी और मूलवासी आपने आप को उपेक्षित एवं ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, वर्तमान सरकार आज तक स्थानीय निति, आरक्षण निति , विस्थापन निति, बेरोजगारी की समस्या का निदान आज तक नहीं हो सका ।

झारखण्ड राज्य स्वाभाविक राज्य नहीं है बल्कि आजसू के आन्दोलन, संघर्ष एवं बलिदान से मिला है झारखंड। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा ने कहा कि झारखंड की जनता आज भी ठगा हुआ सा महसूस कर रही है आज भी झारखण्ड के लोगों को उनके हक और अधिकार से वंचित रखा गया है। केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह ने कहा कि बिरसा मुण्डा ने सामाजिक और आर्थिक स्तर पर आदिवासिओं में चेतना की चिंगारी सुलगा दी। शहादत दिवस पर अबुवा दिशोम अबुवा राज के नारा को बुलन्द करनेवाले बिरसा मुण्डा को आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष विकास राणा के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में केन्द्रीय सदस्य विजय वर्मा, केन्द्रीय सदस्य आनन्द सिंह, जिला कोषाध्यक्ष अजय कुमार, जिला सचिव विवेक कुमार राणा, नगर अध्यक्ष आफताब आलम, कटकमदाग प्रखण्ड अध्यक्ष अवध किशोर साव, सूरज कुमार सहित अन्य आजसू कार्यकर्त्ता शामिल थे ।

## न्यूज फटाफट

### भीषण गर्मी में 15 दिनों से प्रेम नगर में बिजली गुल

**बड़कागांव :** बड़कागांव रेंज ऑफिस स्थित प्रेम नगर बाध में पिछले 15 दिनों से बिजली नहीं है। जिसके कारण लोगों को घोर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। बिजली नहीं रहने के कारण पानी मोटर बंद पड़ा है। टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा है ।जिसके कारण स्नान, खानपान में ग्रामीणों को घोर परेशानी हो रही है। बिजली नहीं रहने के कारण लगभग 200 घर पूर्ण रूप से प्रभावित हो गया है। फिलहाल 63 केवी के ट्रांसफार्मर लगा हुआ है इसे बदल कर 200 केवी ट्रांसफार्मर लगाने की जरूरत है। ग्रामीण सुरेंद्र कुमार सोनी ने कहा कि 7 बिजली पोल का तार शार्ट कर गया है इसके कारण बिजली बाधित है। हम ग्रामीण बिजली विभाग से जल्द से जल्द बिजली बहाल कराने की मांग करते हैं। उक्त आशय को लेकर बिजली विभाग के एसडीओ सत्यदेव कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द समस्या को दूर कर बिजली बहाल कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रखंड कार्यालय में बना झंडोत्तोलन चबूतरा बनते ही टूटने लगा



**ईचाक :** प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति 15वी वित्त से लाखों रुपए की लागत योजना से झंडोत्तोलन का चबूतरा बनते ही आ गई दरार टूटने की है कगार पर। आदर्श युवा संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष गौतम कुमार ने कहा कि प्रखंड कार्यालय के आंगन में ही इस तरह के खराब काम होगा तो गांव का क्या हाल होगा । प्रखंड कार्यालय में इस विभाग से जुड़े सारे पदाधिकारी प्रतिदिन आते जाते हैं और नजर के सामने देख कर आनदेखी कर किया गया कार्य बनते ही 10 दिन के अंदर ही टूट गया । इस योजना में सिर्फ पैसे की बबार्दी हुई है। श्री कुमार ने इस विभाग से जुड़े लाभुक से लेकर सभी पदाधिकारियों पर जांच कर पैसे की वापसी करते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है । अगर इन लोगों पर करवाई नहीं हुआ तो एक मात्र विकल्प आंदोलन होगा। पुलिया, पीसीसी , सीढ़ी कार्य का अगर समीक्षा किया जाए तो विधायक के मद का कार्य हो या मुखिया मद या कोई भी मदद का कार्य 6 महीना होते ही टूट जा रहा है। सिर्फ पैसे की लूट व बबार्दी हो रही है।

### भाजपा का लोकसभा स्तरीय जनसभा आज



**हजारीबाग :** हजारीबाग भाजपा राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम को प्रदेश द्वारा निर्देशित महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम के दशवें दिन विशाल जनसभा का आयोजन हिन्दू हाई स्कूल के प्रांगण में होना तय है ।जिसमे मुख्य रूप झारखंड प्रदेश के प्रभारी राज्यसभा सदस्य डॉ लक्ष्मी कांत बाजपेयी,सांसद जयंत सिन्हा,प्रदेश उपाध्यक्ष सह माण्डू विधायक जेपी पटेल,सदर विधायक मनीष जायसवाल,पूर्व विधायक बरही मनोज यादव,बड़कागाँव पूर्व विधायक लोकनाथ महतो,पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद,रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रतयाशी कुण्टू बाबू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे ।वही भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि नौ साल बेमिसाल केंद्र सरकार की उप्लब्धधिया आम जनमानस के बीच में पहुँचायी गयी है ।जिस कारण से जनता में काफी उत्साह है और 2024 के चुनाव में पुन: मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार को देखना चाहती है ।चूंकि भाजपा के पास एक कुशल नेतृत्व एवं राष्ट्र की भावना को समझने वाला जन जन के नेता नरेंद्र मोदी जहाँ पूरे विश्व स्तर पर भारत माँ के स्मिता को गौरवशाली बनाने का काम किया है ।जिससे भारत के नागरिक शान से सर उठाकर बात करते है ।वही दूसरी ओर झारखंड की हेमंत सरकार में वयाप्त भ्रष्टाचार विधि व्यवस्था स्वास्थ्य व्यवस्था शिक्षा व्यवस्था अन्य सारी व्यवस्थाएं ध्वस्त हो चुकी है ।जिससे आम लोग के साथ साथ गाँव गाँव के जनमानस झारखंड में भी भाजपा की सरकार बनाने की तय कर चुकी है ।इसी आगाज को लेकर भाजपा के द्वारा दस जून दिन शनिवार स्थान हिन्दू हाई स्कूल के प्रांगण में हजारीबाग लोकसभा (रामगढ़ जिला हजारीबाग जिला) स्तरीय जनसभा की जाएगी ।भाजपा परिवार के सभी वरिष्ठ, प्रमुख कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण इस जनसभा को सफल बनाने में युद्ध स्तर पर लगे हुए है ।इस जन सभा मे आम जनता से अपील है कि आप उपस्थित होकर इस जनसभा को सफल बनाए ।उक्त आशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रौशन कुमार ने दिया।

### धरती आबा की प्रतिमा पर उपायुक्त ने किया माल्यार्पण



**हजारीबाग :** हजारीबाग धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 122वीं शहादत दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। समाहरणालय सभागर में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में उपायुक्त ने जल, जीवन, जमीन तथा संस्कृति की रक्षा के लिए उनके बलिदानों को याद करते उन्हे नमन किया ।माल्यार्पण कार्यक्रम में उपायुक्त विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो,सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा निवेदिता राय, ट्रेजरी ऑफिसर उज्जवल चौरसिया, जिला कल्याण पदाधिकारी व सभी कार्यालय के कर्मी उपस्थित थे।

## प्रदेश >> अपडेट

### भागवान बिरसा मुंडा त्याग की प्रतिमूर्तिः रुचिर

**पलामू**: भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद रूचिर कुमार ने बिरसा मुंडा के जयंती के अवसर पर याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।और कहा कि बिरसा बनना आसान नहीं है उन्होंने आदिवासी समाज एवं कमजोर तबके के रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए बहुत ही लंबी लड़ाई लड़ी अपने पारंपरिक हथियार तीर धनुष से अंग्रेजों से लोहा लेने का काम किया उनका प्रभाव था कि अंग्रेजों ने उन्हें जेल में मीठा जहर देकर मार दिया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### कांग्रेस कार्यकताओं ने मनाया भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि

**पाकुड**: स्वतंत्रता सेनानी, आदिवासी जननायक, 'उलगुलान' के प्रणेता और समाज के 'भगवान', धरती आबा बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि को पाकुड कांग्रेस कमेटी द्वारा धूम धाम से मनाया गया। अपने तीरों से ब्रिटिश शासकों का घमंड छिन्न-भिन्न करने वाले स्वतंत्रता-आंदोलनकारी बाबा बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर जिलाध्यक्ष श्री कुमार सरकार के नेतृत्व में पाकुड़ जिला ,प्रखंड कांग्रेस कमिटी द्वारा बिरसा चौक,पाकुड़ स्थित उनकी प्रतिमा पर कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

### भगवान बिरसा मुण्डा की पुण्यतिथि पर उपायुक्त ने उनके प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

**पाकुड़**: धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 123 वें पुण्यतिथि के अवसर पर बिरसा चौक पाकुड़ स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, जिला स्थापना उप समाहर्ता श्री विकास कुमार त्रिवेदी सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### भाजापा के टिफिन बैठक में शामिल हुए नए पुराने कार्यकर्ता

**पाकुड़**: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 30 जून तक चलने वाले महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत 8 जून, गुरुवार को देर शाम भाजपा पाकुड़ ज़िला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी के पूराने एवं नये कार्यकताओं के साथ 'टिफिन बैठक' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह ने की। बैठक में मीरा प्रवीण सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुग्रहित प्रसाद साह, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री अनंत तिवारी, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश शुक्ला पिंकू, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्षा सम्पा साहा ने 9 वर्षों में देश में मोदी सरकार के द्वारा निष्पादित जनकल्याणकारी योजनाओं, आधारभूत संरचनाओं से संबंधित कार्यों, शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों, स्वास्थ्य के क्षेत्र में उठाये गये क्रांतिकारी कदमों, जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटने, श्री राम मंदिर का निर्माण, आतंकवादी वारदातों में भारी कमी, सेना के बढ़ते मनोबल इत्यादि विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### आजसू पार्टी ने भगवान बिरसा मुंडा को दी श्रद्धांजलि

**पाकुड़**: बिरसा चौक में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 123 वीं शहादत दिवस पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। आजसू जिला अध्यक्ष आलमगीर आलम ने कहा कि भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक थे जिन्होंने भारत के झारखंड में अपने क्रांतिकारी चिंतन से उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नवीन सामाजिक और राजनीतिक युग का सूत्रपात किया। काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया।

## बाजार

### मालदा के आम किसानों को लागत का पैसा नहीं मिल रहा

# डेढ़ से दो रुपये प्रति किलो में बिक रहे हैं आम

- भीषण गर्मी ने भी पैदावार बढ़ा दिया है
- ट्रकों से बाहर भेजने में भी कीमत नहीं
- खेतों में पड़े पड़े सड़ने लगे हैं फल भी



राष्ट्रीय खबर

**मालदह** : पानी के रेट पर आम! एक किलो आम की कीमत एक कप चाय के बराबर है। लक्ष्मणभोग, 1.5 किलो के लिए 5 टका। खिरसापति और हिमसागर भी पांच टाका प्रति किलो के हिसाब से बिक रहे हैं। पिछले पच्चीस सालों में मालदह आम की कीमत इतनी कम कभी नहीं रही। शहर नियंत्रित आम बाजार से जिले का कोई भी आम बाजार। बुधवार को जिले भर में यही तस्वीर रही। कई लोग सुबह सात बजे जब बाजार गए तो आम का यह भाव सुनकर हैरान रह गए। घर में खा सकते हैं इतने पके आम! फिर इन सस्ते पके आमों को अमावट बनाने के लिए खरीदा जा सकता है। बहुतों ने खरीदा है। जितना बिकता है, उतना ही आयात होता है। वाहक पिकअप वैन। अंबागान से सीधे अंबाजार। हर किस्म का आम मौजूद है। विक्रेताओं का कहना है कि वे इन आमों को डेढ़ से दो रुपए किलो के भाव से खरीद रहे हैं। परिवहन लागत के साथ बेचना जोड़ा गया। आम की फसल उगाने वालों से लेकर थोक विक्रेताओं या आम व्यापारियों तक, सभी ने इस गर्मी की लहर को भुनाया है। उन्होंने कहा कि गर्मी की वजह से लक्ष्मणभोग, हिमसागर, खिरसापति पेड़ों में पक रहे हैं। यहां तक कि विश्व प्रसिद्ध फजली आम का भी यही हाल है। महज तीन दिनों में मालदह के आम के बाग पके आमों से भर गए हैं। पके आम को सड़ने में देर नहीं लगती। इसी वजह से तेजी से दाम गिर गये हैं। ऐसे में मालदा के आम किसानों के पास और कोई काम नहीं है। वे किसी तरह बगीचे से पके आमों को थोक विक्रेताओं के हवाले कर रहे हैं। इस लू में जिले भर में आम का भारी नुकसान हुआ है। आम किसान संकट में हैं। जिला उद्यानिकी विभाग के उप निदेशक सामंत लायेक ने कहा, अगर जिले के आम विश्व बाजार में पहुंच पाते तो किसानों को आर्थिक लाभ होता। लेकिन इस गर्मी की लहर ने एक बड़ी छाप छोड़ी।

जिले में लगभग 31 हजार 610 हेक्टेयर भूमि पर खेती की जाती है। पिछले साल जिले में आम की पैदावार 1.3 लाख मीट्रिक टन थी। इस बार उपज चार लाख तक पहुंच जाती। मालदा के आम देश के अलग-अलग हिस्सों में बिकते थे। लेकिन गर्मी की लहर उस उम्मीद को चकनाचूर कर रही है।

इंग्लिशबाजार के आम उत्पादक मोहम्मद जलील ने कहा, हम इस गर्मी और लू में बर्बाद हो गए। गर्मी में आम पक रहे हैं। बर्बाद हो रहा है। किसान इस बार मालदा में आम की अच्छी पैदावार की उम्मीद कर रहे थे। उद्यानिकी विभाग को भी आम व्यवसायी समुदाय से उम्मीद थी। लेकिन आम के किसानों को लगता है कि मौसम ने व्यावहारिक रूप से उस उम्मीद की खीर में मिट्टी तेल डाल दी है।

आज सुबह किसानों ने इंगलिशबाजार के हरिश्चंद्रपुर, रतुआ, माणिकचक, गौरबांग, परबतिया, काजीग्राम, आरापुर, कोतवाली क्षेत्र के आम के बागों से क्विंटल पके आम एकत्र किए हैं. किसान इन्हें डेढ़ रुपये किलो के हिसाब से थोक विक्रेताओं को बेचने को मजबूर हैं। मालदा मैंगो मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष उज्जल चौधरी ने कहा कि इस लू से सबसे ज्यादा नुकसान आमों को हुआ है. बाग में पके आम ही पड़े हैं। आमों को इस गर्मी में सड़ने से अगर नहीं बचाया जा सका तो किसानों की आधी से अधिक फसल तो ऐसे ही नष्ट हो जाएगी।

## न्यूज फटाफट

### पलामू एथलेटिक्स की टीम रजरप्पा रवाना



**पलामू**: रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन और झारखंड स्टेट एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वाधान में दो दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया हैं। प्रतियोगिता रामगढ़ जिला के रजरप्पा स्टेडियम में दिनांक 10 से 11 जून 2023 तक 14 वर्ष आयु वर्ग एवं 16 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं की होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पलामू से एथलेटिक्स कोच रेशमा पाण्डेय , सोनी कुमारी, मोनू कुमार ,गोविंद गिरि के नेतृत्व में 36 सदस्यीय बालक/बालिका टीम को पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा, सचिव संजय कुमार त्रिपाठी,पलामू जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कमल नंद दुबे, ने पलामू एक्सप्रेस ट्रेन से रवाना किया। पलामू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजातशत्रु प्रसाद सिन्हा ने बताया कि रजरप्पा में आयोजित प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को नेशनल सब-जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। सभी चयनित खिलाड़ियों को शुभ कामनाएं देने वाला मे पलामू जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा,वूशु संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र प्रसाद, शारीरिक शिक्षक प्रदीप मेहता, अनिल पाण्डेय, पलामू जिला साइकिलिंग संघ के सचिव सिद्धार्थ कुमार पलामू जिला शूटिंग संघ के सचिव अशोक कुमार सिंह, अध्यक्ष अमरेंद्र पाठक , सुनील उपाध्याय, शशिकांत त्रिपाठी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त किया।

### भाजपा मेदिनीनगर मंडल की बैठक संपन्न



**मेदिनीनगर**: सांसद के शांतिपुरी आवास पर मेदिनीनगर शहर के प्रमुख कार्यकताओं की महत्वपूर्ण बैठक अविनाश सिन्हा उर्फ छोटू की अध्यक्षता में हुई। जिसमें 11 जून को केंद्रीय राज्यमंत्री मा० जॉन बारला जी के शिवाजी मैदान में होने वाली जनसभा को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक में सांसद पलामू ने कहा कि मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल है सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए केंद्रीय मंत्री का प्रवास हो रहा है। उस दिन केंद्रीय राज्य मंत्री मेदिनीनगर के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। मेदिनीनगर मुख्यालय मे आयोजित कार्यक्रमों को सफल बनाने में नगर मंडल के कार्यकताओं की भूमिका अहम होगी। स्वागत, कार्यक्रम स्थल मंच एवं भोजन-पानी की व्यवस्था की जवाबदेही प्रमुख कार्यकताओं की होगी। वरिष्ठ नेता शयामनारायण दुबे ने कहा कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ है उनके बल पर ही कार्यक्रम सफल होते हैं मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने की जिम्मेवारी भी हर एक कार्यकताओं की है। महा जनसंपर्क अभियान के संयोजक विभाकर पांडे ने कहा कि 30 मई से चलाया जा रहे हैं अभियान सफल हो रहे हैं और कार्यकताओं की मेहनत से आगामी सभी कार्यक्रम भी अच्छे ढंग से पूर्ण होंगे।

### सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने का निदेर्शः एसडीपीओ

**महेशपुर (पाकुड़)**: एसडीपीओ नवनीत हेम्ब्रम ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में मासिक अपराध गोष्ठी की। मासिक अपराध गोष्ठी में एसडीपीओ ने बारी-बारी से थानों के लंबित कांडों, यूडी से संबंधित लंबित कांडों, पूर्व से तथा विगत माह तक के सभी प्रकार के लंबित व प्रतिवेदित कांडों की समीक्षा करने के पश्चात उसके त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया। थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध जुआ एवं लॉटरी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कुबार्नी पर्व के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अलर्ट रहने का निर्देश दिया। साथ ही अंतर्राज्यीय अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का सख्त निर्देश दिया। गोष्ठी में फिरारियों की सूची तैयार कर सत्यापन करने,वारंटियों की गिरफ्तारी करने,नियमित रूप से दिवा,संध्या और रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर पैनी नजर बनाए रखने का निर्देश दिया गया। गोष्ठी में सभी थाना प्रभारियों को एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा अपराध गोष्ठी में दिए गए निदेर्शो का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाने में आने वाले लोगों के लिए पंजी का संधारण में आने की वजह लिखेंगे। साथ ही अपने-अपने थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। जेल से मुक्त हुए अपराधियों जिनमें आर्म्स एक्ट,लूट,डकैती वाले अपराधियों पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश निर्देश दिया। तथा अपने-अपने संबंधित थाना क्षेत्र में सूचना तंत्र को मजबूत बनाने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने मासिक अपराध गोष्ठी में उपस्थित पुलिस निरीक्षक व थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्र में चोरी, लूट,बाइक चोरी आदि घटनाओं तथा सीएसपी,बैंक,पैट्रोल पंप, क्रेशर,चेक पोस्ट पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया।

# राज्यपाल ने लाभुको को सौंपा चेक



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** राज्यपाल, झारखंड सीपी राधाकृष्णन पलामू के परिसदन में सुनीता कुमारी, पति स्व० गोविंद कुमार सिंह एवं उर्मिला देवी, पति स्व० श्यामदेव सिंह को अपने विवेकाधीन अनुदान मद से 1-1 लाख का चेक एवं विधवा सम्मान पेंशन योजना का लाभ प्रदान किया। साथ ही सुनीता कुमारी को बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना का लाभ दिया। ज्ञात हो कि उर्मिला देवी को इस आवास योजना को पूर्व में ही लाभ प्राप्त है। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर उपायुक्त से कहा कि उनके आजीविका, इनके बच्चों की शिक्षा, बालिका की विवाह हेतु सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के तहत लाभ से आच्छादित किया जाय। विदित हो कि धनबाद रेल मंडल में निचितपुर हॉल्ट के पास पोल खड़ा करने के क्रम में हाईटेंशन तार गिर जाने से इनके पति की मृत्यु हो गई थी।

# झामुमो ने धरती आबा बिरसा मुंडा को किया याद



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** झामुमो पलामू जिला के उपाध्यक्ष रंजन चंद्रवंशी के नेतृत्व में धरती आबा बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। स्टेशन रोड में स्थापीत धरती आबा के मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम कर उनकी गौरवगाथा को सबने बताया, इस कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्री राकेश सिन्हा जी ने किया। झारखंड युवा मोर्चा पलामू अध्यक्ष श्री सन्नी शुक्ला ने कहा भगवान बिरसा मुंडा भारत के सबसे महान क्रांतिकारियों में से एक हैं। इन्होंने अंग्रेजों और उनके समर्थकों के खिलाफ उलगुलान किया था। भारत के लिए आजादी के लड़ाई हो या जनजातीय भाइयों के लिए अंग्रजों के खिलाफ कर माफी की लड़ाई सभी में बिरसा मुंडा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार उनके बताए रास्ते पर चलकर भगवान बिरसा के सपनों का झारखंड बनाने के पथ पर है। दलितों, गरीबों, वंचितों और आदिवासियों के हित में आज लगातार कार्य हो रहा है। उपाध्यक्ष कमाल खान ने कहा धरती आबा भगवान बिरसा का योगदान भारत के स्वतंत्रता की लड़ाई अमूल्य है, उन्होंने लोगों को अंग्रेजों के अत्याचार के खिलाफ लड़ने सिखाया है।अंग्रेज आदिवासियों की जमीनों को हथियाना चाहते थे। जिसके बाद बिरसा मुंडा ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ अनेक विद्रोह किया। झामुमो नेता प्रदीप सिंह ने कहा, भगवान बिरसा बिरसा मुंडा का जन्म 19वीं सदी के अंत में यानि 15 नवंबर 1875 में झारखंड राज्य के उलिहातु गाँव में हुआ था,बिरसा मुंडा ने अपनी अंतिम सांसे 9 जून 1900 ई० में रॉची स्थित जेल में ली थी। उन्होंने कई हजारों लाखों के बीच क्रांति की अलख जगाई, आज झारखंड के लोग उन्हे भगवान के रूप में याद करते हैं।

# लेसलीगंज झगड़पुर में सूर्य मंदिर का शिलान्यास



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** आदि काल से ही ब्राह्मण समाज ने सर्वसमाज को दिशा निर्देश देते हुए सदैव मार्गदर्शक की भूमिका निभाई है।यह कहना है लेस्लीगंज प्रखण्ड के ग्राम झगरपुर के नवनिर्मित सुर्य मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों का।नवनिर्मित सुर्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के समापन समारोह सह सम्मान समारोह में गुरुवार को देर शाम मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के पदाधिकारियों व सदस्यों का स्वागत करते हुए नवनिर्मित कमेटी के सदस्यों का कहना था कि आज समाज में विद्वेश फैलाने के लिए कथित लोग अनाप सनाप बोलते फिर रहे हैं।मंदिर कमेटी के सदस्यों का कहना था कि पांकी प्रखण्ड के ग्राम भरी में हुआ प्रदर्शन काफी निंदनीय है और और किसी भी समाज या धर्म के लोगों को कानून इसका इजाजत नहीं देता है कि राईफल लहराते हुए प्रदर्शन करे। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम सभी सनातनी एक हैं और राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की इस लड़ाई में हर कदम पर साथ हैं।कमेटी के सदस्यों का कहना था की वैसे लोगों का हथियार निरस्त किया जाना चाहिए जो समाज में विषाक्त वातावरण बनाने के लिए इस तरह का तालीबानी प्रदर्शन करते हैं। इसके पूर्व राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के द्वारा नवनिर्मित सुर्य मंदिर कमेटी के सभी सदस्यों व ग्रामीणों का अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# माले ने मनाया शहादत दिवस



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** छत्तरपुर प्रखंड के विषयपुर गांव में शहीद बिरसा मुंडा का 123 वा शहादत दिवस भाकपा माले के नेतृत्व में मनाया गया जिसकी अध्यक्षता मंजू राम और संचालन राम चंद्र सिंह खरवार ने किया ।कार्यक्रम की शुरूआत शहीद बिरसा मुंडा के याद में दो मिनट का मौन धारण किया गया । तत्पश्चात तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई भाकपा माले प्रखंड सचिव रामराज पासवान ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा की जीवनी और राजनीतिक संघर्षों पर प्रकाश डाला । और उनके अदभुत सांगठनिक क्षमता का जिक्र करते हुए कहा कि महज 25 वर्ष की छोटी उम्र में अंग्रेजी हुकूमत के दांत खट्टे कर दिए । इसी कारण अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें विष देकर मार डाला ।हाल के वर्षों में शोध से पता चला कि शहीदों की सूची में राष्ट्रीय स्तर के महापुरूष थे । जिला कमेटी सदस्य कपिल देव प्रजापति ने कहा कि उनके बताए रास्तों पर चलकर ही जुल्मी ताकतों से मुकाबला किया जा सकता है। इन दिक्कूओ और उत्पीड़क ताकतों को पीछे धकेला जा सकता है ।

# बीजीआर माइनिंग व जिला प्रशासन के बीच समझौता ज्ञापन पर किया गया हस्ताक्षर

- एंडवेर अकादमी फ्री कोचिंग संस्थान खोलने को लेकर कैरियर डॉट कॉम
- प्रतिभागियों को मिलेगा निःशुल्क शिक्षा और पठन सामग्री
- उपायुक्त ने कहा अब प्रतिभावान छात्र प्रतियोगी परीक्षा से नहीं रहेंगे वंचित



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** 9 जून से 16 जून तक फार्म अप्लाई किया जाएगा। ये फार्म सभी प्रखंडों के बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध है। फार्म भर कर डीएसई कार्यालय में जमा करें। 18 जून को धनुषपूजा में प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के दो दिन बाद रिजल्ट प्रकाशित की जाएगी। 21 जून से 30 जून तक बच्चों का नामांकन किया जाएगा।

जिले में कमजोर श्रेणी के युवाओं को जिला प्रशासन ने बड़ी राहत देने का प्रयास किया है। अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फ्री कोचिंग उपलब्ध कराने का प्रशासन द्वारा निर्णय लिया गया है। जिसको लेकर कैरियर डॉट कॉम व बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा लिमिटेड के बीच एंडवेर अकादमी फ्री कोचिंग संस्थान खोलने को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। उपायुक्त श्री वरूण रंजन ने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए यह कोचिंग का शुभारंभ किया जाना है। उपायुक्त ने बताया कि एंडवेर अकादमी निःशुल्क कोचिंग संस्थान का उद्देश्य प्रतिभावान छात्रों को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करना है, ताकि अधिक से अधिक प्रतिभागियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से रोजगार मुहैया कराया जा सके।

उपायुक्त ने बताया कि 9 जून से 16 जून तक फार्म अप्लाई किया जाएगा। ये फाम सभी प्रखंडों के बीआरसी कार्यालय में उपलब्ध है। फार्म भर कर डीएसई कार्यालय में जमा करें। 18 जून को धनुषपूजा में प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के दो दिन बाद रिजल्ट प्रकाशित की जाएगी। 21 जून से 30 जून तक बच्चों का नामांकन किया जाएगा।* उक्त अकादमी में प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग के साथ-साथ मुफ्त में अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई जाएगी। अकादमी में 400 छात्रों को कोचिंग देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रतिभावान विद्यार्थी पीछे न रह जाए। विशेष तौर पर जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना इस कोचिंग संस्थान का मकसद है। जिससे युवाओं का रुझान देश सेवा, प्रशासनिक सेवा व शासकीय सेवा की ओर बढ़ेगा। अब पैसे के अभाव में कोई भी प्रतिभावान छात्र प्रतियोगी परीक्षा से वंचित नहीं रहेंगे. जिसमे छात्रों को स्टडी मटेरियल भी फ्री में दिया जाएगा।

### बीजीआर के संयुक्त तत्वाधान में बीजीआर यंग अचीवर्स अवार्ड का आयोजन

**पाकुड़**: हरिणडंगा विद्यालय मैदान में यंग बीजीआर अचीवर्स अवार्ड का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री वरुण रंजन, निदेशक बीजीआर माइनिंग श्री रोहित कुमार रेड्डी, उप विकास आयुक्त मोहम्मद शाहिद अख्तर, डीआरडीए निदेशक श्री संजय कुमार दास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सम्मिलित हुए जहां सभी अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त श्री वरुण रंजन, निर्देशक, बीजीआर माइनिंग श्री रोहित रेड्डी, उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर, डीआरडीए निदेशक श्री संजय कुमार दास, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्रीमती रजनी देवी, जिला शिक्षा अधीक्षक श्री मुकुल राज के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर मौजूद मैट्रिक और इंटर के जिला टॉपर को सम्मानित करते हुए अच्छा अंक से सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में राजकुमार दे, पंकज पाल, मृणाल हेंब्रम,शिखा लाला, प्रीति कुमारी झा, अंजना कुमारी, तनीषा आनंद, प्रिया भगत समेत दर्जनों छात्र छात्राएं शामिल थे। वही मौके पर मौजूद बीजीआर कंपनी के निदेशक श्री रोहित रेड्डी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने स्टूडेंट्स को सम्मान देते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में जिला का नाम रोशन करने को लेकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवता को आगे भी बरकरार रखें। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि अवार्ड आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य जिला के प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहित करना। आज यदि हम देखे तो छात्र-छात्राएं जीवन का पहला पड़ाव में सफल हुए हैं।

## शहर >> अपडेट

### बाइक से गिरकर दो युवक घायल

**कोडरमा :** जिले के जयनगर थाना अंतर्गत हिरोडीह के समीप बाइक से गिरकर दो युवक घायल हो गए। घायलों की पहचान रोहित यादव (उम्र 15 वर्ष, पिता विकास यादव, ग्राम तेतरियाडीह) और सुनील कुमार (उम्र 16 वर्ष, पिता अर्जुन सिंह, ग्राम लक्ष्मीपुर, डोमचांच) के रूप में हुई है। दोनों कुछ काम से जयनगर गए थे। वापस लौटने के क्रम में हीरोडीह के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिर जिस जिससे दोनों युवक घायल हो गए।

## सिटी अपडेट्स >>

### लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है खनन विभाग

**पाकुड़ :** खनन विभाग लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रही है। खनन विभाग की ताबड़ तोड़ कार्रवाई ने राजस्व वसूली में बेहतर परिणाम दिया है। अवैध उत्खनन मामले में 2020-21 में 29 लोगों पर 14 एफआईआर दर्ज की गई। इसके अलावा अवैध परिवहन मामले में 234 वाहनों को जब्त किया। साथ ही 39500 प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध 38355.38 का लक्ष्य प्राप्त किया। वहीं 2022-23 में 103.46 प्रतिशत की लक्ष्य की प्राप्ति की है। वहीं अवैध उत्खनन मामले में 17 मामले दर्ज किए। इसके अलावा अवैध परिवहन मामले में 310 वाहनों को जब्त किया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने कहा कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा नहीं दिया जाएगा। जिला अंतर्गत अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन रोकने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों, थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से औचक छापेमारी करने एवं इसमें संलग्न व्यक्तियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया दिया गया है। साथ ही अनियमितता पाए जाने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई है।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### दस दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**कुडू लोहरदगा :** कुडू प्रखंड में राजरोम स्थित सीएफसी भवन में प्रमोशन ऑफ एपीकल्चर एक्सट्रैक्शन एंड मार्केटिंग कंपनी फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेर्नाइजेशन परियोजना के तहत चल रहे दस दिवसीय मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार उपस्थित हुए। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 20 लाभुकों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र एवं मधुमक्खी पालन संबंधी आवश्यक कीट उपकरण का वितरण किया गया। मौके पर उद्योग विभाग से अजीत कुमार, यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक , खुशबू मधु वाटिका फर्म के डायरेक्टर मोहम्मद शमीम, पंचायत की मुखिया, प्रशिक्षक नुमान रशीद, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर इकराजबी खान सहित अन्य गणमान्य उपस्थित हुए।

### स्नान करने गए व्यक्ति की बाइक की हुई चोरी

**कुडू :** कुडू थाना क्षेत्र के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत दुबांग मोड़ से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। इस संबंध में पीड़ित की पत्नी रूपवंती देवी ने कुडू थाने में लिखित आवेदन दिया। जिसमें कहा कि क्षेत्र में दो दिन से बिजली नही रहने के कारण उसके पति बुधवार 7 जून की दोपहर दुबांग मोड़ स्थित महुआ पेड़ के समीप अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस निबंधन संख्या जेएच 0एच - 5960 को खड़ा कर दोन डांडी में स्नान करने गये थे। 10 मिनट बाद जब स्नान कर लौटे तो बाइक गायब थी। काफी खोजबीन करने और लोगों से पूछताछ करने पर भी पता नहीं चला।

**बैठक** भाजपा की सरकार में सबका साथ सबका विकास हो रहा है

# प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश तरक्की कर रहा है : अन्नपूर्णा देवी

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** महा जनसंपर्क अभियान कार्यक्रम को लेकर कोडरमा जिला भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता व जनसंघ कार्यकताओं के बीच टिफिन बैठक जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी जी की अध्यक्षता में संपन्न हुई । कार्यक्रम का संचालन जूही दासगुप्ता, मनोज कुमार झुन्नू एवं बैजनाथ यादव ने संयुक्त रूप से किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोडरमा सांसद सह शिक्षा राज्यमंत्री ने भारत सरकार के 9 साल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया । उन्होंने कहा भारत नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज विश्व की जी 20 की अध्यक्षता कर रहा है । विश्व में भारत की ताकत बढ़ी है आज कोई भी देश भारत की तरफ बुरी नजर से देख नहीं सकता । डॉ नीरा यादव ने अपने संबोधन में कहां कि जब भाजपा की सरकार थी तो विकास की गंगा झारखंड में बही परंतु दूसरी तरफ जैसे ही झामुमो की सरकार आई सिर्फ लूट खसोट की सरकार बनकर रह गई है ।आम जनता काफी परेशान है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा भाजपा कार्यकर्ता उत्साहित है ,भाजपा के कार्यकर्ता वरिष्ठ कार्यकताओं के मार्गदर्शन से भाजपा को और मजबूत कर रही है ।जनसंघ जमाने के कार्यकताओं का स्नेह और मार्गदर्शन से पार्टी मजबूत हुई है ।




कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मीडिया प्रभारी श्री मनोज कुमार झुनू ने किया ।कार्यक्रम को पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम ,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी एवं रमेश सिंह तथा कोडरमा जिला प्रभारी श्री टुन्नु गोप ने भी संबोधित किया ।साथ ही साथ आए हुए वरिष्ठ कार्यकर्ता अपने अपने तरीके से माननीय सांसद और विधायक को विभिन्न विचारों से अवगत करा कर पार्टी को मजबूत करने के लिए अपने अपने सुझाव दिए । कार्यकताओं में पूरा उत्साह देखा गया और सैकड़ों की संख्या में आए हुए कार्यकर्ता को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिले के पदाधिकारी महामंत्री अनूप जोशी राजकुमार यादव जिले के उपाध्यक्ष शिवलाल सिंह, श्री शिवेंद्र नारायण सिन्हा, जूही दासगुप्ता ,जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद, महेंद्र वर्मा, युवा मोर्चा अध्यक्ष सूरज प्रताप मेहता ,ओबीसी मोर्चा महेंद्र वर्मा ,सभी मंडलों के अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष, सुनीति सेठ कविता कुमारी, रंजीता कुमारी ,वरिष्ठ भाजपा नेता देवेंद्र मेहता, अखिल सिन्हा, भरत लाल मेहता ,विनय कुमार बेलू ,राजेश सिंह ,मीडिया प्रभारी मनोज कुमार झुन्नु ,आकाश वर्मा ,चंद्रशेखर जोशी, विभिन्न मोर्चा के आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित हुए ।

भाजपा कार्यकताओं ने

## सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई को किया भव्य स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम महाजनसंपर्क अभियान 2023 के अभियान पर निकले झारखंड प्रभारी सह राज्य सभा सांसद लक्ष्मीकांत वाजपेई का शुक्रवार को पेटरवार में भव्य स्वागत किया गया। वे बोकारो में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जाते समय कुछ देर के लिए पेटरवार में रुके थे। पेटरवार प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला भाजपा महामंत्री सह महाजनसंपर्क अभियान के संयोजक जयदेव राय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रोहित लाल सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष चितरंजन साव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल स्वर्णकार, डॉ सुरेंद्र राज, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष प्रह्लाद महतो, शांतिलाल जैन, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष असित कुमार बनर्जी, संजय सिन्हा, शंकर रजक, संतोष साहू, राजेश पांडेय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बिरसा मुंडा की पुण्य तिथि मनायी गयी जुटे नेता



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, धरती आबा वीर बिरसा मुंडा जी के पुण्यतिथि पर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ कार्यालय पर कोडरमा जिला के कांग्रेस जनों ने वीर बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता ओबीसी जिला प्रभारी नेता संतोष कुमार यादव ने किया जबकि मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू एवं कोडरमा के प्रथम कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मल कुमार ओझा उपस्थित हुए। कांग्रेस जनों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासी समुदाय को एकजुट कर भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में अपना सर्वस्व निछावर करने वाले मसीहा के रूप में धरती आबा को याद किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए श्री सहाय ने कहा कि आदिवासी समुदाय के उत्थान के लिए उनके समर्पण और सेवा भाव को कृतज्ञ राष्ट्र सदैव याद रखेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष गणेश स्वर्णकार, पूर्व युवा जिलाध्यक्ष उमेश साव, प्रदेश महिला सचिव अर्चना सिंह, महिला नेत्री आशा देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी अरविंद सेठ, उत्तम दासपाल, मीडिया प्रभारी भोला दास, प्रकाश बादल, शंभू शर्मा, सुधीर कुमार ,मधु देवी, सुजाता देवी, लीला देवी, विजय कुमार ,विनोद कुमार सहित कांग्रेस जनों ने उपस्थित होकर वीर बिरसा मुंडा को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## थाना प्रभारी के खिलाफ जनाधिकार संघर्ष मोर्चा का प्रतिवाद मार्च 11 जून को



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** जयनगर थाना के थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के अभद्रता पूर्ण व्यवहार के खिलाफ आंदोलन को लेकर जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में थाना प्रभारी के अमानवीय व्यवहार पर चर्चा हुई और मोर्चा के पदाधिकारी गोलबंद हुए। प्रखंड के गोहाल में हुई बैठक की अध्यक्षता युवा नेता उमेश यादव, संचालन राजकुमार पासवान ने किया। बताते चलें कि गुरुवार केओ राजकुमार पासवान थाना परिसर में किसी मामले की जानकारी को लेकर गए थे। इस दौरान उनके साथ थाना प्रभारी ने अभद्रता पूर्वक जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए अमानवीय व्यवहार किया जिसके पश्चात श्री पासवान के द्वारा पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं युवा नेता उमेश यादव ने कहा कि जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिलकर एक लिखित ज्ञापन सौंपेगा। इसके पश्चात भी कोई कार्यवाही नहीं हुई तो बैनर तले जोरदार आंदोलन किया जाएगा एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समीप धरना प्रदर्शन किया जाएगा। थाना प्रभारी किसी भी लोगों को मान सम्मान नहीं देते हैं उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं जिसके कारण आज थाने में कोई भी फरियाद लेकर जाना नहीं चाहता है। वहीं राजकुमार पासवान ने कहा कि जनाधिकार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले 11 जून दिन रविवार शाम 3 बजे से जयनगर थाना से लेकर स्थानीय चौक तक प्रतिवाद मार्च निकाला जाएगा जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लेंगे। मौके पर अशोक स्वर्णकार, भोला यादव, अजय यादव, अजीत पासवान, सुदामा पंडित,केदार पासवान, उमेश पासवान सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में 4 लोगों को 8 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** गैर इरादतन हत्या के एक मामले में चार लोगों को 8-8 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है। सत्रवाद 87/14, जयनगर थाना कांड संख्या 158/13 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने शुक्रवार को कांड के अभियुक्त अनिल यादव (28, पिता किशन यादव), सुशील यादव (28, पिता किशन यादव) रीना देवी (26, पति अनिल यादव) एवं प्रमिला देवी (पति दिलीप यादव) सभी जयनगर निवासी को सेक्शन 304 पार्ट 2 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 8 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर अभियुक्त को 1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं अदालत ने 504 आईपीसी के तहत भी दोषी पाते हुए 1 वर्ष सश्रम कारावास, 325 आईपीसी के तहत 4 वर्ष सजा सुनाई एवं 5 हजार जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 महीने अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीके मंडल ने किया। इस दौरान सभी 6 गवाहों का परीक्षण कराया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जगदीश यादव ने दलीलें पेश की।

**क्या है पूरा मामला**

सुखदेव यादव पिता बबून यादव ने जयनगर थाना में लिखित आवेदन देकर कहा था कि किसी ने मेरे कटहल के पेड़ का डाली तोड़ दिया था। जिस से गुस्सा होकर उस व्यक्ति को मेरी मां के द्वारा एक- दो गाली दिया गया था।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया ओशन डे

राष्ट्रीय खबर

**झुमरीतिलैया:** पीवीएसएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को ऑनलाइन वर्ल्ड ओशन डे मनाया गया। जिसमें कक्षा एलकेजी से दूसरी तक के बच्चों ने भाग लिया। कक्षा एलकेजी और यूकेजी के बच्चों को फिंगर प्रिंटिंग से मछली, तारा मछली और ऑक्टोपस बनाना था। जिसमें कक्षा एलकेजी से आभास कुमार, देव्यांश केशव, अंशुमान राज, दक्ष चौधरी, अंशिका राज और जयदीप ने अपनी नन्हीं-नन्हीं अंगुलियों से सुंदर चित्र बनाए। कक्षा यूकेजी से पुनीत कुमार महतो, अक्षित तिवारी, दक्षित कुमार, अश्मी पाठक, माही कुमारी, प्रियांशु राज, सुहासिनी कुमारी, तेजस मांझी, प्रियल यादव, विवेक कुमार, सृष्टि



कुमारी और श्रीहन सानिध्य ने एक से बढ़कर एक सुंदर मछली तारा मछली और ऑक्टोपस बनाया। कक्षा प्रथम के बच्चों के लिए सुंदर रंगों और चित्रों के द्वारा महासागर की सुंदरता को प्रकट करने के लिए दिया गया। जिसमें कक्षा प्रथम 'अ' से विवान सिंह, सानिध्य सांची, सिमरन कौर, सृष्टि यादव, अवंतिका, सान्वी सिन्हा, दर्शित तिवारी, इवान, पीहू गुप्ता और मयंक राज ने महासागर और उसमें पलने वाले जीवों का सुंदर चित्रण किया।

कक्षा प्रथम 'ब' से अश्विनी कुमारी, अभीप्सा राउत, अंशिका चौहान, अलीजा रंजन, अयान, हर्षित निराला, अनिक देव, आरव, अनमोल कुमार गुप्ता, युगांत सिंह और शिरीन राज ने महासागर की विशालता को दर्शाया। कक्षा द्वितीय 'अ' से वेहांत राज, देवांश राज, अवंतिका राणा, सुहानी गुप्ता, समृद्धि शर्मा, आराध्या सिंह, अंशुमान रंजन, सान्वी सिंह, क्षितिज पांडेय, सान्वी मनजोत, वैभव मुकुंद और अनुपम मिश्रा ने सुंदर क्राफ्ट का निर्माण किया। कक्षा द्वितीय 'ब' के शौर्य कुमार, शौर्य गुप्ता, अनिका सिन्हा, उज्ज्वल भारती, आर्य अर्णव चौधरी, श्रेया विश्वकर्मा, अनमोल कुमार, आराध्या सिंह और सृष्टि कुमारी महासागर का सुंदर क्राफ्ट बनाकर अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य विश्व में महासागरों की महत्वपूर्ण भूमिका के प्रति लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शिक्षिका लक्की पाठक, रिया शर्मा, अपूर्वा सरकार, शिल्पी गुप्ता लक्ष्मी कुमारी और संध्या कुमारी को धन्यवाद कहा। कार्यक्रम के सफल संचालन करने के लिए सीसीए इंचार्ज श्वेता सिंह और चॉंदनी दुबे की प्रशंसा की।

## न्यूज फटाफट

### घरेलू विवाद में एक व्यक्ति ने जहर खाकर आत्महत्या की



**कोडरमा :** जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत हरिनो गांव में बीती रात एक व्यक्ति ने घरेलू विवाद के बाद जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान प्रखंड के हरिनो निवासी जानकी यादव (उम्र 55 वर्ष, पिता रमन गोप) के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार गुरुवार रात घर में कुछ विवाद होने पर जानकी यादव ने गुस्से में जहर का सेवन कर लिया। जिसके बाद तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।

### जयनगर थाना प्रभारी के आतंक से लोगों में दहशत - आप



**जयनगर :** आम आदमी पार्टी बरकट्ठा विधानसभा अध्यक्ष महेश कुमार यादव ने बताया कि जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा जब से जयनगर थाना का प्रभार संभाला है तब से क्षेत्र के लोग थाना प्रभारी के आतंकी रवैया से काफी परेशान और भयग्रस्त हैं। क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति, जनप्रतिनिधि या समाजसेवी किसी मामले की जानकारी हासिल करने के लिए थाना जाते हैं, तो जयनगर थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा लोगों के साथ धमकी भरी बातों के साथ गाली-गलौज से बात करते हैं जो काफी निंदनीय है। ज्ञात हो कि 8 जून को समाजसेवी राजकुमार पासवान किसी मामले का जानकारी लेने के लिए जब जयनगर थाना पहुंचे तब थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा द्वारा राजकुमार पासवान को देखते ही जातिसूचक शब्द बोला, जो संवैधानिक रूप से अपराध है। थाना प्रभारी के द्वारा कई लोगों पर बेवजह प्राथमिक दर्ज किया गया है, जिससे आम लोग काफी परेशान और भयग्रस्त है। जयनगर थाना प्रभारी लोगों से कहते हैं कि मैं किसी भी सांसद और विधायक नहीं डरता हूं। यहां के विधायक अमित कुमार यादव ने मेरे खिलाफ विधानसभा सत्र में आवाज उठाकर क्या किया। किसी से डरने वाले नहीं हैं। आप नेता महेश कुमार यादव ने पुलिस अधीक्षक कोडरमा से आग्रह करते हुए कहा कि लोगों के साथ ऐसे दुर्व्यवहार करने वाले थाना प्रभारी को जयनगर थाना से अविलंब हटाया जाए । अगर थाना प्रभारी को नहीं हटाया गया तो क्षेत्र के लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### आजसू ने धरती आबा की 123 वी पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाया

**बेरमो :** आजसू पार्टी फुसरो नगर समिती के द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी कि 123 वाँ पुण्यतिथि शहादत दिवस के रूप में मनाया गया ।दतिया धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की 123 वीं पुण्यतिथि शहादत के रुप मे फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में मनाया गया ।सर्वप्रथम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सांसद प्रतिनिधि सह युवा नेता दीपक महतो जी ने कहा बिरसा मुंडा की गणना महान क्रांतिकारी और देशभक्तों में की जाती है। भारतीय इतिहास में बिरसा मुंडा एक ऐसे नायक रहे, जिन्होंने अपने क्रांतिकारी चिंतन से 19वीं शताब्दी की शुरूआत में ना सिर्फ झारखंड बल्कि देश में बसने वाले आदिवासी समाज की दशा और दिशा बदलकर नये सामाजिक और राजनीतिक युग की नींव रखी। अंग्रेजी सरकार के काले कानूनों को चुनौती देकर बर्बर ब्रिटिश साम्राज्य को सांसत में डाल दिया। 15 नवंबर 1875 को खूंटी के उलिहातू में पिता सुगना मुंडा और करमी मुंडा के घर जन्मे बिरसा मुंडा ने साहस की स्याही से पुरुषार्थ के पृष्ठ पर शौर्य की शब्दावली रच डाली ।जिस धरती आबा को सामने रखकर झारखण्ड का गठन किया गया, उसके पीछे के संघर्ष और उद्देश्य को नि?त रुप से स्थापित करना हमारा लक्ष्य है। नगर अध्यक्ष महेश देशमुख जी ने कहा बिरसा मुंडा जी की जीवनी से हमें सीख लेने की जरूरत है। बिरसा मुंडा जी का जीवन बहुत ही संघर्षमय रहा था। उन्होंने समाज के लिए सराहनीय कार्य करते हुए अपना बलिदान दिया। उन्होंने आदिवासी समाज का हमेशा सहयोग करते थे। बिरसा मुंडा का मुख्य उद्देश्य जल, जमीन व जंगल का बचाव करना था। झारखंड की आजादी के लिए उनका प्रयास सराहनीय है, जिसे हम कभी भूल नहीं सकते। सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान जी ने कहा भारत की सांस्कृतिक आध्यात्मिक संवेदनाओं को सहेजने में जन जातीय समाज का उल्लेखनीय योगदान है ।जनजाति बंधु भगिनियों को स्वतंत्रता आंदोलन में सहभागिता हेतु अभिप्रेरित करने वाले महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा थे। सांसद प्रतिनिधि सह अ्नह्य२२ नेता नरेश प्रसाद महतो जी ने कहा धरती आबा को सामने रखकर झारखण्ड का गठन किया गया, उसके पीछे के संघर्ष और उद्देश्य को निश्चित रुप से स्थापित करना है ।मौके पर यूवा नेता सह सांसद प्रतिनिधी दीपक महतो, सांसद प्रतीनिधी सह यूनियन नेता नरेश प्रसाद महतो, बबलू महतो, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान, नगर उपाध्यक्ष रिंकू महतो,छात्रसंघ अध्यक्ष पप्पू सिंह, उपाध्यक्ष विवकी महतो, राज कुमार गिरि अमर शर्मा, सुरेन्द्र महतो एवं आजसू पार्टी के सभी कार्यकर्ता शामिल हुए।

### खनन टास्क फोर्स के साथ लगातार की गई बैठक व अवैध कारोबार पर की गई कार्रवाई का दिखा असर

**पाकुड़ :** उपायुक्त श्री वरुण रंजन द्वारा जिला टास्क फोर्स की लगातार की गई बैठक व अवैध कारोबार पर लगातार की गई कार्रवाई खनन उद्योग के क्षेत्र में बेहतर परिणाम दिया है। खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में राजस्व वसूली में बेहतर प्रदर्शन करते हुए राज्य में छट्ठा स्थान प्राप्त किया। वहीं सिर्फ पत्थर उद्योग की बात करें तो राजस्व वसूली में राज्य में दूसरे स्थान पर रही। वित्तीय वर्ष 2022-23 में खनन विभाग को राजस्व वसूली के लिए 521.25 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। जिसके विरूद्ध खनन विभाग द्वारा 5713.49 करोड़ की राजस्व की वसूली की है। वहीं वर्तमान वित्त वर्ष 2023-24 में खनन विभाग को 75975 करोड़ रुपए लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके एवज में खनन विभाग ने मई 2023 तक 12065.31 करोड़ रुपए के राजस्व वसूली कर चुकी है। उपायुक्त के निर्देश पर लगातार अवैध उत्खनन व परिवहन के किए गए कार्रवाई के कारण वर्तमान वित्तीय वर्ष में लक्ष्य के विरुद्ध खनन विभाग द्वारा अधिक वसूली करने में सफलता पाई है। उपायुक्त ने जिले के विभिन्न स्थानों में स्वयं उपस्थित होकर अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ कार्रवाई की है। इस वर्ष अप्रैल व मई सिर्फ दो माह में खनन विभाग ने अवैध पत्थर परिवहन मामले में 27 वाहनों को जब्त किया है। वहीं सात के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। इसके अलावा अवैध तरीके से बालू परिवहन मामले में 36 वाहनों को जब्त किया गया है। वहीं आठ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं। वहीं दो क्रशर पर भी कार्यवाई की गई है। इसके अलावा अवैध भंडारण मामले में 16.03 लाख रुपए का जुमार्ना भी वसूला गया है।

## न्यूज फटाफट

### सेमीफाइनल में मेजबान जापान से भिड़ेगा भारत



**काकामिगहारा :** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम जब शनिवार को महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में मेजबान जापान का सामना करेगी, तो उसकी निगाहें फाइनल में पहुंचकर खिताब जीतने पर जमी होंगी। उल्लेखनीय है कि जूनियर एशिया कप की शीर्ष तीन टीमें जूनियर महिला विश्व कप 2023 के लिये भी क्वालीफाई कर लेंगी। अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही भारतीय टीम अगर सेमीफाइनल में जापान को हरा देती है तो वह विश्व कप का टिकट भी कटा लेगी। जापान से हार मिलने पर उसे विश्व कप में पहुंचने के लिये दूसरा सेमीफाइनल हारने वाली टीम से मुकाबला करना होगा। भारत की कप्तान प्रीति ने मुकाबले से पहले आत्मविश्वास जाहिर करते हुए कहा, ''एशिया की अग्रणी टीमों में से एक के रूप में हमारे लिये एशिया कप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करना महत्वपूर्ण है। हमारा अब तक का प्रदर्शन सराहनीय रहा है और हमारा लक्ष्य इसे बनाये रखना है।'' उन्होंने कहा, ''इसके अलावा, हमारा लक्ष्य एफआईएच जूनियर हॉकी महिला विश्व कप 2023 के लिये क्वालीफाई करना है और हम इसे हासिल करने से सिर्फ एक जीत दूर हैं, इसलिए टीम जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।'' उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने पूल चरण के दौरान अपने वर्चस्व का प्रदर्शन किया। उन्होंने उज्बेकिस्तान के खिलाफ 22-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, जबकि मलेशिया पर 2-1 से जीत दर्ज की। कोरिया के खिलाफ 2-2 से रोमांचक ड्रा खेलने के बाद भारतीय लड़कियों ने चीनी ताइपे को 11-0 से रौंदकर पूल-ए का समापन शीर्ष पर रहकर किया। दूसरी ओर, जापान ने भी हांगकांग (23-0) और इंडोनेशिया (21-0) के खिलाफ उल्लेखनीय जीत के साथ पूरे टूर्नामेंट में मजबूत फॉर्म का प्रदर्शन किया है। चीन से 0-1 से हारने के बावजूद उन्होंने कजाकिस्तान को 8-0 से हराकर पूल बी में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रीति की पलटन इस मजबूत टीम की चुनौती का सामना शनिवार को भारतीय समयानुसार रात 09:30 बजे करेगी।

### फ्रेंच ओपन : फाइनल में भिड़ेंगी स्वियातेक, मुकोवा



**पेरिस :** शीर्ष वरीयता प्राप्त पोलैंड की इगा स्वियातेक और चेक गणराज्य की कैरोलीना मुकोवा शनिवार को यहां फ्रेंच ओपन के फाइनल में यहां कोर्ट फिलिप चैट्रियर पर आमने-सामने होंगी। गत चैंपियन और विश्व नंबर एक स्वियातेक ने फाइनल में जगह बनाने के लिये गुरुवार को सेमीफाइनल मुकाबले में ब्राज़ील की बीट्रिज़ हद्दाद मैया को 6-2, 7-6(7) से मात दी। इससे पूर्व, गैर वरीयता प्राप्त मुकोवा ने सेमीफाइनल में विश्व नंबर दो एरिना सबालेंका को 7-6(5), 6-7(5), 7-5 से हराया था। स्वियातेक अब अपने चौथे ग्रैंड स्लैम और तीसरे रोलां गैरो खिताब के लिये मुकोवा का सामना करेंगी। भारतीय समयानुसार आधी रात के बाद समाप्त हुए सेमीफाइनल में हद्दाद मैया ने उन्हें कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह स्वियातेक की चुनौती को पार नहीं कर सकीं। स्वियातेक ने अपने चित-परिचित अंदाज़ में पहला सेट आसानी से जीत लिया, लेकिन रोलां गैरो के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली ब्राज़ीलियन महिला हद्दाद मैया ने दूसरे सेट में बखूबी दमखम दिखाया। उन्होंने इस सेट में 3-1 की बढ़त ले ली, लेकिन स्वियातेक ने संघर्ष करते हुए इस सेट को टाइब्रेक में पहुंचा दिया। टाइब्रेक में भी हद्दाद मैया के पास 6-5 की बढ़त थी, लेकिन उनका फोरहैंड शॉट नेट पर लगने के कारण स्वियातेक को वापसी का मौका मिला ।

**उपलब्धि** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी)

# रहाणे ने पूरे किये 5000 टेस्ट रन

▶▶ वह टेस्ट क्रिकेट में इस मुकाम तक पहुंचने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी हैं



एजेंसियां

**लंदन:** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जारी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के तीसरे दिन शुक्रवार को टेस्ट क्रिकेट में 5000 रन पूरे किये।

रहाणे ने भारतीय पारी के 55वें ओवर में कैमरन ग्रीन की गेंद पर दो रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। वह अपने टेस्ट करियर में 39.22 की औसत से 5020 रन बना चुके हैं, जिसमें 12 शतक और 26 अर्द्धशतक शामिल हैं। वह टेस्ट क्रिकेट में इस मुकाम तक पहुंचने वाले 13वें भारतीय खिलाड़ी हैं।

गौरतलब है कि रहाणे को खराब प्रदर्शन के कारण जनवरी 2022 में भारत की टेस्ट टीम से बाहर कर दिया गया था। युवा बल्लेबाज श्रेयस अय्यर कमर की समस्या के कारण अप्रैल में टीम से बाहर हो गये थे, जिसके बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये रहाणे को तलब किया गया।

रहाणे जब बल्लेबाजी करने उतरे तब भारत 50 रन पर तीन विकेट गंवा चुका था। उन्होंने विराट कोहली (14) और रवींद्र जडेजा (48) के आउट होने के बावजूद संघर्ष जारी रखा और शार्दुल ठाकुर के साथ शतकीय साझेदारी करके भारत को संभाला। तीसरे दिन पहला सत्र खत्म होने तक रहाणे ने 122 गेंदों पर 89 रन बना लिये हैं, जबकि भारत का स्कोर 260/6 है। रहाणे के साथ शार्दुल (36 नाबाद) क्रीज़ पर मौजूद हैं और भारत ऑस्ट्रेलिया से अब भी 209 रन पीछे है।

### हॉटस्टार पर मुफ्त प्रसारित होगा एकदिवसीय विश्व कप

मुंबई : सितंबर में होने वाला एशिया कप और अक्टूबर-नवंबर में होने वाला आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप मोबाइल फोन उपयोगकर्ताओं के लिये हॉटस्टार पर मुफ्त में प्रसारित किया जायेगा। डिज़्नी हॉटस्टार ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। डिज़्नी हॉटस्टार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि दोनों आयोजनों को मोबाइल दर्शकों के लिये मुफ्त करने का उद्देश्य क्रिकेट के खेल को और अधिक लोकतांत्रित करना है और इस अवधि के लिए भारत में अधिक से अधिक मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिये प्रसारण को सुलभ बनाना है। डिज़्नी हॉटस्टार के प्रमुख सजित शिवनंदन ने कहा, '' डिज्नी हॉटस्टार भारत में तेजी से विकसित हो रहे ओटीटी उद्योग में सबसे आगे रहा है। दर्शकों के अनुभव को बेहतर करने के लिये हमने जो विभिन्न नयी योजनाएं पेश की हैं, उससे हमें पूरे क्षेत्र में अपने दर्शकों को खुश करने में मदद मिली है। हमारा मानना है कि एशिया कप और विश्व कप को व्यापक दर्शकों के लिये उपलब्ध कराने से हमें समग्र तंत्र को विकसित करने में मदद मिलेगी।'' डिज़्नी हॉटस्टार हाल ही में एशिया कप 2022, टी20 विश्व कप 2022 और महिला टी20 विश्व कप 2023 सहित कई आयोजनों का सफल प्रसारण कर चुका है। हाल ही में संपन्न भारत बनाम श्रीलंका, भारत बनाम न्यूजीलैंड और भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया सीरीज भी हॉटस्टार पर प्रसारित हुई थी।

## स्पेशल ओलंपिक में देश का गौरव बढ़ाएंगे एथलीट : ठाकुर

एजेंसियां



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने 2023 स्पेशल ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के लिये भारतीय टीम को विदा करते हुए विश्वास जताया है कि भारतीय एथलीट ज़रूर देश का गौरव बढ़ाएंगे। स्पेशल ओलंपिक भारत ने बर्लिन में होने वाले खेलों में हिस्सा लेने के लिये 255-सदस्यीय भारतीय दल को रवाना करने से पहले गुरुवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में विदाई समारोह आयोजित किया। भारतीय दल में शामिल खिलाड़ियों के लिये एक मशाल रिले का आयोजन भी किया गया, जो 26 मई को दिल्ली में शुरू होकर पूरे भारत का दौरा करते हुए दिल्ली में ही समाप्त हुई।विदाई समारोह में श्री ठाकुर मशाल रिले के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री ठाकुर ने एथलीटों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, मैं स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष डॉ मल्लिका नड्डा को वर्षों से उनके जबरदस्त काम के लिये बधाई देता हूं। उनके प्रयासों के कारण हम 198 एथलीट और 57 कोच एवं एकीकृत भागीदारों का भारतीय दल बर्लिन भेजने में सक्षम हैं। मुझे विश्वास है कि ये एथलीट देश को गौरवान्वित करेंगे। उन्होंने कहा, हमने पिछले कुछ वर्षों में खेलों में जोरदार विकास देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने बीते कुछ सालो में बुनियादी ढांचे को लेकर भी विकास देखा है। एथलीटों की संख्या बढ़ी है और साथ ही पदकों की भी। अब हमारे एथलीट प्रमुख आयोजनों में पदक जीत रहे हैं। हम स्पेशल ओलंपिक विश्व खेलों में भी इस कारनामे को जारी रखेंगे। इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं स्पेशल ओलंपिक भारत के सद्भावना राजदूत युवराज सिंह भी उपस्थित रहे। युवराज ने एथलीटों को प्रेरित करते हुए कहा, देश के लिये हर बच्चा खास होता है। ये सभी एथलीट वास्तव में हम सभी के लिये खास हैं। आप बर्लिन में हमारे देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। एक खिलाड़ी के लिये देश का प्रतिनिधित्व करने से बड़ा सम्मान और गर्व की बात नहीं है। हम आपको शुभकामनाएं देते हैं कि आप बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और देश को गौरवान्वित करें। भारतीय टीम 17 से 25 जून तक जर्मनी के बर्लिन में होने वाले स्पेशल ओलंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के लिये 12 जून को रवाना होगी। भारतीय एथलीट 16 खेलों में हिस्सा लेंगे। स्पेशल ओलंपिक खेल दुनिया का सबसे बड़ा समावेशी खेल आयोजन है।

### पारिवारिक रैली रेंजर ओडिसी 10 जून से




नयी दिल्ली : वैश्विक टायर निर्माता जेके टायर द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित पारिवारिक रैली ह्यरेंजर ओडिसीह्व की शुरुआत 10 जून को कोयंबटूर में होगी। रैली की शुरुआत कोयंबटूर के वेलकम होटल से होगी और प्रतिस्पर्धी शहर की सड़कों पर 70 किमी का सफर तय करने के बाद शहर में स्थित ली मेरेडियन होटल पर रेस समाप्त करेंगे। यह रैली टाइम, स्पीड, डिस्टेंस (टीएसडी) प्रारूप में आयोजित होगी। इस प्रारूप के तहत चालकों को एक निर्धारित रास्ते पर चलते हुए उचित रफ्तार बरकरार रखनी होगी। आयोजकों ने गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह आयोजन पुणे, हैदराबाद, कोचिन, चंडीगढ़ और गुरुग्राम में भी किया जायेगा। जेके टायर के विक्रय एवं विपणन निदेशक श्रीनिवासु अल्लाफान ने रेंजर ओडिसी की घोषणा के मौके पर कहा, रेंजर ओडिसी रोमांच के सार को समाहित करता है और प्रतिभागियों को एक असाधारण यात्रा शुरू करने के लिये आमंत्रित करता है।

चैंपियन ट्रॉफी और टी20 वर्ल्ड कप को लेकर पीबीसी को लगा बड़ा झटका

## आईसीसी ने लिया इस कारण लिया संज्ञान

एजेंसियां



**नई दिल्ली:** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 को लेकर लगातार विवाद चल रहा है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ये धमकी भी दी है कि वो भारत में विश्व कप खेलने नहीं आएगा। ऐसे में माना जा रहा है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी इंग्लैंड को सौंपी जा सकती है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा कई टूनार्मेंट का आयोजन आने वाले वर्षों में किया जाना है। इन आयोजनों में चैंपियंस ट्रॉफी और टी20 विश्व कप का आयोजन भी शामिल है। इन दोनों टूनार्मेंट का आयोजन पाकिस्तान में किया जाना है। इस संबंध में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को बड़ा झटका लगा है।दरअसल भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप 2023 को लेकर लगातार विवाद चल रहा है। इसी बीच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ये धमकी भी दी है कि वो भारत में विश्व कप खेलने नहीं आएगा। पाकिस्तान के इस व्यवहार से नाराज होकर अब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 का आयोजन अब काउंसिल किसी अन्य देश को सौंप सकती है। यानी दोनों ही अहम टूनार्मेंट का वेन्यू बदले जाने की संभावना काफी अधिक है। माना जा रहा है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 की मेजबानी इंग्लैंड को सौंपी जा सकती है। वहीं आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान की जगह संयुक्त राष्ट्र अमेरिका को सौंपी जा सकती है। हालांकि इस संबंध में अब तक कोई आधिकारिक बयान सामने आईसीसी की तरफ से नहीं आया है। हालांकि आईसीसी इस संबंध में जल्द ही फैसला ले सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 की मेजबानी इंग्लैंड को सौंपने के इच्छुक है।

## 'जरा हटके जरा बचके' ने पहले सप्ताह में 37 करोड़ की कमाई की



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके ने अपने पहले सप्ताह में 37 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। सारा अली खान और विक्की कौशल की फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' 02 जून को प्रदर्शित हुयी थी। फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' ने अपने पहले वीकेंड के दौरान करीब 23 करोड़ की कमाई की थी। फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' दर्शकों को पसंद आ रही है। 'जरा हटके जरा बचके' में सारा और विक्की की केमिस्ट्री को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। 'जरा हटके जरा बचके' ने अपने पहले सप्ताह के दौरान 37 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म 'जरा हटके जरा बचके' की कहानी इंदौर में सेट की गई है। यह दो कॉलेज लवर्स कपिल (विक्की कौशल) और सौम्या (सारा अली खान) की कहानी है, जो एक-दूसरे के प्यार में पागल हैं। दोनों शादी कर लेते हैं लेकिन शादी के बाद उन्हें रोमांस करने के लिए भी प्राइवेसी नहीं मिलती। ऐसे में अपने परिवार से दूर होने के लिए, कपिल और सौम्या भारत सरकार की आवास योजना के जरिए अपने घर का सपना पूरा करने की कोशिश करते हैं। हालांकि घर पाने का सफर उनके लिए आसान नहीं होता है। फिल्म 'जरा हटके ज़रा बचके'का निर्देशन लक्ष्मण उटेकर ने किया है। यह फिल्म मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज द्वारा निर्मित है।

## रूस में 13 जुलाई को रिलीज होगी पठान



फिल्म 'पठान' रूस में रिलीज होने के साथ ही सीआईएस देशों में भी रिलीज की जाएगी। फिल्म पठान 3000 से ज्यादा स्क्रीन्स पर रूस और सीआईएस देशों में रिलीज होने वाली है। फिल्म 'पठान' 13 जुलाई को रिलीज होगी। सीआईएस देशों में आर्मेनिया, अजरबैजान, बेलारूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, मोल्दोवा, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उजबेकिस्तान जैसे देश आते हैं।

एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म पठान रूस में 13 जुलाई को रिलीज होगी। शाहरुख खान की फिल्म 'पठान' 25 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन बनी फिल्म 'पठान' में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। फिल्म 'पठान' ने भारत में 500 करोड़ रुपये से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 1000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की थी। फिल्म 'पठान' को अब रूस में रिलीज किया जायेगा।

## सुधा चंद्रन ने तेरे वास्ते गाना पर किया डांस



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री और डांसर सुधा चंद्रन ने उन्हें फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्व के गाने ह्यतेरे वास्तेह्व पर थिरकते हुए देखा जा सकता है। इस गाने पर कई रील वीडियो बनाए गए हैं। इसके चलते यह गाना काफी ट्रेंड हो रहा है। अब सुधा चंद्रन ने इस गाने पर एक डांस वीडियो बनाया है। सुधा चंद्रन ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा है, ह्यजरा हटके जरा बचके, क्या फिल्म है। साफ सुथरी फैमिली ड्रामा। हर कलाकार ने कमाल की एक्टिंग की है। एक गाना जो अभी ट्रेंड में है, तो मैं कैसे पीछे रह सकती हूं। फिल्म ह्यजरा हटके जरा बचकेह्व ट्रेंडिंग सॉन्ग ह्यतेरे वास्तेह्व पर डांस किया है। सुधा चंद्रन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें

## 'मर्यादा सात फेरों की' में नजर आएंगे यश कुमार

एजेंसियां



**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता यश कुमार फिल्म 'मर्यादा सात फेरों की' में नजर आयेंगे। मर्यादा सात फेरों की की शूटिंग इन दिनों उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में चल रही है। इस फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। मर्यादा सात फेरों की के निर्माता कुणाल किशोर और निर्देशक विष्णु शंकर बेलु हैं। फिल्म 'मर्यादा सात फेरों की' को लेकर यश कुमार एक पोस्ट अपने फेसबुक पेज पर शेयर किया है। उन्होंने कहा कि फिल्म 'मर्यादा सात फेरों की' बेजोड़ पटकथा वाली फिल्म है। यह फिल्म हर दर्शक वर्ग के लिए अति महत्वपूर्ण है। इसमें मनोरंजन का संसार तो दर्शकों को मिलेगा ही, साथ में त्याग और समर्पण का मिसाल भी आकर्षण का केंद्र होने वाला है। फिल्म में गाने लाजवाब हैं। डायलॉग दिल छूने वाले हैं। स्क्रीन प्ले एक मनोरम यात्रा पर ले जाने वाली है। भले हम अभी इस फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, लेकिन अब के अनुभव से कह सकते हैं हम लोग एक अलग ही तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं।

### 'लस्ट स्टोरीज 2' को लेकर उत्साहित हैं विजय वर्मा



एजेंसियां

**मुंबई :** बॉलवुड अभिनेता विजय वर्मा अपनी आने वाली फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 को लेकर उत्साहित हैं। विजय वर्मा ने सोनाक्षी सिन्हा के साथ वेब सीरीज दहाड़ और आलिया भट्ट से साथ फिल्म 'डार्लिंग्स' में काम किया है। विजय वर्मा अपनी आने वाली फिल्म 'लस्ट स्टोरीज़ 2' को लेकर चर्चा में हैं। विजय वर्मा से एक फैन ने 'लस्ट स्टोरीज़ 2' में अच्छा रोल प्ले करने की रिक्वेस्ट ही है, जिसका जवाब देते हुए विजय वर्मा ने ट्वीट किया और कहा है कि वो अब तक का सबसे क्यूट रोल प्ले कर रहे हैं। इस पर लस्ट स्टोरीज 2 के निर्देशक सुजॉय घोष ने ट्वीट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है।

राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2 | रांची शनिवार | 12
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com
10:06:2023

## भगवान बिरसा मुंडा को दी गई श्रद्धांजलि

रांची: आज बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में धुमकुड़िया घर में भगवान बिरसा मुंडा के पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि भगवान वीर बिरसा मुंडा ने अंग्रेजों के शोषण से वन संपदा और आदिवासी समुदाय की संस्कृति की रक्षा के लिए अनवरत संघर्ष किया।

**मौसम** 12 जून के पहले राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं

# गोड्डा का तापमान 44.6 डिग्री सेल्सियस, चल रही लू से लोग बेहाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** तेज धूप और लू से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। शुक्रवार को राजधानी रांची समेत अन्य जिलों में भीषण गर्मी का एहसास किया गया। जहां लोगों को तेज धूप तो परेशान कर ही रही है। वहीं, गर्म हवाओं का असर लोगों को बेहाल कर रही है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले चार दिनों तक लोगों को गर्मी से कोई राहत नहीं मिलने वाली है। इस दौरान राज्य के अधिकतम जिलों का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया जायेगा। साथ ही लू का असर भी देखा जायेगा।शुक्रवार को गोड्डा जिले का तापमान सबसे अधिक दर्ज किया गया।

सुबह दस बजे 44.6 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। इसके बाद देवघर का तापमान 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। पलामू 42.6 डिग्री सेल्सियस, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, साहेबगंज में तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची का तापमान इस दौरान 39.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।12 जून के पहले राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं है। 11 जून तक राज्य का मौसम साफ रहेगा। हालांकि इस दौरान कुछ जिलों में आंशिक बादल छाये रहेंगे। लेकिन लोगों को गर्मी उमस से राहत नही मिलने वाली।

विभाग की मानें तो 11 जून तक राज्य के पूर्वी और मध्य क्षेत्र में लू का असर देखा जायेगा। लू से मुख्य रूप से दुमका, पाकुड़, गिरिडीह, धनबाद, जामताड़ा, बोकारो, रांची, गुमला, हजारीबाग, खूंटी आदि जिलों में लू का असर देखा जायेगा। विभाग की मानें तो 11 जून से राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है। वहीं, 12 जून से पूर्वी दक्षिणी और मध्या इलाकें बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। इसमें मुख्य रूप से दुमका, गिरिडीह, पाकुउ, गोड्डा, साहेबगंज, बोकारो, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम आदि जिला शामिल है।बीते गुरूवार मॉनसून ने केरल में दस्तक दी है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने तेजी से मॉनसून के बढ़ने की जानकारी दी है। विभाग का अनुमान है कि 15 जून तक मॉनसून गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार तक पहुंच जायेगा।

## रांची स्मार्ट सिटी निर्माण में प्रभावित विस्थापित परिवारों को भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**राज्य सरकार विस्थापन से पहले पुनर्वास की नीति को लेकर दृढ संकल्पित है। इसी क्रम में आज नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार के अंतर्गत रांची स्मार्ट सिटी निर्माण में प्रभावित व्यक्तियों/विस्थापित परिवारों को पुनर्वास अन्तर्गत भूमि बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। उपायुक्त सभागार में सचिव, नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग विनय चौबे की उपस्थिति में 25 प्रभावित/विस्थापित परिवारों में से 22 को पर्चा वितरण किया गया। इस दौरान निदेशक सूडा, अमित कुमार, उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्त्ता रांची राजेश बरवार, अंचल अधिकारी, नामकुम, महाप्रबंधक स्मार्ट सिटी राकेश कुमार नंद कियोलयर समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग के सचिव विनय चौबे ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी को विस्थापित करने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था की गयी है। 25 प्रभावितों को मकान बनाने के लिए 10-10 डिसिमल जमीन का पट्टा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी प्रभावितों को अंबेडकर योजना की तर्ज पर जुडको लिमिटेड के सीएसआर फंड से आवास का निर्माण कराया जाएगा। इस पर प्रति आवास ?130000 खर्च होंगे। इस पर सभी ने एक स्वर पर घर बनाकर दिये जाने की बात कही। मकान पट्टा पाकर प्रभावित/विस्थापित परिवार काफी खुश नजर आये। सभी ने राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। घर टूटने के बाद डेविड आईन्द की शादी रुक गयी थी और आज पट्टा मिलने के बाद उनकी शादी पक्की हो गयी। डेविड और उनकी होनेवाली पत्नी हलयानी भुईंया ने माननीय मुख्यमंत्री को जमीन का पट्टा दिये जाने पर धन्यवाद दिया। अन्य प्रभावितों ने कहा कि आज उन्हें मकान का पट्टा मिला है, आगे वो सरकार की सहायता से अपना अशियाना बनायेंगे।

## बाजार टांड़ का स्थायी समाधान जरूरी, चैंबर ने नगर आयुक्त से की वार्ता

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स प्रतिनिधि मंडल ने नगर आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान बाजार टांड़ स्थित निगम द्वारा आवंटित दुकानों के किराया विवाद के स्थायी समाधान पर चर्चा की गयी। प्रतिनिधियों ने बताया कि रांची नगर निगम द्वारा बाजार टांड़ (अपर बाजार) में आवंटित दुकानों में अतिरिक्त संरचना निर्माण के कारण किराया, ब्याज और उस पर जुमार्ना की राशि जुड़ते-जुड़ते वर्तमान में काफी अत्यधिक हो गयी है। जिस कारण यह विषय और भी जटिल हो गया है। लाइसेंसधारी के निधन के बाद या परिवार के सदस्य के अलग होने की स्थिति में दुकान के नाम हस्तांतरण के साथ ही दुकानदारों की अन्य कठिनाइयां भी हैं। जिसकी समीक्षा आवश्यक है। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि वर्षों से चले आ रहे इस विवादित मामले के स्थाई समाधान जरूरी है। निगम द्वारा किराया समाधान के रूप में लोकप्रिय योजना लाकर दुकानों का किराया रेगुलराइज कर दिया जाये। निगम के इस प्रयास से एक ओर जहां निगम को अधिकाधिक राजस्व की प्राप्ति होगी। वहीं दुकानदारों को भी मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी।चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर नगर आयुक्त शशि रंजन ने इसी माह इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए आश्वस्त किया। यह कहा कि दुकानदारों के हित में विधिसम्मत निर्णय लिया जायेगा। प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष के अलावा उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार और शैलेष अग्रवाल शामिल थे।

### युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

रांची : राजधानी के पुंदाग ओपी क्षेत्र में रहने वाली 22 वर्षीय श्वेता ने आत्महत्या कर ली। परिवार वालों की सूचना पर पुंदाग पुलिस मौके पर पहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में मृतक श्वेता की बहन शिल्पा ने बताया है कि अपनी कम लंबाई को लेकर श्वेता बेहद परेशान रहा करती थी, परिवार वालों ने इसे लेकर श्वेता को कई बार समझाया भी था कि हाइट को लेकर वह ज्यादा परेशान ना हो। लाख समझाने के बाद जो श्वेता के मन में अपनी कम लंबाई को लेकर हीन भावना भर गई थी, वह डिप्रेशन में चली गई थी। श्वेता के परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया है कि श्वेता की शादी को लेकर माता-पिता कई जगह लड़का देखने के लिए आ जा रहे थे लेकिन हर जगह पर श्वेता के हाइट को लेकर ही शादी की बात टल जा रही थी।

## रांची डीसी ने किया रजिस्ट्री कार्यालय का निरीक्षण किया

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** उपायुक्त रांची सह जिला निबंधक रांची राहुल कुमार सिन्हा ने अवर निबंधन कार्यालय, शहरी क्षेत्र स।-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, अवर निबंधन कार्यालय, ग्रामीण क्षेत्र, रांची, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स।-2 डोरंडा प्रक्षेत्र रांची का निरीक्षण किया। निरीक्षण क्रम में अपर समाहर्ता रांची, राजेश कुमार बरवार, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स।-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, रूपेश कुमार सिन्हा एवं अवर निबंधक ग्रामीण क्षेत्र, रांची, मिहिर कुमार, अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स।-2 डोरंडा प्रक्षेत्र, रांची, ओलिवा एक्का एवं संबंधित अधिकारी शामिल थे।उपायुक्त ने अवर निबंधक शहरी क्षेत्र स।-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, रूपेश कुमार सिन्हा से निरीक्षण क्रम में पूरी जानकारी ली। उपायुक्त ने कार्यालय के संघारित सभी संचिकाओं की जाँच एवं भू-अर्जन संबंधित सूची की जांच की गयी। जिसमें उनके द्वारा संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि जिस मौजे में भू-अर्जन की कार्रवाई की जा रही है उस मौजे की जमीन का निबंधन स्थल जांच के उपरांत करने को कहा। उपायुक्त ने सबसे पहले अवर निबंधन कार्यालय, शहरी क्षेत्र स।-3, कांके प्रक्षेत्र रांची, निरीक्षण किया। जहाँ उन्होंने अवर निबंधक से पूरी विस्तृत जानकारी ली। यहां निबंधन कराने आये लोगों से मिल कर उनकी समस्या पूछी। तथा उनकी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि निबंधन कराने आये लोगों के बैठने की व्यवस्था एवं उनकी सुविधा को सुदृढ कराना सुनिश्चित करें। उपायुक्त रांची, निबंधन वेबसाइट में निबंधन की प्रक्रिया एवं प्रतिबंधित जमीन की सूची से अवगत हुए। संबंधित अधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि सभी कार्य सुचारू रूप से संपादित हो रहें हैं। जिसपर उपायुक्त रांची ने पूरी प्रक्रिया को खुद बारीकी से देखते हुए इसपर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त रांची, द्वारा कार्यालय के आस-पास की भूमि को विकसित करने की बात की तथा कार्यालय मरम्मति के लिए विभाग को पत्राचार करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया।

### आरोपी को पुलिस ने ओडिशा से किया गिरफ्तार

रांची : जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित एसबीआई बैंक के पास से बीते नौ जनवरी को पांच लाख रुपये की लूट हुई थी। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर पुलिस ने इस लूट की घटना में शामिल अनिल को ओडिशा के गंजम से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी के पास से लूट के दो लाख भी बरामद किये गये हैं। बीते नौ जनवरी को नामकुम चौक स्थित स्टेट बैंक के सामने से बाइक सवार अपराधी महिला से पांच लाख लूटकर फरार हो गये थे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुटी हुई थी। पांच महीने के बाद पुलिस ने टेक्निकल टीम की मदद से लूट कांड के एक अपराधी अनिल को ओडिशा के गंजम से गिरफ्तार किया गया है।

## पेयजलापूर्ति योजनाओं के काम में तेजी लायें : सचिव

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** रांची में लगभग नये 2.20 लाख आवासों तक पानी पहुंचाने के काम को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव विनय कुमार चौबे ने गंभीरता दिखायी है। इसके आलावा शहर के सिवरेज ड्रेनेज का डीपीआर जल्द बनवा कर काम शुरू करने का निर्देश जुडको के अधिकारियों को दिया है। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित कार्यालय में 9 जून को लंबित कार्यों की समीक्षा के क्रम में श्री चौबे ने यह निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने में किसी साईट पर अड़चन आ रही हो तो अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर हरहाल में पेयजलापूर्ति की योजनायें पूरी कर आम लोगों को राहत पहुंचाने का काम किया जाये। सचिव ने निर्देश दिया की शहर कि सिवरेज ड्रेनेज शुरू करने के लिए विस्तृत कार्य प्रतिवेदन (डीपीआर ) शीघ्र बनवा कर कार्य आरंभ कराया जाये। इसके लिए संस्था एनजेएस को डीपीआर बनाने के लिए परामर्शी नियुक्त किया गया है। इस कार्य को चार जोन में बांटा गया है। जोन एक का कम रांची नगर निगम द्वारा कराया जा रहा है जबकि शेष तीन जोन का काम जुडको कर रहा है।श्री चौबे ने अलबर्ट एक्का चौक से चडरी होते हुए कचहरी चौक और राजकीय पुस्तकालय वाली सड़क को शामिल करते हुए चौड़ीकारण और सुंदरीकरण का काम ससमय शुरू करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही न्यू मार्केट के विकास एवं सुंदरीकरण का कार्य जल्द आरंभ कराने के लिए कहा। सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि अगले रामनवमी तक हर हाल में निवारणपुर स्थित तपोवन मंदिर और उसके आसपास के विकास के कार्य को अवश्य पूरा कर लिया जाये।सचिव ने निर्देश दिया कि जून 24 तक धनबाद पेयजलापूर्ति योजना से जलापूर्ति शुरू करा दी जाये। इस योजना से लगभग एक लाख से अधिक घरों को पानी मिल पायेगा। आदित्यपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण का काम भी जून के अंत तक शुरू करा देने के लिए कहा। गढ़वा रिवर फ्रंट का काम भी जून तक शुरू करने का आदेश दिया। सचिव ने डोमचांच, धनवार, हरिहरगंज, महागामा, बड़हरवा, वंशीधर नगर, कपाली, बड़कीसरैया और छतरपुर नगर निकायों में पेयजलापूर्ति योजना पर शीघ्र कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया।

**पड़ताल** अमित अग्रवाल के लिए अगले 72 घंटे भारी

# ईडी रिमांड में जमीन घोटाले को लेकर होगी पूछताछ

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** कोलकाता के धनकुबेर माने जाने वाले कारोबारी अमित अग्रवाल से अगले 72 घंटे तक ईडी पूछताछ करेगी। ईडी की विशेष अदालत में अमित अग्रवाल से पूछताछ के लिए 3 दिनों का रिमांड मंजूर कर लिया है। रिमांड मिलने के बाद अमित अग्रवाल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से ईडी के जोनल कार्यालय लाया गया है। रांची में जमीन घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग केस में ईडी ने कोलकाता के धन कुबेर कारोबारी और झारखंड में सत्ता के पावर ब्रोकर अमित अग्रवाल को बुधवार को गिरफ्तार किया था। अमित अग्रवाल के साथ ही जमीन घोटाले के अन्य आरोपी दिलीप घोष को भी ईडी ने गिरफ्तार किया था। अमित अग्रवाल गिरफ्तारी के बाद उन्हें विशेष अदालत में गुरुवार को ही पेश किया गया, पेशी के बाद अमित अग्रवाल को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया गया था। पेशी के दौरान ही ईडी के तरफ से अमित अग्रवाल से पूछताछ के लिए 5 दिनों का रिमांड मांगी गयी थी। रिमांड के बिंदु पर शुक्रवार को अदालत में सुनवाई हुई जिसके बाद अदालत ने 3 दिनों की रिमांड मंजूर की है। शुक्रवार को रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से अमित अग्रवाल को ईडी के जोनल कार्यालय लाया गया। वहां उनकी पहले मेडिकल जांच करवायी गयी और फिर पूछताछ शुरू कर दी गई। गौरतलब है कि रांची में सेना जमीन की खरीद में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ ईडी को बेहद महत्वपूर्ण साक्ष्य मिले हैं। साक्ष्य के आधार पर अमित अग्रवाल से पूछताछ की जा रही है।

ईडी से मिली जानकारी के अनुसार अमित अग्रवाल ने अपने रिश्तेदार दिलीप घोष के नाम पर ही जगतबंधु टी एस्टेट कंपनी खोली थी। मनी लाउंड्रिंग और अवैध तरीके से अर्जित 4 करोड़ 69 लाख 80 हजार रुपये अमित अग्रवाल ने जगतबुध टी एस्टेट के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खाता 10060532973 में डलवाए थे। पैसे जगतबुध के खाते में डिपोजिट होने के तत्काल बाद मेसर्स राजेश ऑटो मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के खाते में डाले गए, ईडी ने जांच में पाया है कि अमित अग्रवाल के स्वामित्व वाली राजेश ऑटो में कुल 4 करोड़ 13 लाख 87 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। मनी लाउंड्रिंग के लिए जगतबंधु टी एस्टेट कंपनी और उसका बैंक खाता अमित अग्रवाल के ही पते पर खोला गया था। खातों को लेकर कई अहम जानकारियां भी ईडी जुटा चुकी है।

